CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 20°C
सेंसेक्स 81,148.22
निफ्टी 24,578.35
सोना 97,140
चांदी 97,900

लखनऊ, बुधवार 14 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 193 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## गाजा में नाकाबंदी: 57 बच्चों की भूख से मौत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## CBSE 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित
# लड़कियों ने फिर मारी बाजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें 10वीं में 93.60 प्रतिशत और 12वीं में 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की 10वीं और 12वीं दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। 12वीं में छात्राओं की सफलता दर 91.64 प्रतिशत रही, जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने 10वीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों -शेष पृष्ठ दो पर



**10वीं में 93.60%**
**12वीं में 88.39%**
**परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण**

■ 10वीं में परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत रहा अधिक

## न्यायमूर्ति गवई आज लेंगे 52वें सीजेआई की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बुधवार (आज) को उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय के इतिहास में यह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्णन के बाद अनुसूचित जाति समुदाय से न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। उनकी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के बाद हुई है। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। वह 23 नवम्बर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। वह प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं।



■ न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले होंगे दूसरे व्यक्ति

## शोपियां में सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मार गिराए हैं। भारतीय सेना ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को आतंकियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिलने के आधार पर शोकल केलर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा कि अभियान के दौरान, आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सुरक्षा बलों ने माकूल जवाब दिया। इस दौरान तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 13 मई 2025 को, शोकल केलर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना ने तलाश अभियान शुरू किया।

## विधायक रमाकांत यादव समेत 4 को तीन माह की सजा

**आजमगढ़।** उप्र में आजमगढ़ जिले की दीवानी न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वर्तमान बाहुबली विधायक व पूर्व सांसद रमाकांत यादव समेत चार अभियुक्तों को एक मामले में धारा 1423 आईपीसी के तहत तीन माह के कारावास एवं एक एक हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसी मामले में धारा 341 आईपीसी के तहत एक माह के कारावास एवं 300 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है । सिविल जज सीनियर डिवीजन एमपी एमएलए कोर्ट अनुपम त्रिपाठी ने मंगलवार को यह सजा सुनाई।

## एयर इंडिया व इंडिगो ने सुरक्षा कारणों से रद्द की कई उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश के मौजूदा हालात को देखते हुए विमानन कंपनी एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने मंगलवरा को उत्तर और पश्चिम भारत के कई शहरों के लिए अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया। एयर इंडिया ने जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानों को मंगलवार के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## अमेरिका खामखा चौधरी न बने
# कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे।

दरअसल, भारत के इस जवाब को जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों देशों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। 10 मई को ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत-पाक के बीच सीजफायर होने की जानकारी दी थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष की दखलंदाजी मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं है। लंबित मामला सिर्फ पीओके पर कब्जा करने का है। इसी पर ही बात होगी। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या हजार साल बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। जायसवाल ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। ट्रम्प ने 12 मई को दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से कहा कि अगर वे युद्धविराम पर सहमत होते हैं, तो अमेरिका उन्हें व्यापार में मदद करेगा। अगर नहीं मानते हैं, तो उनके साथ कोई व्यापार नहीं होगा। इसके बाद दोनों देश सीजफायर पर सहमत हो गए थे।



■ भारत की दो टूक, हम पाक के साथ आपस में मिल बैठकर निपटालेंगे मामला
■ पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा, विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के दो दावे नकारे

## दुनिया में हुई ऑपरेशन सिंदूर की गूंज, अबकी बार मिट्टी में मिला देंगे: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर उसकी ओर से किसी तरह का आतंकवादी या सैन्य दुस्साहस किया जाता है, तो भारत उसे मिट्टी में मिलाने में कसर नहीं छोड़ेगा। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर सैन्य कार्रवाई रोके जाने पर बनी सहमति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह सवेरे आदमपुर वायुसेना स्टेशन पहुंचे और वहां मौजूद वायुयोद्धाओं तथा अन्य जवानों से बातचीत की। पाकिस्तान ने इस वायु सेना स्टेशन पर लड़ाकू विमानों तथा ड्रोन से असफल हमले का प्रयास किया था। श्री मोदी ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस 400 के समक्ष जवानों को संबोधित कर पाकिस्तान के उस झूठ का भी पर्दाफाश कर दिया, जिसमें इस प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया गया था। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं के निरंतर भारत माता की जयघोष के नारों के बीच उनकी जमकर सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और गौरव की कहानी ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अब दुनिया भर में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन यदि मानवता पर हमला होता है, तो यह भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था, यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है यदि अब कोई आतंकी हमला होगा, तो भारत उसका पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्राइक के समय सबने देखा है और ऑपरेशन सिंदूर अब भारत का न्यू नॉर्मल है। हमने तीन सूत्र तय कर दिए हैं। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो हम अपने तरीके और शर्तों पर तथा अपने समय पर जवाब देंगे । दूसरा भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। भारत आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक -शेष पृष्ठ दो पर

**70 देशों को बताया ऑपरेशन का सूरतेहाल**



## सम्भल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सम्भल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया। हरि शंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन सम्भल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि सम्भल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी। वादी ने हरिहर मंदिर में प्रवेश के अधिकार की घोषणा की मांग की है। दीवानी अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एएसआई को एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था और मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाया था। न्यायालय ने सम्भल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट ने भारतीय एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई हलफनामा दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने आगे का समय दिया।


■ इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई पूरी

## खुलासा: पहलगाम हमले से पहले सैटेलाइट इमेज के ऑर्डर मिले थे

नई दिल्ली, वार्ता

**22 अप्रैल** को पहलगाम में आतंकी हमले से पहले इस इलाके की सैटेलाइट तस्वीरें ली गई थीं।

अमेरिका की स्पेस टेक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस को पहलगाम और उसके आस-पास के इलाकों की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरें देने के लिए बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिले थे। द प्रिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 से 22 फरवरी 2025 के बीच, मैक्सार टेक्नोलॉजीस को कम से कम 12 ऑर्डर मिले। यह सामान्य संख्या से दुगुना था। इस कंपनी के ग्राहकों में पाकिस्तान की बिजनेस सिस्टम्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (बीएसआई) भी शामिल थी। इस कंपनी का नाम अमेरिका में हुए संघीय अपराधों से जुड़ा हुआ है। अब मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने बीएसआई से अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार डेटा से यह स्पष्ट नहीं है कि पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के ऑर्डर बीएसआई ने दिए थे या नहीं। पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के लिए ऑर्डर जून 2024 से ही आने लगे थे। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले। हर एक सैटेलाइट तस्वीर की कीमत 3 लाख रुपये से शुरू होती है और रेजोल्यूशन के अनुसार इनकी कीमत बढ़ती जाती है। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले।



■ पाकिस्तानी फर्म से अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने पार्टनरशिप खत्म की

S.D. COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
THE S.D. DEGREE COLLEGE
JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR (UP)
सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के सभी विद्यार्थीयों को परीक्षाफल की हार्दिक शुभकामनाएं
B.TECH
CS | AI | IT
EC | ME | EE | CE
MBA
DIPLOMA
M.TECH
B.A
B.SC
B.COM
BCA*
REGISTRATIONS
ADMISSIONS OPEN 2025-26
9258256931-39

## संक्षिप्त समाचार

### पट्टे की जमीन पर बनी मस्जिद को मालिकों ने खुद तोड़ा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर अवैध धार्मिक स्थलों के विरुद्ध अभियान के तहत पीलीभीत के भरतपुर गांव में स्थित एक मस्जिद को अवैध चिह्नित किया गया। पूरनपुर तहसीलदार ने मस्जिद के मालिक दो भाइयों जुम्मन और हैदर को नोटिस जारी कर उन्हें 16 मई तक पट्टा कैंसिल कराने या अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया था। नोटिस मिलने के बाद दोनों भाइयों ने मस्जिद में अजान और नमाज बंद कर दी। प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए वे खुद ही मस्जिद को तोड़ रहे हैं।

### महिलाओं के आगे आने से विकास संभव: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के आगे आने से संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक वृद्धि संभव है। धनखड़ ने आज यहां मेघालय में गारो हिल्स, खासी हिल्स और जैंतिया हिल्स क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है, बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रूप से सशक्त होता है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है, जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।

### पंचतत्व में विलीन हुए डॉ. विक्रम राव

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव का मंगलवार को यहां भैंसाकुंड पर राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में राजनेता, अधिकारी और पत्रकार मौजूद थे। बैकुण्ठ धाम पर उनके पार्थिव शरीर को बड़े बेटे सुदेव राव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड आफ आनर दिया। उनके निधन पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल नंदी, नितिन अग्रवाल आदि ने शोक जताया है।

### हरदोई में नाव पलटने से तीन की मौत

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में रामगंगा नदी में नाव पलटने से सात लोग डूब गए। इनमें से चार लोगों को तो बचा लिया गया, लेकिन तीन लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नाव में सवार लोग तरबूज की खेती करके वापस लौट रहे थे। हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के खैरूद्दीन पुर के चैन सिंह गांव के पास रामगंगा नदी में नाव पलटने से जिन तीन लोगों की मौत हुई, वह सभी एक ही परिवार के थे। उनके खेत में तरबूज की तुड़ाई चल रही है।

# उमर ने एलओसी के पास बंकरों के निर्माण का किया वादा

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को सरकारी मदद और अतिरिक्त बंकरों के निर्माण का आश्वासन दिया। अब्दुल्ला ने कुपवाड़ा जिले के तंगधार के गोलाबारी प्रभावित इलाकों के दौरे के दौरान यह आश्वासन दिया। वहां उन्होंने ऐसे परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने संकट के दौरान उल्लेखनीय साहस दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका धैर्य प्रेरणादायक है। सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, उनके दर्द को अनदेखा नहीं किया जाएगा और उन्हें सम्मान तथा नई उम्मीद के साथ जीवन फिर से शुरू करने में मदद करने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से

**■ गोलाबारी से प्रभावित गांवों को दी जाएगी मदद**

कहा कि वह गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आए हैं और उन्होंने दोहराया कि राहत और पुनर्वास उपायों के तहत पीड़ितों को पर्याप्त मदद प्रदान की जाएगी। तंगधार में सामुदायिक बंकरों का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने संकट के समय उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। तनाव बढ़ने के समय ये संरचनाएं जीवन रेखा होती हैं। हम संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले अपने लोगों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बंकरों का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। तनाव बढ़ने के दौरान सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत बंकरों के निर्माण का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

# अचानक सैन्य कार्रवाई रुकने से हम मौका चूके: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम घटना और उसके बाद की कार्रवाई पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन जरूर किया लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खतरनाक बयान पर चुप्पी साधकर सबको निराश किया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के आतंकवादियों को करारा जवाब देने पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष हुआ, जिसमें हमारी बहादुर सेना पाकिस्तान को बर्बाद कर रही थी, लेकिन अचानक हुई सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा ने सबको चौंका दिया और आतंकवाद तथा आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को कुचलने का स्वर्णिम अवसर हमारे हाथ से निकल गया। हमारे पास पाकिस्तान के आतंकवाद को हमेशा के लिए नेस्तनाबूद करने का यह एक स्वर्णिम मौका था। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ट्रम्प



■ ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी: अशोक गहलोत

ने सोशल मीडिया एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की और बाद में कहा कि भारत और पाकिस्तान को व्यापार का हवाला देते हुए उन्होंने सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार किया। अब देश समझ नहीं पा रहा है कि इसे गोपनीय क्यों रखा गया जबकि हमारी सेना ने बहुत अच्छा काम कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और पूरी दुनिया में इसकी तारीफ हुई। पहलगाम घटना से देश के हर परिवार में दुख था और ऐसे में सेना ने हमला कर घटना से जुड़े 100 आतंकवादियों को मार दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब सेना कार्रवाई को अंजाम दे रही थी, तो अचानक ट्रम्प बीच में आ गए और उन्होंने भारत तथा पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने संबंधी पोस्ट कर दिया, जिसने सबको चौंका दिया। अमेरिका ने पहले भी हिंदुस्तान पर दबाव बनाया था, लेकिन हम कभी झुके नहीं और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। शिमला समझौते के वक्त भी हमने किसी दूसरे देश को बीच में आने नहीं दिया। लेकिन अब जिस तरह से ट्रंप बीच में आ रहे हैं, उस पर मोदी और उनकी सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति की पोस्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने कौन सी ठेकेदारी ले रखी है। ट्रंप या तो खुद ठेकेदार बन गए या हमारी चुप्पी ने उनके हौसले को बढ़ा दिया है, जिस कारण वो सीजफायर की घोषणा कर रहे हैं। अब ट्रंप कह रहे हैं कि कश्मीर मुद्दे को भी वे सुलझाएंगे, जबकि इससे पहले तक भारत की नीति सिर्फ द्विपक्षीय ही रही है।

### पाकिस्तान संघर्ष पर सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेई सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी। इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए।

## अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में बोले सीएम योगी

# बर्ड फ्लू से सुरक्षा को उच्च सतर्कता बरती जाए

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में एच5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिएहैं।

योगी ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि इस संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप सभी आवश्यक कदम तत्परता से उठाए जाएं। प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज किया जाए और आवश्यकतानुसार ब्लो टॉर्चिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। सभी वन्य जीवों एवं पक्षियों की जांच की जाए और उनके आहार की गहन जांच के उपरांत ही उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाए तथा उन्हें पीपीई किट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। बाड़ों में नियुक्त



■ सभी प्राणी उद्यानों पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो आसरे स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए

### फलों-सब्जियों के निर्यात को लक्ष्य तय

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने निर्यात को बढ़ावा देने और खाद्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए बहुआयामी रणनीति शुरू की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बागवानी के विस्तार, स्थानीय प्रसंस्करण को समर्थन तथा वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश की श्रम शक्ति का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र में समायोजित है, फिर भी प्रच्छन्न बेरोजगारी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है। किसान परंपरागत खेती की जगह स्थानीय तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार खेती करें, यही इस समस्या का प्रभावी हल है।

कर्मचारियों की ड्यूटी इस जोखिम के स्तर को ध्यान में रखते हुए तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर सतत नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ५5 एवियन इंफ्लुएंजा के मनुष्यों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गहन समीक्षा की जाए, ताकि संक्रमण की कोई भी कड़ी मानव समाज तक न पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) आदि से लगातार संपर्क बनाकर सुझाव लिए जाएं और आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योगी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बीच समन्वय को सशक्त बनाया जाए ताकि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो सके।

### स्वास्थ्य सेवाओं को भाजपा सरकार ने किया बर्बाद: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि यूपी में अस्पतालों में लापरवाही चरम पर है। गरीबों को पर्याप्त दवा, इलाज नहीं मिल पा रहा है। इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। मेडिकल कॉलेजों में इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, जांच, प्रोफेसर, डाक्टर, नर्स तकनीकी स्टाफ आदि की सुविधाओं का अभाव है। बड़े अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है। दवाओं और मशीनों की खरीद बिक्री में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बयानबाजी के सिवा कुछ नहीं है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में जिलास्तर का कोई अस्पताल नहीं बनाया। वह समाजवादी सरकार में बने अस्पतालों में सुविधाएं नहीं दे रही है। प्रदेश में स्थित पीएचसी और सीएचसी में हालत बेहद खराब है। इनमें इलाज कराने से मरीज डरते है। कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर अधूरे भवन खड़े है। वहां पर मरीजों के लिए एम्बुलेंस और स्ट्रेचर तक की सुविधा नहीं है। अस्पतालों में अग्निकांड लापरवाही की वजह से हो रहे है। मरीजों की जान जोखिम में है। सुरक्षा मानकों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने गंभीर रोगों हार्ट, लीवर, किडनी, कैंसर के इलाज की विशेष व्यवस्था की थी। भाजपा ने कैंसर अस्पताल की सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्था में बदल दी। सरकार मेडिकल कॉलेजों को आवश्यकतानुसार बजट नहीं दे रही है। मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ डाक्टरों की भारी कमी है। कई अच्छे डॉक्टर इस्तीफा देकर चले गए है।

# अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 14 श्रमिकों की मौत

**अमृतसर, वार्ता**



पंजाब के अमृतसर में मजीठा क्षेत्र के तीन गांवों में ज़हरीली शराब पीने से भट्टा पर काम करने वाले 14 श्रमिकों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

अमृतसर की जिला उपायुक्त साक्षी साहनी ने मंगलवार को बताया कि मृतकों में भंगाली, थरियावाल और मुरारी कलां गांव के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार की है। उन्होंने बताया कि शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हो गई और रात तक मृतकों की संख्या बढ़ने पर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती छह लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। पी गई शराब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। मजीठा थाना के प्रभारी (एसएचओ) आबताब सिंह ने बताया कि जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत होने की जानकारी मिलने पर इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस सिलसिले में मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभजीत नकली शराब

**■ मृतकों में तीन गांवों के लोग शामिल, छह की हालत बनी है गंभीर**

की आपूर्ति करने वाले गिरोह का सरगना है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू, जो मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई है। साहिब सिंह उर्फ सराय निवासी गांव मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह और निंदर कौर पत्नी जीता निवासी गांव थीरेवाल को भी पकड़ा गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रविवार (11 मई) की शाम को एक ही जगह से यह शराब खरीदी गई थी, इनमें से कुछ लोगों की सोमवार की सुबह ही मौत हो गई थी, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं मिली। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि लोगों ने अवैध कच्ची शराब का सेवन किया था।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा मुनाफावसूली से ढह गया शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

**विश्व** बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार ढह गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला स्नवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1281.68 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,148.22 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ।

हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.17 प्रतिशत



बढ़कर 43,806.83 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,176.68 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2559 में तेजी जबकि 1402 में गिरावट रही, वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2959 कंपनियों में से 1948 में लिवाली जबकि 937 में बिकवाली हुई, वहीं 74 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार कल के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिला, जहां निफ्टी ने 916 अंकों की छलांग लगाई। यह उछाल युद्धविराम की खबरों के बाद आई सकारात्मक भावना के चलते हुआ, लेकिन इसका समर्थन संस्थागत निवेश से नहीं मिला। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और घरेलू संस्थानगत निवेशक (डीआईआई) की कुल शुद्ध खरीद महज 2,694 करोड़ रुपए रही, जिससे साफ है कि तेजी मुख्य रूप से शॉर्ट, कवरिंग और खुदरा एवं उच्च नेटवर्थ निवेशकों की खरीदारी के कारण हुई। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि आगे भी संस्थागत निवेशक सक्रिय नहीं होते हैं, तो इस तेजी की गति बनाए रखना कठिन हो सकता है। बाजार की दिशा अब इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या संस्थागत निवेश में मजबूती आती है या फिर यह हालिया तेजी अल्पकालिक ही साबित होती है। दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ घटाने का समझौता सकारात्मक संकेत दे रहा है। इससे व्यापार युद्ध के समाप्त होने की संभावना बढ़ी है, जो वैश्विक बाजारों को राहत पहुंचा सकती है। अमेरिका में मंदी की आशंका घटने से भारतीय आईटी कंपनियों को वहां की कंपनियों द्वारा बढ़े हुए प्रौद्योगिकी खर्च से लाभ हो सकता है। वहीं फार्मा क्षेत्र के लिए स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ट्रंप द्वारा दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए दिए गए कार्यकारी आदेश से भारतीय फार्मा निर्यातकों को प्राइस प्रेशर का सामना करना पड़ सकता है, इन कंपनियों के स्टॉक्स पर नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिंगिट बढ़कर 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.27 सेंट गिरकर 49.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और



गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सीबीएसई...** (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी (स्वतंत्र) स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 83.94 रहा। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा इस वर्ष 15 फरवरी से 18 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। सीबीएसई ने मंगलवार को ही कक्षा 12 के परिणाम भी जारी किए, जिसमें 88.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक रहा। 12वीं में 91 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं और उनकी सफलता का अनुपात लड़कों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंचा है। इस वर्ष सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत बेहतर है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का अनुपात 2024 के 87.98 प्रतिशत से बढ़कर 88.39 प्रतिशत हो गया है। परीक्षा देने वाले 16,92,794 छात्र-छात्राओं में से 14,96,307 उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई 12वीं कक्षा के नतीजों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.29 प्रतिशत उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के साथ सूची में शीर्ष पर रहे। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.05 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) ने भी 98.96 पास प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अन्य श्रेणियों में, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत 91.57 रहा और सरकारी स्कूलों ने 90.48 प्रतिशत दर्ज किया। इस बार स्वतंत्र (निजी) स्कूल ने थोड़े पिछड़ते हुए भी 87.94 प्रतिशत का पास प्रतिशत हासिल किया। विज्ञप्ति में बताया गया कि 12वीं की परीक्षा में प्रयागराज परीक्षाफल तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, जिसमें करीब 80 फीसदी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई कक्षा 10वीं की 2025 परीक्षाएं 26675 स्कूलों के 7837 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेशों में 26 स्थानों पर आयोजित की गईं।

**दुनिया में...** के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखता और अब दुनिया भी भारत के इस नए रूप को देखते हुए आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय केवल उद्घोष नहीं है यह उन सैनिकों की कसक है, जो मां भारती के लिए जान की बाजी लगा देती है, यह उस हर नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए कुछ करना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा कि जब हमारे वीर जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब फौज न्यूक्लियर ब्लैकमेल की हवा निकाल देती है और भारत के ड्रोन तथा मिसाइल सनसनाती हुई दुश्मन के यहां जाती हैं, तो दुश्मन को भी सुनाई देता है भारत माता की जय। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा कि यह बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोविंद सिंह की भी धरती है। धर्म की स्थापना के लिए सशस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। जब हमारी बहनों का सिंदूर छीना गया, तो हमारी सेनाओं ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। जो कायरों की तरह छिपकर आए थे, लेकिन वे भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा वह हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। उन्होंने कहा कि सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत से आतंकवाद के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अंजाम तबाही होगा। उन्होंने वायु यौद्धाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, भारत के इतिहास की चर्चा होगी, तो आपके अध्याय की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह वीरों की इस धरती से वायुसेना, नौसेना, सेना और बीएसएफ के वीरों को सलाम करता हूं। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं से कहा कि उनके पराक्रम की वजह से ऑपरेशन सिंदूर की गूंज हर कोने से सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खडा रहा, उनकी प्रार्थना आपके साथ रही। हर देशवासी सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ और ऋणी है। उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया कि यदि निर्दोष लोगों की मौत होगी, तो विनाश तथा महाविनाश होगा। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे आतंकवादी बैठे थे, भारतीय सेनाओं ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान का ऐसा कोई ठिकाना नहीं है जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बदले का मौका भी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों की सोच कर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। मोदी ने स्वदेशी हथियारों की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से जुड़ी कविता की पंक्तियों का हवाला दिया और कहा कि ये पंक्तियां भारत के स्वदेशी और आधुनिक हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं की वीरता तथा दृढ़ता का उल्लेख किया और कहा कि आपने इस कार्रवाई से देश का आत्मबल बढ़ाया है देश को एकता के सूत्र में बांधा है। सीमाओं की रक्षा की है, स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी है। आपने अभूतपूर्व और अकल्पनीय अदभुत काम किया है। प्रधानमंत्री ने वायु योद्धाओं से कहा कि आपकी कार्रवाई से पाकिस्तान के एयर बेस ही नहीं उनके नापाक इरादे तथा दुस्साह दोनों की हार हुई है। उन्होंने तीनों सेनाओं तथा अन्य बलों के बीच तालमेल की सराहना करते हुए कहा कि सभी के बीच तालमेल शानदार था और ऑपरेशन सिंदूर का एक-एक क्षण भारतीय सेनाओं के सामर्थ्य की गवाही देता है। उन्होंने कहा कि नौसेना ने समुद्र पर दबदबा बनाकर रखा, सेना ने बॉर्डर पर मजबूती रखी और वायुसेना ने प्रहार भी किया और रक्षा भी की, तो बीएसएफ भी मोर्चे पर मजबूती से डटी रही। वायु रक्षा प्रणाली ने भी शानदार काम किया और यही एकीकरण है तथा यह सेनाओं की मजबूत पहचान बन चुकी है। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने भारत-पाक संबंधों में नए मानदंड स्थापित करने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में नए युग के युद्ध में सैन्य श्रेष्ठता के माध्यम से भारत की शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रदर्शन किया गया। ले. जनरल राणा ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने की प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए थल सेना और वायुसेना के सटीक ऑपरेशन तथा जोरदार जवाब के बारे में चर्चा की। बातचीत के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की युद्ध प्रभावशीलता के साथ संयुक्तता और एकीकरण के माध्यम से हासिल समन्वित बल प्रयोग पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने पाक के द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी दुष्प्रचार अभियान और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव का की भी जानकारी दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## समाचार विशेष

### आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के सदर बाजार क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते एक युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेंद्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि बीती देर रात पुलिस को सूचना मिली कि थाना सदर बाजार के क्षेत्र के ग्राम शाहबाजनगर के बेहटा मजरा के रहने वाले कौशल उर्फ मंगल (25) घायल अवस्था में खेत के किनारे पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि आपसी रंजिश में युवक की हत्या की गई है। इस मामले में एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। मृतक के परिजनों ने बताया कि कौशल का 15 दिन पहले एक शादी समारोह में अपने चचेरे भाई संतोष और पुत्तू से विवाद हो गया था। संतोष ने कौशल को जान से मारने को धमकी दी थी। बताया जा रहा है कि जब कौशल खेत से लौट रहा था तभी संतोष और पुत्तू ने कौशल की रास्ते में चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में कोतवाली थानाक्षेत्र मे एक चार साल की बच्ची को अगवा करके उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है किकोतवाली थाना क्षेत्र से एक चार साल की बच्ची को अगवा कर लिया गया औरउसके साथ दुष्कर्म करके उसको फिर वहीं छोड़ दिया गया। इस घटना की जानकारी जब उसकी मां को हुई तो उसने तुरन्त महिला चिकित्सालय मे इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर मासूम की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना स्थल का पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने निरीक्षण करके दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई है। पुलिस टीम द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगाला जा रहा है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत मचा कोहराम

**गोंडा।** जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मसौलिया के कलहंसन पुरवा के पास सोमवार की रात में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत पचमरी के मदारी पट्टी निवासी रमेश वर्मा उर्फ दलगंजन पुत्र चेतराम(38) किसी काम से घर से निकला था, जिन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई और शव क्षत-विक्षत होकर सड़क पर बिखर गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और जांच शुरू कर दी है, लेकिन वाहन और चालक का अभी पता नहीं चला है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के परिवार में छोटे छोटे बच्चे हैं। स्थानीय लोग दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रशासन से मांग की है।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**सीतापुर।** नगर के एक निर्माणाधीन मकान में एक अधेड महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी हुआ मिला है शहर कोतवाली के मोहल्ला नहर कालोनी निवासी सरिता पांडेय उम्र 42 का शव संदिग्ध परिस्थितियों में देहात कोतवाली क्षेत्र में मदर्स प्राइड स्कूल के पीछे स्थित ऊंचा टीला मोहल्ले में नवनिर्मित खाली पड़े मकान में फंदे पर लटकता मिला है। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम व कोतवाली देहात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज किया है । मृतका की मां सुशीला देवी के मुता.बिक उनकी पुत्री सरिता पांडेय सोमवार लगभग 3 बजे नहर काला.नी से स्कूटी से निकली थी । देर रात तक जब वापस नही आई तो उनके नम्बर पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया । मोबाइल की घण्टी बजती रही लेकिन फोन नही उठा। तब तलाश शुरू की गई । इसी बीच ऊंचा टीला मोहल्ले में नवनिर्मित मकान में उन्हें साड़ी से लटकता हुआ मिला । मृतका के पति बाहर थे जो एक प्राइवेट कम्पनी मे जाब करते है।

# सीबीएसईः लखनऊ की बेटियों ने रचा कीर्तिमान

## अनुष्का ने 99, तो आंचल ने हासिल किए 98.8 फीसदी अंक



**सोशल मीडिया से दूर रहती हैं 99 फीसदी अंक लाने वाली अनुष्का, चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का है सपना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) की ओर से जारी हुए इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में राजधानी लखनऊ की अनुष्का ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे शहर को गौरवान्वित किया है। सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम आया, तो राजधानी लखनऊ में छात्र-छात्राएं अपना-अपना परिणाम देखने लगे। परीक्षा परिणाम देखकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए। जिले की बेटियों ने अपने परिणाम से कीर्तिमान गढ़ा। अनुष्का ने 99 और आंचल ने 98.8 फीसदी अंक हासिल किए। इससे माता-पिता और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने मिठाई खिलाकर बेटियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अनुष्का रानी लक्ष्मी बाई (आरएलबीद्ध स्कूल की छात्रा हैं। उनकी इस सफलता ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे स्कूल व लखनऊवासियों को खुश होने का मौका दिया है। अनुष्का ने बातचीत में बताया कि उनकी सफलता का जो सबसे बड़ा कारण है वो उनका सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफॉर्म पर कोई अकाउंट न होना है। जो उनकी पढ़ाई में एकाग्रचित होने का सबसे बड़ा कारण रहा।

अनुष्का ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के दौरान कोई कोचिंग नहीं ली। स्कूल में जो पढ़ाया गया। घर पर उसे खूब दोहराया और सेल्फ स्टडी की। इसके साथ ही जो सबसे जरूरी रहा वह प्रीवियस इयर क्वेश्चन पेपर (माडल प्रश्नपत्रद्ध को खूब हल किया। अनुष्का ने बताया कि उन्हें अकाउंट्स पढ़ना बहुत पसंद है और वह भविष्य में खुद को एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में देखना चाह रही हैं। इसके लिए वह अभी से तैयारी कर रही हैं। अनुष्का के पिता आशुतोष हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं।

### सांसद तनुज ने दी पत्रकार के खिलाफ एफआईआर के लिए थाने में तहरीर

**लखनऊ।** पत्रकार अशोक श्रीवास्तव द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ प्रचारित खबर से कांग्रेस कार्यकर्ता खफा हैं। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने हुसैनगंज थाने में पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। टीवी शो में एकता का संदेश देने के बजाए देश में नफरत फैलाई जा रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष, सांसद तनुज पुनिया ने लखनऊ के हुसैनगंज थाने में बीएनएस, 2023 की धारा 192, 196,197 353 और 356 एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्राविधानों के तहत सम्बंधित पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। इस मौके पर सांसद तनुज पुनिया के साथ निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम, महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष श्रीमती ममता चौधरी, कै वंशीधर मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, डॉ रिचा शर्मा, अरशी, इस्लाम अली, अजय वर्मा, मो नोमान, रामचन्द्र आदि प्रमुख रूप उनके साथ थाने हुसैनगंज पहुंचे।

# रोजगार के साथ स्वरोजगार का भी मॉडल बना उ.प्र

## योगी सरकार की पहल से दो लाख से अधिक युवाओं को मिला कारोबार शुरू करने का अवसर, योजना की पहुंच अब और होगी व्यापक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। एक ओर जहां पारंपरिक रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश को स्वरोजगार का गढ़ बनाने की दिशा में भी गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच है कि युवाओं को न केवल नौकरी पाने वाला बनाया जाए, बल्कि नौकरी देने वाला भी तैयार किया जाए। इसी सोच की परिणति है मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, जिसने बीते कुछ वर्षों में लाखों युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई है। इस योजना के माध्यम से 2018-19 से अब तक लगभग 2.5 लाख युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। योजना की खास बात यह है कि यह न केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है, बल्कि युवाओं को उद्यमिता की दिशा में मार्गदर्शन भी देती है। यही कारण है कि प्रदेश के कई युवाओं ने अब अपने छोटे-मझोले उद्योगों की स्थापना की है, जिनमें अन्य लोगों के लिए भी रोजगार उत्पन्न हो रहा है। योजना के तहत युवाओं को अधिकतम 25 लाख रुपये तक का ;ण प्रदान किया जाता है, जिसमें सरकार रियायती ब्याज दर उपलब्ध कराती है। इस ;ण का उपयोग मशीनरी, कच्चे माल, या कार्यशील पूंजी के रूप में किया जा सकता है। लाभार्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए और कम से कम हाईस्कूल पास होना अनिवार्य है। साथ ही वह किसी बैंक या वित्तीय संस्था का डिफॉल्टर न हो। अब तक सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत 31.3 हजार से अधिक आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिस पर 758.97 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह राशि युवाओं को मार्जिन मनी के रूप में प्रदान की गई है, ताकि उन्हें बैंकों से ;ण प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। यह योजना अब प्रदेश की आर्थिक संरचना में 'ग्रामोद्योग से आत्मनिर्भरता' के भाव को मजबूती देने में भी सहायक बन रही है। विशेष बात यह है कि अब योगी सरकार इस योजना को और अधिक व्यापक स्वरूप देने की तैयारी में है। प्रस्तावित संशोधनों में सबसे बड़ा परिवर्तन परियोजना लागत की सीमा को चार गुना तक बढ़ाने का विचार है, जिससे बड़े स्तर पर उद्योग स्थापित करने की संभावना को बल मिलेगा। साथ ही, इस योजना को भी मुख्यमंत्री युवा योजना की तर्ज पर ब्याज मुक्त ;ण योजना के रूप में ब्रांड किया जा सकता है, जिससे युवाओं में और अधिक आकर्षण उत्पन्न होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी साकार होगी जब राज्यों के युवा अपने ही संसाधनों और मेहनत से अपनी आर्थिक दुनिया खड़ी कर सकें। ऐसे में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना न केवल एक वित्तीय सहायता योजना है, बल्कि यह नवाचार, आत्मबल और स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करने वाली एक दूरदर्शी पहल भी है।

# चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** खैराबाद थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर खैराबाद थाना क्षेत्र के असोढर रोड मिर्जापुर चौराहे पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने खैराबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला कमल सराय निवासी रेहान पुत्र अजीज और शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मिरदहीटोला निवासी शिबू उर्फ मैनूराब पुत्र अब्दुल रब को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर चोर है। उनके पास से एक लोहे का बेल्चा, दो टार्च व एक तमन्चा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों चोरी की योजना बना रहे थे। तमंचा बरामदगी के संबंध में पुलिस ने खैराबाद थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# प्राणी उद्यानों में बर्ड फ्लू से सुरक्षा के लिए बरती जाए उच्चतम सतर्कताः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू (एच-5 एवियन इंफ्लुएंजा) संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक करके समस्त प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों और संरक्षित वन क्षेत्रों में सतर्कता की सर्वोच्च व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि इस संक्रमण से संरक्षित पशु-पक्षियों की रक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुसार सभी आवश्यक कदम तत्काल प्रभाव से उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी चिड़ियाघरों और पशु संरक्षण स्थलों को नियमित रूप से सैनिटाइज किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर ब्लो टॉर्चिंग की विधि को अपनाया जाए ताकि किसी भी प्रकार का विषाणु प्रसार न हो सके। पक्षियों के आहार की सघन जांच के उपरांत ही भोजन उपलब्ध कराया जाए और सभी वन्य जीवों के स्वास्थ्य की निगरानी विशेषज्ञों की देखरेख में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों को पीपीई किट, दस्ताने, मास्क एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों से युक्त किया जाए और उन्हें एवियन इंफ्लुएंजा से संबंधित व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। प्राणी बाड़ों में ड्यूटी लगाने से पूर्व जोखिम के स्तर का मूल्यांकन कर उपयुक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोल्ट्री फार्मों और पोल्ट्री उत्पादों की आवाजाही पर भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संक्रमण की किसी भी संभावना को गंभीरता से लेते हुए इन स्थलों की नियमित जांच की जाए और मानकों का कठोर पालन कराया जाए। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि एवियन इंफ्लुएंजा के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की गहन समीक्षा की जाए ताकि इस संक्रमण की कोई भी कड़ी आमजन तक न पहुंचे। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से कहा कि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग तथा इज्जतनगर स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान सहित सभी संबद्ध संस्थानों से सतत संवाद बनाए रखा जाए। इन संस्थानों से वैज्ञानिक और तकनीकी सुझाव लेकर उनके आधार पर प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए और क्रियान्वयन में कोई कोताही न हो। अंत में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बीच समन्वय को मजबूती दी जाए। उन्होंने कहा कि यह समन्वय ही सुनिश्चित करेगा कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में बर्ड फ्लू से संबंधित कोई लक्षण उभरने पर त्वरित कार्यवाही की जा सके और संक्रमण को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सके।

# पेंशनर को मृत घोषित किया, अधिकारी निलंबित

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के जगतपुर विकास खण्ड इलाके में जीवित पेंशनर को मृतक घोषित करने के आरोप में ग्राम पंचायत अधिकारी को निलम्बित किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने आज मंगलवार को बताया कि सुखराना पत्नी देवदत्त निवासी ग्राम पंचायत-हरदीटीकर, विकास खण्ड -जगतपुर के प्रार्थना पत्र के मद्देनजर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे, जिसमें यह बात उभर कर सामने आई कि जीवित पेंशनर को ग्राम विकास अधिकारी ने मृत घोषित कर दिया है और उसकी पेंशन रोकने की संस्तुति की गई है। जिसके कारण कार्य मे घोर लापरवाही बरतने के आरोप में ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित किया गया है। बताया गया कि मुख्य विकास अधिकारी के जांच निर्देश के क्रम में पेंशनर को मृत घोषित करने के मामले में इस प्रकरण की जॉच जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता सुखराना जिन्हे वर्ष 2024-25 के पूर्व वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त हो रही थी, उन्हे वर्ष 2024-25 की द्वितीय किश्त की पेंशन अचानक बन्द होने पर भुगतानित पेंशनरों का सत्यापन कराये जाने हेतु सम्बधित ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप कुमार यादव को जांच हेतु निर्देशित किया गया था, जिसे अनूप कुमार यादव द्वारा शिकायतकर्ता को मृतक घोषित करते हुए पेंशन बंद करने के लिए सत्यापन रिपोर्ट भेजी गई। इस लाप.रवाही बरतने के मामले में सौम्य शील सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी कर सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को इसके सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा। जिसके जवाब में ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा दिए गयए बयान के आधार पर सुखरानी को मृतक घोषित किया गया। [

# अलग-अलग मुठभेड़ों में चार बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले में आपरेशन लंगड़ा के तहत जिले की पुलिस ने अलग अलग अपराधों में चार अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है जिसमें से तीन के पैर में गोली लगी है। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना अहरौरा थाना क्षेत्र में दो गो तस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध रोकथाम एवं अपराधियों की धड़पकड़ के तहत एक मुठभेड़ में दो गो तस्करों के पैर में गोली लगी जिनके पास से 25गोवंश दो अवैध तमंचा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अहरौरा थाना क्षेत्र के खोरिया जंगल मोहाल में पुलिस मुठभेड़ में अशोक कुमार राजभर पुत्र शिवनाथ राय निवासी रामगढ़ थाना चैनपुर जनपद भभुआ बिहार व मनोज कुमार यादव पुत्र घूरे यादव निवासी मीरापुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया, जिसमे अशोक कुमार राजभर के बाये पैर में मनोज कुमार यादव उपरोक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया,

जहां उसकी स्थिति सामान्य है मौके से दोनों अभियुक्त अशोक कुमार राजभर व मनोज कुमार यादव के कब्जे से 25 राशि गोवंश तथा दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा व 04 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। दूसरी घटना चील्ह थाना क्षेत्र में एक मुठभेड़ में चैन स्नैलचग के अपराध में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत टेढ़वा व गोबरहा में बाइक (राइडर) सवार अज्ञात 02 व्यक्तियों (बदमाशों) द्वारा चैन स्नैलचग की घटना की गई थी। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चील्ह, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान विवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्तों प्रिंस तिवारी पुत्र सुनील तिवारी निवासी जगन्नाथपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही व पीयूष पाण्डेय पुत्र कल्याण जी पाण्डेय निवासी भवानीपुर डेढ़वा थाना गोपीगंज जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी में अभियुक्त पीयुष पाण्डेय उपरोक्त के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद राइटर मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद किया गया। अभियुक्त प्रिंस तिवारी उपरोक्त द्वारा गिरफ्तारी के उपरान्त पुलिस टीम को अतिरिक्त आभूषण की बरामदगी के विषय में बताया गया जिसपर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को साथ में लेकर उसके बताये गयए स्थान पर पहुंचा गया। अतिरिक्त आभूषण की बरामदगी की सूचना गलत पायी गई जहां पर पहले से ही अभियुक्त द्वारा असलहा छुपा कर रखा गया था और अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। इस दौरान एक आरक्षी घायल हो गयए तथा पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त प्रिंस तिवारी उपरोक्त के पैर में गोली लगी है। पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

# पुजारी की ईट पत्थर से कुचलकर हत्या

**हरदोई में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती की गोली मारकर हत्या**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फतेहपुर/हरदोई।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के थरियांव क्षेत्र में मंगलवार भोर में एक प्राचीन मंदिर के पुजारी की ईंट पत्थर से कूंच कर हत्या कर दी गई।

पुजारी के साथ सो रहे एक अन्य व्यक्ति को पीट पीट कर मरणासन्न कर दिया गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बिलंदा गांव निवासी शिव गोविंद तिवारी (60) गांव में ही एक प्राचीन बालाजी मंदिर में पुजारी थे। रात में वह इसी मंदिर परिसर में सोया करते थे, उनके साथ गांव का ही एक आदमी मदद के लिए रहता था। आज भोर में दोनों को इतना पीटा गया कि शिव गोविंद तिवारी की मृत्यु हो गई। जबकि अवधेश प्रजापति को गंभीर हालत में कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होने बताया कि वारदात के कारणों को पता नहीं चल सका है। पुलिस ने इस सिलसिले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। वहीं हरदोई जिले के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार तध्के प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

पुलिस न बताया कि मल्लावां कोतवाली इलाके के जरेरा गांव निवासी नौरंग की 24 साल की पुत्री संगीता राजपूत का शव घर के अंदर गोली लगा हुआ मिला। परिवार वालों के मुताबिक संगीता की शादी तय थी और 15 मई को उसकी बिलग्राम कोतवाली इलाके के एक गांव से उसकी बारात आनी थी। संगीता की शादी को लेकर घर में मांगलिक कार्यक्रम भी चल रहे थे। परिजनों के मुताबिक मृतक युवती के मामा के गांव कन्नौज जिले के बददापुरवा गांव का एक युवक प्रेमचंद उसे एक तरफा प्रेम करता था और उसने पूर्व में भी युवती की शादी नहीं होने दी थी। परिवार वालों के मुताबिक मंगलवार सुबह तीन बजे जब परिवार के लोग सो रहे थे। इस दौरान प्रेमचंद और उसके चाचा का लड़का घर में घुसे और लड़की को खींच कर ले जाने लगे जिसका लध्की और उसकी मां ने विरोध किया तो आरोपी ने युवती के सीने पर गोली मार दी। बाकी घर वाले गोली की आवाज सुनकर जागे तो दोनों को मौके से भागते हुए देखा। घटना की सूचना आनन फानन में पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक घरवालों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की हर एंगल से गहराई से जांच की जा रही है वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम भी लगाई गई है पुलिस के मुताबिक जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

# फूलों, सब्जियों की खेती के लिए बाराबंकी में खुलेगा इंडो डच सेंटर फॉर एक्सीलेंस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** फूलों और सब्जियों की खेती के लिए बाराबंकी के त्रिवेदीगंज में सात हेक्टेयर जमीन में इंडो डच सेंटर फॉर एक्सीलेंस खोला जाएगा। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इसके लिए नीदरलैंड के विशेषज्ञों के साथ बैठक में दोनों पक्षों में सहमति भी बन चुकी है। इस सेंटर में शोध कार्य होंगे और प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

उन्होने बताया कि योगी सरकार फलों एवं सब्जियों का निर्यात बढ़ाने के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित कर रही हैं। उसके फोकस में यूरो.पियन और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के संभावनायुक्त बाजार हैं। इन देशों में खाद्य पदार्थों के निर्यात के मानक बेहद सख्त हैं। इसके मद्देनजर सरकार एशिया के सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के पास एक्सपोर्ट हब बना रही है। इसी क्रम में लखनऊ के औद्योगिक क्षेत्र नादरगंज में पहला गामा रेडिशन प्लांट बनकर तैयार है। इस प्लांट से ट्रीट फल एवं सब्जियों में किसी तरह का संक्रमण नहीं रहेगा।

इनको लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सकेगा। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार देश की श्रम शक्ति का करीब 40 फीसद हिस्सा कृषि क्षेत्र में समायोजित है। फिर भी प्रच्छन्न बेरा.जगारी इस सेक्टर की सबसे बड़ी समस्या है। किसान परंपरागत खेती की जगह स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार खेती करें, यही इस समस्या का प्रभावी हल है। हाल ही में कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के अध्यक्ष संजीव पुरी ने भी एक साक्षात्कार में कमोबेश यही बातें कहीं। उनके मुताबिक कृषि क्षेत्र का फोकस मुख्य रूप से दो चीजों पर होना चाहिए। खेती वह जिससे किसानों की जेब भरे। किसान वैश्विक मांग के अनुसार उत्पादन करें। इस सलाह के अनुसार फलों एवं सब्जियों की खेती की अहमियत बढ़ जाती है। इनकी खेती में परंपरागत खेती की तुलना में करीब दो से ढाई गुना तक लाभ है। श्रम बाहुल्य खेती होने के कारण इनमें श्रम शक्ति का भी बेहतर समायोजन होता है। इनसे मिलने वाली खाद्य एवं पोषण सुरक्षा बोनस जैसा है। यही वजह है कि योगी सरकार का सब्जी और बाग.वानी की खेती, इनके प्रसंस्करण और निर्यात पर खासा जोर है। इसके लिए सरकार कई योजनाएं भी चला रही है। सूत्रों के अनुसार अगर स्थानीय स्तर पर सब्जी और फलों की प्रसंस्करण इकाइयां लगा दी जाएं तो फलों और सब्जियों की नर्सरी, पौधरोपण, परिपक्व फलों एवं सब्जियों की तुड़ाई, ग्रेडिंग, पैकिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और विपणन तक मिलने वाले रोजगार की संख्या कई गुना हो जाएगी। फलों और सब्जियों की खेती, उसकी उत्पादकता एवं गुणवत्ता सुधारकर किसानों को स्थानीय बाजार में या निर्यात बढ़ाकर बेहतर दाम दिलवाने का संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए प्रसंस्करण पर खासा फोकस है। सरकार का लक्ष्य हर जिले में छोटी-बड़ी एक हजार प्रसंस्करण इकाइयां लगाने का है। प्रधानमंत्री खाद्य उन्नयन योजना के तहत इकाई लगाने वाले लाभार्थी को 35 फीसद अनुदान पर 30 लाख रुपये तक का ;ण उपलब्ध कराया जाता है। अभी तक करीब 17 हजार प्रसंस्करण इकाइयां लग भी चुकी हैं। इकाई अगर किसी महिला की है और वह इसके लिए सोलर प्लांट लगवाना चाहती है तो प्लांट पर सरकार उसे 90 फीसद तक का अनुदान देती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक के दौरान प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति फलों और सब्जियों की उपलब्धता में सात से बारह किलोग्राम तक बढ़ी है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप-मुख्य अभियन्ता/नि0-चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **निविदा एकल पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर, उप मुख्य अभियंता निर्माण, चतुर्थ, के अधीन प्रस्तावित, उन्नाव- बिघापुर क्रासिंग स्टेशन के मध्य स्थित अचलगंज हाल्ट स्टेशन को क्रासिंग स्टेशन में बदलने के कार्य निर्माण के अन्तर्गत मिट्टी भराव, कटिंग, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुलों का विस्तार, उच्च-स्तरीय स्टेशन प्लेटफार्म, स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण कार्य और अन्य विविध सिविल कार्य जैसे नाले, सड़के, समपार फाटक का सुधार एवं पैदल मार्ग इत्यादि का कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 11 (ग्यारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 990.09 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रू. 6,49,100.00 |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 11.06.2025 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 11.06.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनॉक 20.05.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनॉक 28.05.2025 से 11.06.2025 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 76-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि0-चतुर्थ/लखनऊ दिनॉकः 13.05.2025 1409/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मनरेगा फर्जीवाड़े के दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें

## हर घर योजना के लिए तोड़ी गई सड़कों की जल्द कराए मरम्मतः सांसद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने सीएमओ डा. सत्यपाल मलिक को निर्देश देते कहा कि जिले में कोई भी अल्ट्रासाउंड सेंटर व चिकित्सालय अवैध रूप से नहीं चलना चाहिये। विद्युत विभाग को आदेश दिये कि आंधी व वर्षा के दौरान जिन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति अभी तक सुचारू नहीं कराई गई है उसे जल्द चालू कराया जाये।

मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। जिसमें सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने जिले में अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासांउट सेंटर व क्लीनिक संचालकों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिक्षण अभियंता को आदेश दिये कि आंधी व वर्षा के कारण पूर्व में जिले की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिन क्षेत्रों में अभी तक इसे चालू नहीं कराया गया है उसे ठीक कराया जाये

**■ कलक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक**

तथा जर्जर लाइन और खंभों को जल्द से जल्द बदला जाना चाहिये। सांसद ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश देते कहा कि हर घर जल योजना के तहत जिन सड़कों को तोड़ दिया गया है उनकी मरम्मत जल्द से जल्द कराये। उक्त सड़कों से हर समय हादसे का खतरा बना हुआ है। जबकि जनता द्वारा भी इन्हें सही कराने की मांग की जाती रही है। जिन गांवों में अभी तक पानी की सप्लाई नही की जा रही इसे दूर करें। मनरेगा योजना के अन्तर्गत जो भी फर्जीवाड़ा किया गया है उसके दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नही जाये। विधायक धनौरा राजीव तरारा सीएमओ आफिस के कर्मिकों द्वारा अल्ट्रासाउंड एवं अन्य सुविधाओं के लिये सुविधा शुल्क की मांग पर नारा. जगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप ही लोगों को स्वाथ्य सेवाएं उपलब्ध कराये जाये। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने गांव मोहरका पट्टी में राशन की कालाबाजारी की जांच के लिये भी कहा। जिला विद्यालय निरीक्षण विष्णु प्रताप सिंह ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावियों की जानकारी दी। आखिरी में डीएम निधि गुप्त वत्स ने जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिया कि जो भी निर्देश दिये गये है उन पर अमल कर काम शुरू कराया जायेगा। बैठक में एडीएम मायाशंकर यादव, परिजयोजना निद. ेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, संगीता चौहान, वीरेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट में जिला निगरानी समिति की बैठक लेते सांसद कंवर सिंह तंवर।

## युवती को भगा ले जाने में रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की निवासी एक युवती रविवार दोपहर घर से गायब हो गई थी। परिजनों ने उसे सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। परेशान युवती के पिता ने मामले में गांव कैसरा निवासी काविंद्र पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस स्तर पर शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

# युवक को उठाकर ले गई गुजरात पुलिस

## नाबालिग युवती को भगा ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नाबालिक युवती को भगाकर लाने के मामले में गुजरात पुलिस आरोपी युवक को उठाकर अपने साथ ले गई। आरोपी युवक के रिश्तेदार काफी देर तक कोतवाली के बाहर खड़े रहे।

नगर के मोहल्ला निवासी एक युवक की इंस्टाग्राम पर गुजरात की रहने वाली एक नाबालिक युवती से दोस्ती हो गई थी। उसके बाद दोनों ने एक दूसरे का मोबाइल नंबर ले लिया। उसके बाद आरोपी युवा को नाबा. लिक ही होती घंटो घंटो एक दूसरे से बातचीत करते थे। आरोपी युवक अप्रैल माह में नाबालिक युवती को बहला फुसला कर हसनपुर अपने साथ ले आया था। युवती के परिजनों ने गुजरात में आरोपी युवक के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। करीब एक माह पहले गुजरात पुलिस नाबालिक युवक को बरामद कर अपने साथ ले गई थी। मंगलवार को अचानक गुजरात पुलिस आरोपी युवक के घर पहुंच गई तथा उसे अरेस्ट कर कोतवाली ले आई। कुछ देर में आरोपी युवक के रिश्तेदार कोतवाली के गेट पर पहुंच गए तथा पुलिस की गिरफ्त में बैठे आरोपी युवक को छुड़वाने के लिए प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो सके। उसके बाद पुलिस आरोपी युवक को लेकर गुजरात को रवाना हो गई।

# बेकाबू स्कार्पियो फर्नीचर शोरूम में घुसी, तीन घायल

## कार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा-बिजनौर मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार को बचाने के फेर में बेकाबू हुई स्कार्पियो फर्नीचर की दुकान में जा घुसी। हादसे में स्कार्पियो चालक के अलावा फर्नीचर की दुकान में बैठे दो लोग गंभीर घायल हो गए। हड़कंप के बीच स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर आनन-फानन तीनों घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई। हादसे की जांच-पड़ताल कर क्षतिग्रस्त दोनों गाड़ियों को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में देर शाम तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई थी। मंगलवार दोपहर हादसा थाना क्षेत्र में अमरोहा-बिजनौर मार्ग स्थित गांव बादशाहपुर के पास हुआ। बताया जा रहा है कि बिजनौर जिले की तरफ से आ रही एक स्कार्पियो का चालक सामने से आ रही एक तेज रफ्तार फिगो कार को बचाने के चक्कर में स्टेयिरंग से नियंत्रण खो बैठा। नतीजा, बेकाबू होकर स्कार्पियो सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराने के बाद पास में ही एक फर्नीचर की दुकान में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमें सवार मुजफ्फरनगर निवासी चालक मुरसलीन के अलावा फर्नीचर की दुकान में बैठे क्षेत्र के गांव हफीजपुर निवासी अबरार व नौगावां सादात बस्ती निवासी शब्बू गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। थाने में सूचना देते हुए एंबुलेंस मंगाकर तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई और क्षतिग्रस्त दोनों गाड़ियों को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि घायलों की हालत खतरे से बाहर है। मामले में तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की जाएगी। दूसरा चालक कार मौके पर छोड़कर भाग गया था।

# किसान की बेटी प्रेमी के साथ फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** परिजनों से छिपकर प्रेमी युगल फरार हो गया। काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला। मामले में किसान ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां एक किसान का परिवार रहता है। उनकी 18 वर्ष से बेटी को नूरपुर तुगल. काबाद का रहने वाला शाहरुख बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमीयुगल जिस समय फरार हुआ परिवार के लोग कहीं रिश्तेदारी में गए हुए थे। एसओ कोमल तोमर ने बताया कि मामले में आरोपी शाहरुख के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

# गौकशी के दो दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

## 18 साल पुराने मामले में आया कोर्ट का फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गोकशी से जुड़े 18 साल पुराने मामले में अदालत ने दो आरोपियों को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई। दोषियों पर 4100 रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

मामला मंडी धनौरा थाना क्षेत्र से जुड़ा था। साल 2007 में थाना पुलिस ने क्षेत्र में गोवंशीय पशु का वध करते समय बिजनौर जिले के चांदपुर निवासी वसीम पुत्र यासीन तथा शहजाद पुत्र अय्यूब की गिरफ्तारी की थी। दोनों गोवंशीय पशु का वध करने के बाद मांस दुकानों पर बेच देते थे। पुलिस ने मामले में गौवध व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया था। फिलहाल, इस मुकदमे में दोनों पर जमानत पर चल रहे थे। केस की सुनवाई स्थानीय एक अदालत में चल रही थी। लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को अदालत में केस की आखिरी सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता ने दोनों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए पैरवी की जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बरी करने के लिए अपने तर्क रखते हुए जिरह की। अदालत ने पत्रावली का अवलोकन किया तथा साक्ष्य के आधार पर वसीम और शहजाद को दोषी करार दिया। एसपी अमित कुमार आनंद के मुताबिक अमरोहा पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते मामले में अदालत ने दोनों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई है तथा 4100 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# गलत बिल निकालकर किसानों का उत्पीड़न

## आरोपी कर्मियों पर कार्रवाई को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन शंकर की पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए भारतीय सेना को बधाई दी। पंचायत के बाद किसानों से संबंधित समस्याओं का एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।

मंगलवार को उप जिला अधिकारी कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन शंकर की एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा की देश में किसानों को केसीसी के लिए जो बैंक में मिनिमम ब्याज दर की सुविधा हो जिसमें किसान अपना खाता उस बैंक में



पोर्ट कर सके। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़कर पांच लाख कर दी है। परंतु सभी बैंकों ने अभी इसे लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति सही समय से न मिलने के कारण किसानों को सिंचाई करने में परेशानी हो रही है। वहीं विद्युत कर्मियों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं का गलत बिल निकाल कर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। जिसे तुरंत बंद कराया जाये।उन्होंने तहसील एवं रजिस्ट्री कार्यालय को ग्राम करनपुर माफी स्थित नवीन भवन में संचालित किये जाने की मांग की। पंचायत के बाद उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की 23 मई तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। पंचायत में नेतराम सिंह, अनिल त्यागी, कुंव. रपाल, राम सिंह, वीर सिंह चौहान, बबीता रानी, मनोज कुमार, राम. निवास, विजय, केशव, अजय, सुंदर सिंह, सीताराम, जितेंद्र चौधरी, शेर सिंह राणा, हरि सिंह, विक्रम सिंह, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक ने लगाया ब्लैक मेलिंग का आरोप

## वीडियो वायरल किया, मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** सोमवार को सोशल मीडिया पर तहसील क्षेत्र के गांव फैय्याजनगर में स्थित प्राथमिक विद्यालय का मेज पर रखी शराब की बोतल की वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर जिलाधिकारी ने बीएसए को जांच के आदेश दिये थे। जांच के बाद दो अध्यापकों को तत्काल निलंबित करते ही शिक्षकों में हड़कंप मच गया मंगलवार को प्रधान अध्यापक अरविंद कुमार ने एक वीडियो जारी करते हुए बताया कि यह वीडियो जनवरी माह का है। गांव फैयाज नगर का रहने वाला एक युवक विद्यालय में आता जाता रहता था। और एक दिन बच्चों की छुट्टी के बाद में अपने साथी अध्यापक के साथ कार्यालय में कुछ काम कर रहा था। तभी युवक अचानक से शराब की बोतल मेज पर रख दी और उसके बाद वह वापस चला गया। उसने मोबाइल के जरिए वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करना शुरू कर दिया था। और अब 5 लाख की डिमांड कर रहा था। इसके संबंध में बीती 6 मई को सैद नगली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। लेकिन शिकायत के बाद युवक ने सोमवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी।

# मामूली कहासुनी में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

## आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट के दौरान एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ती स्थिति पर काबू पाया। मामले में दोनों पक्ष से आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पांयती कलां की है। यहां पर रिजवान और इमरान के परिवार रहते हैं। रविवार शाम पुराने विवाद को लेकर हुई मामूली कहासुनी में दोनों परिवारों के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले। दौड़ाकर पीटते हुए एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में मोहम्मद इमरान के बेटे मोईन की तहरीर पर रिजवान अली, हसन, इरफान व इलियास जबकि रिजवान की पत्नी रूबी की तहरीर पर सालिम जहां, जावेद, नावेद व फैजान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है, इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कारमेल स्कूल : इंटर में अथर्व व अभय , दसवीं में अलशिफा टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल में इण्टरमीडिएट व हाईस्कूल की परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इण्टरमीडिएट की परीक्षा

**■ प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रयास को सराहा**

में छात्र अथर्व सिंह चौहान व अभय सिंह यादव ने सर्वाधिक 91.66 % प्राप्त करके संयुक्त रूप से विद्यालय टॉप किया। जबकि आशीष चौहान ने 88.8 %, दीपांशी पाल ने 86.6 %, रेहान ने 85.8 % अंक प्राप्त किए। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा अलशिफा ने 91.2 % अंक प्राप्त करके विद्यालय टॉप किया। जबकि श्रेया पांडेय ने 90.6 %, उपासना ने 89.6%, नेहा ने 88.6 %, खुशी राजपूत ने 88.6% अंक प्राप्त किए। प्रबंधक विक्रम सिंह व प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सराहा और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रामपाल सिंह, धनवंत सिंह, सत्यपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, संजय कुमार, पूजा सैनी, कमलेश सिंह, ममता अग्रवाल, हेमंत चौहान, आशुतोष आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



अथर्व



अभय



अलशिफा

## दीप जलाकर शहीदों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर वीर शहीदों को नमन किया तथा हिन्दुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाये। मौहल्ला सादात में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए तथा जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले में आतंकवादियों द्वारा मारे गये पर्याटकों को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा वीर शहीदों को कैंडिल मार्च निकालकर नमन किया। इस मौके पर शाकिर मसूदी, शाहबुद्दीन सैफी, फरमान मलिक, याकूब सैफी, फहीम अहमद, मौ. शारिक, बिलाल अहमद, मौ. जुबैर, नवाबुद्दीन, जुनैद, शाहवेज आलम, नूर मौहम्मद मौजूद रहे।

# नोबल स्कूल : इंटर में सृष्टि , दसवीं में लकी टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नोबल पब्लिक स्कूल में इण्टरमीडिएट में छात्रा सृष्टि पाराशर ने 95 % अंक प्राप्त करके विद्यालय टॉप किया, जबकि हाईस्कूल की परीक्षा में छात्र अभिराज ने सर्वाधिक 94.6 %

**■ विद्यालय में उल्लास का माहौल**

अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय ने स्कूल के टॉपर्स के साथ अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को भी मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि इण्टरमीडिएट में छात्रा लकी चौहान ने 88.8 % अंक प्राप्त किए। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा आन्या गुप्ता ने 94.0 %, माही चौधरी एवं मनी रानी सिंह ने ने 93. 4%, जयदेव राना ने ने 92.4 % व आर्यन सिंह ने 91 % अंक प्राप्त किए। छात्र-छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन से विद्यालय के प्रबंधक राजीव उपाध्याय व शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ अभिभावकों में भी उल्लास का माहौल है।



सृष्टि



लकी चौहान

# अब कभी तेरे इशारे में नहीं आयेंगे...

## बज्मे अदब की ओर से महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बज्मे अदब के संयोजन में चाय और शायरी के उन्वान से गजल की महफिल का आयोजन किया गया। शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर समा बांध दिया। सोमवार रात शहर में सजी महफिल की अध्यक्षता जीशान अहमद शौक व संचालन शाह फजल अहमद ने किया। जीशान शौक ने कहा...अब तो आ जा के मेरे सांस भी कम होने लगे, तेरे बीमार पे यासीन के दम होने लगे। डा. नासिर अमरोहवी यूं नमूदार हुए...सारे आलम की खैर हो या रब सारी दुनिया में अम्न कायम हो। अनीस अमरोहवी ने पढ़ा...अब आस्तीं से फन को निकले हुए है देख, पहले ही मैंने टोका था ऐसे न पाल लोग। शाह फजल ने कहा पहले ही देख लिया तुझ पे भरोसा करके, अब कभी तेरे इशारे में नहीं आएंगे। मोहम्मद कासिम ने कहा...उन्हें भी चौन का लम्हा नसीब हो न सका ,जो कह रहे थे के जीना हराम कर देंगे। महफिल में इनके अलावा ताजदार अमरोहवी, मकारिम अली ,माइल आफंदी , गुलरेज अब्बासी, मेहरबान अमरोहवी, कौनेन असगर व इकरार अमरोहवी अपना कलाम पेश किया। आखिर में कन्वीनर कासिम अमरोहवी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# एसआरएस स्कूलः दसवीं में साक्षी, अदिति व दक्ष ने किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के एसआरएस इंटरनेशन स्कूल में हाईस्कूल कक्षा में 95.80 % अंक प्राप्त करके छात्रा साक्षी सिरोही, अदिति गुप्ता व दक्ष प्रताप ने

**■ एमडी व प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रयास को सराहा**

संयुक्त रूप से विद्यालय टॉप किया। विद्यालय के प्रबंध निद. ेशक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह, निदेशक पुनीत चौधरी व प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र चतुर्वेदी ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। निदेशक पुनीत चौधरी ने विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कई बच्चों ने संगीत विषय में सौ में सौ अंक प्राप्त किए हैं, वहीं 11 विद्यार्थियों ने 91% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। एमडी चौ. विरेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने कड़ी मेहनत करके स्वयं को साबित किया है। इसके लिये बच्चों की मेहनत के साथ साथ स्कूल के प्रधानाचार्य का मार्गदर्शन, शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रयास के साथ अभिभावकों का सहयोग भी मायने रखता है। वहीं विद्यालय के बच्चों को मिली इस उपलब्धि पर जश्न का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।



साक्षी



अदिति



दक्ष

# आंधी से आम की फसल को फिर नुकसान

## टूटकर पेड़ों से गिरा आम, भारी नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आंधी से एक बार फिर आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इस समय फलस तैयार होने के करीब है। लेकिन एक बार फिर आंधी ने आम ठेकेदारों के आरमानों पर पानी फेर दिया।

मंगलवार को जिले में सीजन की दूसरे आंधी ने दस्तक दी। जिससे आम ठेकेदारों के अरमानों पर पानी फेर दिया। हालांकि सुबह से ही दिन की शुरूआत तेज गर्मी के साथ हुई। दोपहर के समय उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। सभी उम्मीद लगा रहे थे कि या तो वर्षा या फिर आंधी आ सकती है। लोगों की यह उम्मीद करीब पौन सात बजे पूरी हो गई। देखते ही देखते हवा चलनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में इसने आंधी का रूप ले लिया। काफी देर तक चला अंधड़ लोगों को परेशान करता है। इसके अलावा सबसे ज्यादा परेशानी आम ठेकेदारों को उठानी पड़ी। पूर्व में जब आंधी आयी थी उस समय आंधी की फसल इतनी तैयार नहीं थी। लेकिन अब आम काफी बड़ा हो गया है। आंधी से वह टूटकर जमीन पर आ गिरा।

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, चले बम और कट्टे, छह गिरफ्तार



**दुकान के बाहर काउंटर रखने को लेकर हुआ था विवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के कौड़िया थानाक्षेत्र अंतर्गत आर्यनगर में सोमवार को दुकान के सामने लगा काउंटर को हटाने को लेकर दो पक्षों में जमकर हुए संघर्ष के बाद कई राउंड फायरिंग व हथगोला चलने का मामला सामने आया है। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों को हिरासत में लेते हुए घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह भेज दिया। मिली जानकारी के मुता.बिक थाना क्षेत्र के गोंडा, बहराइच मार्ग पर स्थित कस्बा आर्यनगर में एक दुकान के सामने से पड़ोस के दुक.ानदार ने काउंटर लगाकर अतिक्रमण कर लिया था। दुकान के सामने काउंटर हटाने को लेकर विजय पांडेय व पंकज सिंह के बीच कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। देखते ही देखते बड़े संघर्ष में तब्दील हो गया।इस दौरान कई राउंड फायरिंग और हथगोले भी फेंके गयए हैं। लड़ाई के दौरान दुकान में बैठे कुछ लोगों ने विजय पाण्डेय को दुकान के अंदर खींच ले जाकर मारा पीटा।

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग पहुंच गए। दोनों पक्षों के लोगों में जमकर लाठी डंडा, ईट ,पत्थर, व कई हथगोला फेंकते हुए कई राउंड फायरिंग की। जिससे आसपास की दुकान भी चपेट में आ गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेते हुए घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह भेजा। इस घटना की जानक.ारी अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय को होते ही वह क्षेत्राधिकारी करनैलगंज सौरभ वर्मा के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की व पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश हैं। इस संबंध में एएसपी ने बताया कि, इस प्रकरण में पुलिस ने जांच कर छह लोगों को गिरफ्तार करके उन्हें न्यायालय भेज दिया।

# यूपी में अभी और झुलसाएगी गर्मी, 19 जिलों में लू की चेतावनी

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी का कहर जारी है। मंगलवार को प्रदेश के लगभग 15 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग की ओर से बुधवार से प्रदेश के पूर्वांचल और तराई हिस्सों के 19 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में गर्मी और तपिश का प्रकोप और बढ़ने वाला है।

साथ ही अगले दो दिनों में प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मंगलवार को दोपहर बाद प्रयागराज में 42.2 डिग्री, वाराणसी में 41.8 डिग्री , लखनऊ और सुल्तानपुर में 41.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं, अमेठी बहराइच आगरा और झांसी में भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 48 घंटों में तापमान बढ़ा है और अगले चार से पांच दिनों में पारे में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो



सकती है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आज और कल उष्ण रात्रि की स्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि 14 से 15 मई तक पूर्वांचल और तराई के इलाकों में कहीं-कहीं लू या हीट वेव चलने की चेतावनी है। 16 मई से यह लू प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों तक फैल जाएगी। जबकि तराई में संभावित बारिश के चलते लू की स्थिति कमजोर पड़ सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 16 से 20 मई के बीच प्रदेश के तराई इलाके में चक्रवाती परिसंचरण विकसित हो रहा है । इसके असर से तराई में तीन से चार दिनों के लिए फिर से मौसम में बदलाव दिखेगा और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी के संकेत हैं। चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच व आसपास के इलाकों में।

## किसानों के लिए वरदान साबित होगी आव गंगा नदी: जयवीर सिंह

**फिरोजाबाद।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने तहसील सिरसागंज के ग्राम किसरांव में भारी जनसमूह के समक्ष पहुंचकर आव गंगा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने भूमि पूजन भी किया। आंव गंगा नदी की लंबाई 17 किलोमीटर है, जिससे 11 ग्राम पंचायतों को लाभ पहुंचेगा। इसके लिए 11 क्लस्टर बनाए गए हैं। इस नदी के जीर्णोद्धार में कुल 1200 मनरेगा श्रमिकों को लगाया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में जिस तरह से जल की महत्ता बढ़ रही है, इस दिशा में इस नदी का जीर्णोद्धार अविस्मणीय साबित होगा। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों ने यह घोषित किया है कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा। ऐसी स्थिति में हमें अपनी विलुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने में अपना योगदान देना चाहिए। बहुत पहले से यहां पर जल के अत्यधिक दोहन के कारण वाटर लेवल अत्यंत गिर गया था। परंतु इस नदी के जीर्णोद्धार से न केवल वाटर लेवल ऊपर होगा,अपितु इससे किसानों और पशु-पक्षियों को भी लाभ पहुचेगा। जिलाधिकारी के द्वारा इस संदर्भ में किए हुए विशेष प्रयासों के लिए उन्होंने जिलाधिकारी के साथ संपूर्ण प्रशासन को धन्यवाद अर्पित किया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी सदैव ही लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए कृत संकल्पित रहते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मंत्री की प्रेरणा से ही इस महत्वपूर्ण कार्य को आज हम वास्तविकता का रूप दे सके हैं। इस नदी के जीर्णोद्धार से इस क्षेत्र के हर तबके का विकास होगा। नदियां समाज नहीं अपितु किसी देश की पहचान होती हैं। इस अवसर पर मंत्री के हाथों विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चाबी, टैबलेट इत्यादि वितरित किए गए।

## बिजली समस्या से परेशान किसानों ने फीडर पर ताला लगाकर किया प्रदर्शन

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद क्षेत्र के तहत माधवगंज फीडर पर बिजली आपूर्ति समस्या से परेशान किसानों द्वारा फीडर में ताला डालकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन और हंगामा किया गया। शिकोहाबाद के माधवगंज फीडर पर भानु किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने एकत्रित होकर बिजली आपूर्ति व्यवस्था के विरोध में फीडर का गेट बंद कर उसमे एसएसओ को भी अन्दर बन्द कर और ताला डाल दिया गया। बाद में आक्रोशित किसानो द्वारा धरना देकर बैठ गए और नारेवाजी कर हंगामा काटते रहे। किसानों का कहना था कि सरकार द्वारा 10 घंटे बिजली देने का आश्वासन दिया गया है किंतु विद्युत विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे गांव को एक-एक घंटे मुश्किल से बिजली दे रहे हैं। फसल पूरी तरह सूख रही है। फसलें बर्बादी के कगार पर है। किसानों के प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस और एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर किसानों को विद्युत आपूर्ति सुधार का आश्वासन दिलाया। उसके बाद ही किसानों द्वारा फीडर का ताला खोला गया।

# विद्युत कर्मचारियों का आंदोलन आगे बढ़ना तय

## बिजली निजीकरण के मुद्दे पर प्रबंधन और समिति की बैठक बेनतीजा रही

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बिजली निजीकरण के मुद्दे पर पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल और विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता बेनतीजा रही। इस मसले पर दोनों ने अलग-अलग तर्क दिए। ऐसे में अब बिजलीकर्मियों का आंदोलन आगे बढ़ना तय माना जा रहा है। 14 मई को समिति पदाधिक.ारी बैठक कर आगे की रणनीति का ऐलान करेंगे।




निजीकरण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर शक्ति भवन में हुई बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने निजीकरण के प्रयोग को आगरा, ग्रेटर नोएडा और ओडिशा में विफल बताया। समिति ने पूर्व में हुए समझौतों का हवाला देते हुए सुधार शुरू करने की बात रखी और पूर्वांचल व दक्षिणांचल निगमों के निजीकरण को थोपने का आरोप लगाया। पदाधिकारियों ने बताया कि विद्युत उत्पादन निगम से वितरण निगमों को 4.17 रुपये और सेंट्रल सेक्टर से औसतन 4.78 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलती है। निजी घरानों से 5.45 रुपये प्रति यूनिट की दर से तथा शार्ट टर्म पावर परचेज से 7.31 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीदी जा रही है। अन्य माध्यमों से 14.204 रुपये तक प्रति यूनिट की खरीद होती है। महंगी बिजली खरीदने की वजह से उत्पादन निगम की तुलना में लगभग 9521 करोड़ का अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। समिति के प्रतिनिधिमंडल में शैलेंद्र दुबे, जितेंद्र सिंह गुर्जर, महेंद्र राय, पीके दीक्षित, सुहेल आबिद शामिल हुए। बैठक के बाद पावर कार्पोरेशन एक बयान जारी किया। इसमें बताया गया कि ऊर्जा की आपूर्ति और प्राप्त होने वाले राजस्व में गैप लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2020-21 में 8000 करोड़ की सब्सिडी एंड लांस फंडिंग की गई, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 46000 करोड़ से अधिक हो गई। वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 60 हजार करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। पांच साल से बिजली दर नहीं बढ़ी हैं। अलग-अलग ऊर्जा स्रोतों से बिजली खरीद के समझौते अन्य प्रदेशों की अपेक्षा कम हैं। पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल निगमों की वाणिज्यिक मानक सबसे खराब है। पूर्वांचल में प्रति यूनिट विद्युत आपूर्ति पर 4.33 रुपये और दक्षिणांचल में 3.99 रुपये की हानि हो रही है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, होगी कार्रवाई: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी तरह की लाप.रवाही न बरतें अधिकारी, नहीं तो उनके विरुद्ध की जायेगी कड़ी कार्यवाही।

यह बातें मंगलवार को अपने समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों से कहीं। बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिका.रियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, षजिला प्रशासन गोंडा जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा की जा रही है। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला कृषि अधिक.ारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एआरएम रोडवेज, प्रधानाचार्य आईटीआई को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी गोंडा सदर, कर्नलगंज, तरबगंज तथा मनकापुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पहचान छिपा कर शादी का दबाव बनाने वाले गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के खुटार क्षेत्र में दो मुस्लिम भाइयों ने अपना नाम और धर्म छिपा कर अन्य राज्य की निवासी नाबालिग से विवाह का दवाब बनाया मगर ऐन वक्त पर किशोरी की मां को सच्चाई का पता चल गया और उसने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को महिला की तरफ से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि महिला मूलरूप से बिहार की रहने वाली है। वर्तमान में हरियाणा के फरीदाबाद अपनी दो नाबालिग बेटियों (15) तथा (4) के साथ रहकर मजदूरी करती है। वहीं शाहजहांपुर जिले थाना खुटार के सरोजनीनगर निवासी वहोरे आलम भी मजदूरी करता था। काम करने के दौरान उससे जान पहचान हो गई। जान पहचान के दौरान वहोरे आलम ने अपना नाम राकेश बताया फिर उसने अपने भाई छोटू उर्फ जान मोहम्मद को भी फरीदावाद बुला लिया और अपने भाई का भी परिचय हिन्दू वताया। दोनो मां बेटी को शादी का झांसा देकर 11 मई को अपने घर खुटार ले आये। यहां आने पर महिला को सच्चाई पता लगी। उन्होंने बताया कि महिला को इनका मुस्लिम धर्म पता चलने पर बेटी की शादी करने से इंकार कर दिया और वापस जाने को कहा तो उक्त दोनो भाई नावालिग वेटी के ऊपर शादी का दवाव डालने लगे । महिला ने स्थानीय लोगों की मदद से थाना खुटार पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया।पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## 92 प्रतिशत अंक लाकर दिव्यांश ने जिले का बढ़ाया मान

**गोंडा।** मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। 2025 की परीक्षा में जिले के करनैलगंज क्षेत्र निवासी सुभाष सिंह के पुत्र दिव्यांश प्रताप सिंह ने जिले में सर्वाधिक 92 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। दिव्यांश बस्ती जनपद के हरैया स्थित लिटिल फ्लॉवर हायर सेकेंड्री स्कूल से पीसीएम पलस सी एस ग्रुप का छात्र था जिसने 92: अंक हासिल कर जिले में टॉप किया है। दिव्यांश प्रताप सिंह की इस शानदार कामयाबी पर उनके स्कूल सहित सगे संबंधियों में हर्ष का माहौल है । दिव्यांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परि.जनों व गुरुजनों को दिया है। दिव्यांश ने कहा कि मेरे माता-पिता व गुरुजनों का अटूट विश्वास व सहयोग मेरे लिये सबसे बड़ा सहारा रहा है। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से हमें इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली महमूदाबाद पुलिस ने बाराबंकी जनपद के बढूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जगईपुर निवासी उदय प्रताप पुत्र हरिराम को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद करने का दावा किया है। इस मामले में महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने उदय प्रताप के खिलाफ महमूदाबाद कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी उदय प्रताप को न्यायालय में पेश किया है।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ संचालक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिला पुलिस ने कपिल थाना क्षेत्र में एक अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भाडा फोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 30 बने अधबने अवैध शस्त्र बरामद किए तथा संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कारवाई की है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कंम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या, एस ओ जी प्रभारी उप निरीक्षक सचिन सिंह चौधरी एवं सर्विलांस टीम ने, अपने दल बल के साथ थाना क्षेत्र के साधनगर मार्ग पर नगला रैद समीप एक टीलेके गड्ढ़े में अवैध शस्त्र बनाने की चल रही फैक्ट्री पर देर रात छापा मारा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अवैधशस्त्र फैक्ट्री का भाड़ा फोड़ करते हुए संचालक अन्तराम यादव निवासी ग्राम राजेपुर कुर्रा थाना सिकंदरपुर वैश्य जनपद कासग.ंज को गिरफ्तार किया गया, जबकि इसका दूसरा साथी जनपद बदायूं के थाना दातागंज के ग्राम दहारपुर का निवासी रामपाल शर्मा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने इस पकड़े गए शस्त्र फैक्ट्री संचालक अंतराम यादव के कब्जे से बने तथा अध बने अवैध 315 बोर 12 बोर के तमंचे, राइफल, रिवाल्वर 32 बोर समेत 30 से अधिक नाजायज हथियार तथा इन्हें बनाने के उपकरण आदि भारी मात्रा मे बरामद किए गए। अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालक अंन्तराम यादव ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया।

## पिकअप की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के दुर्गागंज क्षेत्र में सोमवार की अर्धरात्रि में तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मतेथू-बीरमपुर गांव के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से जा भिड़ी। इस हादसे में धर्मेंद्र सिंह (39) और आयुष सिंह (15) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दोनों रिश्ते में मौसेरे भाई थे जो बारात से वापस लौट रहे थे।

## विधानभवन के समक्ष बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन, स्पीकर ने किया शुभारंभ

**लखनऊ।** ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगल को जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। लखनऊ में तो आज हर तरफ बजरंग बली के भक्तों ने भंडारों का आयोजन किया, जिनमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगल के पावन अवसर पर पत्रकारो के सौजन्य से विधानसभा परिसर के समक्ष भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# भगवान बुद्ध के उपदेश आज भी प्रासंगिक: प्रणव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।**भारतीय डाक विभाग के तत्वावधान में आज लखनऊ जीप.ीओ में यूपी परिमंडल द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने के लिए हविशेष आवरण एवं विशेष विरूपण जारी किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीपीएमजी प्रणव कुमार ने विशिष्ट अतिथि पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय, निदेशक डाक सेवाएं लखनऊ आनंद कुमार सिंह, निदेशक डाक सेवायें गाजियाबाद प्रवीण कुमार एवं भन्ते ज्ञानालोक, अध्यक्ष महाबोधि सोसाइटी ऑफ् इंडिया बुद्ध विहार की उपस्थिति में 'बुद्ध पूर्णिमा' के पवित्र अवसर पर हविशेष आवरण एवं विशेष विरूपण का अनावरण एवं विमोचन किया। मुख्य अतिथि प्रणव कुमार चीफ पोस्टमास्टर जनरल यूपी परिमंडल ने सभा को संबोधित करते हुए आज के परिप्रेक्ष्य के अनुसार बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को आत्मसात करने का आह्वाहन किया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध के उपदेश और सुझाये गयए मार्ग समाज को दिशा देते हैं। भगवान बुद्ध की शिक्षा आज भी प्रासंगिक और समाज को प्रगति की राह पर ले जाने वाली है। समारोह में विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार राय ने देश के प्रथम जीवित विचारक भगवान बुद्ध का स्मरण किया और उनके राज.कुमार से गया प्राप्ति तक के सफ़र का भी उल्लेख किया स भारतीय डाक विभाग द्वारा कल जीपीओ में 'बुद्ध पूर्णिमा' के पवित्र अवसर पर एक विशेष डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत 'भगवान बुद्ध और बौद्ध विरासत' से सम्बंधित टिकट एवं अन्य डाक टिकट संग्रह सामग्री प्रदर्शित की गई। आज आयोजित समारोह में प्रवर अधीक्षक डाकघर गाजियाबाद मण्डल, चीफ पोस्ट मास्टर, लखनऊ जीपीओ सहायक निदेशक यूपी परिमंडल एवं मुख्यालय परिक्षेत्र लखनऊ तथा डाक कर्मी उपस्थित रहें।

# धान खरीद घोटाले में गाज गिरना तय

**एसआईटी जांच में होश उड़ाने वाला खुला.सा, जिले से लेकर पीसीएफ मुख्यालय तक के अफसर नपेंगे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड में धान खरीद घोटाले के तार जिलों से लेकर प्रदेश मुख्यालय तक जुड़े हैं। एसआईटी जांच में इसके भी सुबूत मिले हैं। मामले की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को सौंपे जाने के बाद अमित चौधरी से जुड़े अफसर भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। इसी तरह तत्कालीन एसडीएम, एडीएम और लेखपाल पर भी गाज गिर सकती है, क्योंकि उस वक्त किसान सत्यापन का कार्य इन्हीं के जिम्मे था। वर्ष 2023-24 में धान खरीद घोटाले की जड़ें काफी गहरी हैं। इसका अंदा.जा इस बात से लगाया जा सकता है



कि बस्ती के जिला प्रबंधक रहते अमित चौधरी को पहले सिद्धार्थनगर का चार्ज दिया गया। फिर सिद्धार्थनगर में नियमित करके बस्ती का चार्ज थमा दिया गया। वह सिद्धार्थनगर ही नहीं बस्ती, संत कबीरनगर सहित अन्य जिलों में भी धान खरीद में चल रहे खेल को संचा.लित करता रहा। मामला सदन में उठने के बाद जांच शुरू हुई। सूत्रों के मुताबिक एसआईटी की जांच में जिला प्रबंधक के साथ ही अकाउंटेंट परमानंद उपाध्याय, छह क्रय केंद्र प्रभारी, धान ढुलाई में लगे ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान पता चला कि 37 क्रय केंद्र पर धान खरीद में घालमेल किया गया। जांच में लगी पुलिस ने करीब 4200 किसानों के खातों की पड़ताल की है। इसमें पता चला कि कई किसानों ने 63 बार धान बेचा है। इनके खाते एक ही हैं, लेकिन ओटीपी के लिहाज से मोबाइल नंबर बदल-बदल कर प्रयोग किया गया है। धान बिक्री के संबंध में किसान के आनलाइन आवेदन पर लेखपाल रिपोर्ट लगाता है। पांच हेक्टेयर से कम भूमि वालों का सत्यापन एसडीएम और इससे अधिक भूमि वाले किसानों का सत्यापन एडीएम करते हैं। ऐसे में ईओडब्ल्यू की जांच के दायरे में लेखपाल, एसडीएम और एडीएम भी आएंगे। धान खरीद में पीसीएफ के अधिकारियों के साथ ही क्रय केंद्र प्रभारियों और ढुलाई में लगे ठेकेदारों की भी मिलीभगत रही। बिना धान खरीदे ही ढुलाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए है। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि ढुलाई में 10 ठेकेदार काम कर रहे थे। इसमें से दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई और वे जेल में हैं। इसी तरह 37 क्रय केंद्रों में से छह केंद्र प्रभारियों को भी जेल भेजा जा चुका है। अब अन्य क्रय केंद्रों से जुड़े डाटा की भी पड़ताल की जा रही है। इन केंद्रों के दस्तावेज और यहां धान बेचने वाले किसानों का सत्यापन किया जा रहा है।

# प्रदेश की घरेलू महिलाएं बनेंगी सफल खाद्य उद्यमी

## पीएम योजना से मिलेगा नया संबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में घरेलू रसोई से निकलकर अब महिलाएं अपने स्वाद, परंपरा और हुनर को खाद्य व्यवसाय में बदलकर एक नई मिसाल पेश करेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पी एम एफ एम इ) के अंतर्गत 121.91 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है, जिससे प्रदेश के ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में पारंपरिक खाद्य उत्पादों से जुड़े छोटे-छोटे उद्योगों को आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। यह योजना खास तौर पर घरेलू महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और परंपरागत खाद्य उत्पादकों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है, जो अब तक केवल अपने घरों तक सीमित थीं, लेकिन अब अपने उद्यम को व्यावसायिक स्वरूप देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर हो सकेंगी।

इस योजना के तहत प्रदेश सरकार की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों की महिलाएं आचार, पापड़, नमकीन, जैविक उत्पाद, चटनी और अन्य पारंपरिक खाद्य सामग्री के उत्पादन को आधुनिक उपकरणों और बेहतर प्रशिक्षण के जरिए न केवल बढ़ा सकें, बल्कि उन्हें गुणवत्ता और ब्रांडिंग के पैमानों पर भी स्थापित कर सकें। सरकार इन महिलाओं को संयंत्र, मशीनें, पैकेजिंग उपकरण, विपणन सहयोग, तकनीकी परामर्श और आधुनिक प्रशिक्षण की सुविधाएं प्रदान करेगी। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि उसकी मांग भी राज्य और राष्ट्रीय बाजारों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ेगी। यह पहल प्रदेश में स्थानीय उत्पादों की पहुंच को वैश्विक बाजार तक ले जाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष फोकस इस योजना के माध्यम से केवल आर्थिक विकास पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव पर भी है।

जब ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अपने घर के स्वाद और अनुभव को आर्थिक अवसरों में बदलेंगी, तो इससे न सिर्फ उनकी आमदनी बढ़ेगी, बल्कि वे अपने परिवार और समाज में भी सशक्त भूमिका निभा सकेंगी। यह योजना नारी सशक्तिकरण को नया आयाम देने के साथ-साथ गांवों में स्वरोजगार और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से एक समावेशी विकास मॉडल को बढ़ावा मिलेगा, जिसमें परंपरा, तकनीक और उद्यमिता का सुंदर समन्वय देखने को मिलेगा। सरकार द्वारा स्वीकृत कुल 121.91 करोड़ रुपये में से 84.91 करोड़ रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों को अनुदान के रूप में दी जाएगी, जिससे उन्हें मशीनों और अन्य आवश्यक उपकरणों की खरीद में मदद मिल सकेगी। इसके अलावा 9.50 करोड़ रुपये व्यावसायिक सेवाओं, 3.50 करोड़ रुपये प्रशिक्षण और प्रशासनिक खर्चों, 24 करोड़ रुपये संयंत्र और मशीनों की आपूर्ति, तथा अन्य दो मदों में क्रमश: 2.52 करोड़ और 17.01 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु केंद्र और राज्य सरकार की साझा निगरानी व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। यह पहल उत्तर प्रदेश की महिलाओं के लिए केवल एक आर्थिक योजना नहीं, बल्कि उनके जीवन में सामाजिक और मानसिक बदलाव लाने वाला अवसर है।

# जयेष्ठ के प्रथम मंगलवार पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को जिले के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। मंदिरों में विशेष पूजन किया गया। इस दौरान लोगों ने सुंदर कांड का पाठ कर हवन कराया। जिला मुख्यालय पर जेलरोड स्थित बड़े महावीर मंदिर पर भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की प्रसाद चढ़ाया।

घंटाघर हनुमान मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। नैपालापुर हनुमान मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। नैमिषारण्य स्थित पौराणिक हनुमान गढ़ी लोगों की आस्था का केंद्र रही। जय हनुमान के जयकारों के साथ यहां सुबह से लेकर शाम तक हजारों भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर पुण्यलाभ कमाया। मंदिर प्रबंधन कमेटी के महंत बजरंग दास ने दक्षिणेश्वर हनुमान जी का विशेष शृंगार किया गया। विभिन्न स्थानों से आए भक्तों की ओर से भंडारों का आयोजन किया गया। उधर मां ललिता देवी मंदिर प्रबंधन कमेटी की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। सीतापुर शहर के बड़े हनुमान मंदिर, छोटे हनुमान मंदिर, पावर हाउस स्थित हनुमान मंदिर समेत क ई स्थानों पर विशेष पूजन किया गया। शहर के लालबाग, ग्रीकगंज, ट्रांसपोर्ट, रोडवेज बस स्टैंड, आंख अस्पताल मार्ग स्थित मंदिरों के अलावा तरीनपुर, हरदोई चुंगी, नैपालापुर चौराहे, रेलवे स्टेशन समेत कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। इनमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हर तरफ हनुमान भक्ति के गीत प्रसारित होते रहे। जिससे पूरा माहौल हनुमानमय नजर आया। माखूपुर बेहड़ में शर्बत का स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को शर्बत पिलाया गया।

# वाहन की टक्कर से बुझ गया गरीब का इकलौता चिराग

■ दवा लेकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दवा लेकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद डाला। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ में मौजूद उसकी मौसेरी बहनें माला देवी, वियोला देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों बहनों का अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद मृतक के परि. जनों में कोहराम मच गया है।



देवरनियां कोतवाली क्षेत्र हल्का नम्बर चार की ग्राम पंचायत चठिया निवासी 19 वर्षीय नितिन पुत्र विजय पाल मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार की देर रात्रि वह अपनी दो मौसेरी बहनों माला देवी 32 वर्ष, बियोला देवी की उम्र 19 वर्ष को दवा दिलाने के लिए पास के कस्बा मुंडिया जागीर गया था। तीनों लोग बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी देवर. नियां विद्युत उपकेन्द्र ग्रेट के सामने बहेड़ी की तरफ से एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में दोनों बहनें बियोला देवी, माला देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मगर पुलिस आधा घन्टे बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जबकि बहनों की हालत गंभीर बनी हुई है, और उनका इलाज जारी है। उधर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर बरेली पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सूचना मिलते ही परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। नितिन की मौत से पूरे परिवार में शोक की लहर है। परिजनों ने बताया कि नितिन परिवार का इकलौता बेटा था, और घर की आर्थिक जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस ने तीन को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक ने जहां दो युवकों को चरस के साथ पकड़कर जेल भेजा है, तो वहीं कोतवाली के एक उप निरीक्षक ने एक युवक को 14 शराब के अवैध पैकेट से पकड़कर जेल भेजा है। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में खलवली मच गई है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे के रामल. ीला मैदान में दविश देकर क्षेत्र के गांव खिजरपुर के रहने वाले जावेद पुत्र बुन्दन खां और उसके साथी ग्राम चुनुआ के रूम सिंह पुत्र रामचंद्र को 50 ग्राम चरस के साथ पकड़कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उनकी बाइक को भी सीज कर दिया। इसके साथ ही थाने के उप निरीक्षक रत्नेश कुमार ने दविश के दौरान ग्राम ज्वोरा मकरंदपुर के स्कूल के पास से गांव के सुनील कुमार पुत्र विरमेश चन्द सक्सेना को 14 अदद देशी शराब के पैकेटों के साथ पकड़कर जेल भेज दिया।

# डीएम ने गेंहू क्रय केन्द्रों का निरीक्षण

■ डीएम की अध्यक्षता में गेंहू खरीद के संबंध में बैठक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद के संबंध में बैठक हुई।

बैठक में समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि इस समय गेहूं खरीद लक्ष्य के सापेक्ष कम चल रही है, जिसपर उन्होंने डिप्टी आरएमओ को गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने तथा खरीद को बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिए कि एक सप्ताह गेंहू क्रय का विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें सभी एसडीएम, तहसीलदार किसानों से सम्पर्क कर गेंहू विक्रय करायेंगे।




बैठक में उन्होंने समस्त क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिसकी खरीफ कम रहेगी उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि नवाबगंज गेहूं क्रय केन्द्र की खरीद कम होने के कारण केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध दण्डवत कार्यवाही के निर्देश दिये। समस्त क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये गये कि लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें तथा किसानों से भी लगातार गेहूं खरीद के सम्बन्ध में वार्ता करते रहें तथा उनका भुगतान भी यथाशीघ्र करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। मीरगंज में किसानों के पंजीकरण की संख्या कम पायी गयी, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रचार-प्रसार कर पंजीकरण बढ़ाने के निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, डिप्टी आरएमओ कमलेश कुमार पाण्डे सहित समस्त जिला सहायक निबंधक एवं समस्त मंडी सचिव उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सीबीएससी बोर्ड के इण्टर और हाईस्कूल के परीक्षाफल में छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सीबीएससी बोर्ड के इण्टर और हाईस्कूल के परीक्षाफल में नगर के कई छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी, और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



कस्बे के मिशन पब्लिक स्कूल के इण्टर मीडिएट के छात्र अनुज गंगवार ने मैथ ग्रुप में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। यह युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार के पुत्र हैं। छात्र ने हाईस्कूल में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। इसके साथ ही कस्बे के सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा अलीशा अंसारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, यह पूर्व सभासद मो० असलम अंसारी की पुत्री हैं। इसके साथ ही इसी विद्यालय के छात्र मो० सैफ ने इण्टर मीडिएट में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही इसी विद्यालय की छात्रा शिखा गंग. वार ने इण्टर मीडिएट में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने कॉलेज के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक आनंद सैमसन ने सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### भाजपा नेता की शिकायत पर शासन ने दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बीते साल हुए विकास कार्यों में घोटाला किए जाने की शिकायत पर नगर विकास विभाग के विशेष सचिव ने जांच के आदेश दिए हैं। कस्बे के भाजपा नेता सचिन रस्तोगी द्वारा की गई इस शिकायत पर जांच के आदेश दिए गए हैं।

पूर्व विस्तारक सचिन रस्तोगी ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष द्वारा एक जनवरी 2023 से लेकर एक जनवरी 2024 तक कराए गए विकास कार्यों में खानापूरी कर सरकारी धन का गवन किए जाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही सचिन रस्तोगी ने नक्शा बनवाए जाने के नाम पर एक हजार से 20 हजार रुपए लिए जाने का आरोप लगाया है। इस शिकायत पर नगर विकास विभाग के विशेष सचिव सत्य प्रकाश ने जांच के आदेश दिए हैं।

# स्वीकृत कॉलोनी की आड़ में बसा दी अवैध कॉलोनी

■ पांच सौ परिवार परेशान, अफसरों से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बीडीए से स्वीकृत कॉलोनी की आड़ में अवैध कॉलोनी बसा दी गई। इस वजह से नाले के पानी की निकासी बंद हो गई है। हल्की बारिश में भी जल भराव की स्थिति बन रही है। इससे स्वीकृत कॉलोनी में रहने वाले करीब 500 परिवार परेशान हैं। मामले की शिकायत मंडलायुक्त सहित अन्य अधिकारियों से की गई है।

नैनीताल रोड पर दोहना टोल प्लाजा के पास स्थित पार्क एवेन्यू के वासियों की ओर से की गई शिकायत के मुताबिक, कॉलोनी के गेट से ही रास्ता देकर एक अवैध कॉलोनी (प्रगति कॉलोनी) का निर्माण हुआ है। इसमें 25 से 30 परिवार रहने लगे हैं। इस कारण पार्क एवेन्यू की जल निकासी बाधित हो गई है। बारिश होने पर चार से पांच दिन में पानी निकल पाता है।

नालियों में भी पानी भरा रहता है। बिल्डर की ओर से दिए आश्वासन के मुताबिक, सड़क, पार्क, ओपन जिम, क्लब हाउस आदि सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। सड़कों का पुनर्निर्माण भी नहीं हुआ है, जबकि मेंटेनेंस चार्ज हर माह लिया जाता है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। कॉलोनी वासियों ने मंडलायुक्त, डीएम, बीडीए उपाध्यक्ष और डीजी इंफ्रा को शिकायती पत्र भेजा है।

### कॉलोनी में लगे हैं प्री पेड मीटर

शिकायत के मुताबिक, कॉलोनी के घरों में प्री-पेड मीटर लगे हैं। इसका मेंटेनेंस शुल्क प्रतिमाह लिया जाता है। मेंटेनेंस शुल्क मिलाकर यहां बिजली औद्योगिक दर से भी महंगी पड़ती है। शुल्क नहीं देने पर बिजली बंद कर दी जाती है।

### बिल्डर बोले- मैं तो यहां किरायेदार हूं...

बीडीए से स्वीकृत पार्क एवेन्यू कॉलोनी के शिकायतकर्ताओं ने जिस बिल्डर पर आरोप लगाया है, वह खुद को किरायेदार बता रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि बिल्डर आशीष गुप्ता ही हैं और उनके साथ एक अन्य पार्टनर भी इसमें शामिल हैं। वह बचने के लिए यह बात कह रहे हैं।

### कॉलोनी में समस्याओं का अंबार

कॉलोनी में समस्याओं का अंबार है। यह न तो ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में है, न ही निगम के। अवैध कॉलोनी ने अब जल निकासी बंद कर दी है। - **संजीव कुमार**

समस्या का समाधान कॉलोनाइजर कर सकते हैं, लेकिन उन्हीं की मिली भगत से अवैध कॉलोनी का निर्माण हुआ है। स्वीकृत कॉलोनी के लोग परेशान हैं। - **अतुल माथुर**

कॉलोनी के नाम पर हमे ठगा गया है। बीडीए से स्वीकृत होने की वजह से यहां भूखंड लिया था, पर अब रहना दूभर हो गया है। - **शैलेश चंद्र वर्मा**

अधिकारियों से मामले की शिकायत की है। इसमें कॉलोनाइजर भी मिला हुआ है। उसने पल्ला झाड़ लिया और कॉलोनी से ही रास्ता भी दे दिया। यह गलत है। - **जितेंद्र कुमार**

बीडीए के सचिव योगेंद्र कुमार ने बताया कि कॉलोनी अवैध है तो बीडीए कार्रवाई करेगा। नागरिक सुविधाएं बिल्डर और आरडब्ल्यूए ही देंगे। अगर वादे के अनुरूप सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं तो यूपी रेरा में शिकायत कर सकते हैं।

# पुलिस ने सीमा पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

■ चार संदिग्ध वाहन पकड़े, कई के किए चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से हाल ही में हुई तनातनी के बाद पुलिस-प्रशासन संदिग्ध गति. विधियों को लेकर सख्त होष्ट गया है। इसी के तहत मंगलवार को कोतवाली देवरनियां पुलिस ने हाइवे की सीमा पर भोजीपुरा पुलिस के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों की चेकिंग की गईध।



कोतवाली देवरनियां के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा मय फोर्स के साथ बरेली-नैनीताल हाइवे पर देवरनियां-भोजीपुरा थानों की सीमा वसुधरन अड्डे पर वाहनों की चेकिंग की।

इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि कई वाहनों के मानक पूरे न होने पर चलान किए गए, जबकि चार वाहनों को संदिग्ध के आधार पर पकड़ा गया है, जिनकी जांच चल रही है। इस दौरान भोजीपुरा इंस्पेक्टर प्रवीण सोलंकी भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। पुलिस के चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

# डीएम के निर्देश नजर अंदाज, अवैध खनन जोरों पर!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** अवैध खनन को लेकर डीएम अविनाश सिंह ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए संज्ञान लेकर कार्रवाई करने के निर्देश देने के बावजूद कोतवाली देवर. नियां क्षेत्र में अवैध खनन का खेल जोरों पर किया जा रहा है, और इसपर कोई रोक भी नहीं लग रही है। वेखौफ खनन माफिया अवैध खनन कर रहे हैं, और जिम्मेदारानष्ट इस तरफ से आंखे फेरे हुए हैं। हद तो यह खनन का खेल दिन तक में जारी है। जिनको पकड़ना है, वही आंखे फेरे हुए हैं।

कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में अवैध खनन का खेल बदसतूर जारी है। देवरनियां के पास इलाके का एक प्रसिद्ध खनन माफिया रात के अंधेरे में धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहा है। सूत्रों की मानें तो इसकी जानकारी इलाकाई पुलिस को है, तब भी पुलिस नजर अंदाज बनी हुई है।

इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी रिछा क्षेत्र में भी धड़ल्ले अवैध खनन किया जा रहा है। गांव मंगदपुर के पास से मिट्टी लाकर रिछा के पास डाली जा रही है। यह खेल दिन तक में जारी रहता है। रिछा-जहानाबाद रोड से मिट्टी भरी ट्रालियां दौड़ती नजर आ जाएंगी। सुबह भोर होने पर यह खेल शुरू हो जाता है, और दिन के दस बजे तक चलता है। इनकी सेटिंग चौकी पुलिस और डायल 112 से होना बताई जाती है।

इस संबंध में इंस्पेक्टर देवरनियां दिनेश कुमार शर्मा से बात करना चाही, मगर उष्नसे बात नहीं हुई।

# शुभम ने 96 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में प्राप्त किया पहला स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मिशन एकेडमी के इंटर के छात्र शुभम ने 96 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि हाईस्कूल में यशिका गंगवार ने 98 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल टॉप किया है।

12वीं कक्षा में विज्ञान वर्ग के छात्र शुभम सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा अजीम ने 95.5 प्रतिशत अंक, नितिन ने 93.4 प्रतिशत अंक, हिमांशु ने 91.1 प्रतिशत अंक और अन्नया ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कॉमर्स वर्ग में नवाफ मोहम्मद नासिर ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कॉमर्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 10वीं कक्षा में यशिका गंगवार ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा उत्कर्ष ने 95.2 प्रतिशत अंक, दिव्या ने 93.2 प्रतिशत अंक, आयुष ने 93 प्रतिशत अंक और सूफियान ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

विद्यालय के प्रबंधक एमएस गंगवार, मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर गंगवार और कार्यकारी डायरेक्टर वैभव गंगवार ने सभी छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को बधाई दी है, और उनके कठिन परिश्रम की सराहना की है। प्रधानाचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर प्रशासक बाबूराम गंगवार, आदेश गंगवार, प्रधानाचार्य चंद्र शेखर, धरनीधर शांख्यधर, डीसी कश्यप, रीता कोठारी पांडे और परविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ऐनडी एकेडमी ने सीबीएसई परीक्षा में फिर लहराया परचम

■ हाईस्कूल में 99 प्रतिशत, इण्टर में 91 प्रतिशत उत्तीर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सीबीएसई परीक्षा में इस बार भी बालिकाओं ने अपना परचम लहराया शहपुरा स्थित ऐन डी एकेडमी के शानदार परीक्षाफल ने सबको चौंका दिया है इण्टर की परीक्षा में पलक यादव ने 93प्रतिशत अंक पाकर कालेज टॉप किया है अर्पित गंगवार ने 81.6प्रतिशत अंक पाकर दूसरा लम्हा खान ने79.4प्रतिशत अंक पाकर तीसरा एवं सुजैन ने 79 प्रतिशत अंक पाकर चौथा पवन कुमार ने 73प्रतिशत अंक पाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

हाइस्कूल की साक्षी ने 85 प्रतिशत अंक पाकर कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है मोहम्मद फहीम ने 83प्रतिशत अंक पाकर दूसरा, अंजला कमर ने 82.8प्रतिशत अंक पाकर तीसरा अक्षा कोहिनूर 82.6प्रतिशत अंक पाकर चौथा समीर ने 80प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पांचवां स्थान प्राप्त किया है इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधक डाक्टर धर्म सिंह ने सभी उत्तीर्ण छात्र,छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है सी बी एस ई परीक्षा में ग्रामीण इलाकों में भी कायम रहा जलवा।

सीमित संसाधनों के बाजूद भी ग्रामीण इलाकों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है बस उनको निखारने की जरूरत है एन डी एकेडमी में हाइस्कूल एवं इण्टर में शानदार सफलता हासिल करके यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र किसी भी मायने में शहरी क्षेत्र से पीछे नहीं है ग्रामीण इलाके में सी बी एस ई बोर्ड दिल्ली से इंग्लिश मीडियम से स्कूल खोलकर ग्रामीणों में इंग्लिश मीडियम की अलख जगाने वाले डाक्टर धर्म सिंह को वास्तव में सैल्यूट के पात्र है।

# कोर्ट में पैरवी की कमी से लोग छूटने न पाएं: डीएम

■ डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिये कि जिन भी केसों में सरकार का पक्ष हारता है तो उन केसों की निर्धारित समय में अपील अवश्य की जाये। उन्होंने कहा कि यह पूरा एक टीम वर्क है, हम लोग को चिन्हित कर कार्यवाही करते हैं और कोर्ट में पैरवी की कमी से यदि लोग छूट जाते हैं यह स्थिति ठीक नहीं है।

बैठक में निर्देश दिए गए कि जो बुकलेट प्रस्तुत की जाये उसमें केसों के बाद यदि वह रिहाई हो गयी हैं तो क्या कारण रहे हैं, उसका विस्तृत विवरण संलग्न किया जाये।




बैठक में एनडीपीएस के वादों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि सम्मन के सापेक्ष तामिला कम है इसे बढ़ाने के निर्देश दिये।

गैंगस्टर एक्ट में छूटे हुये मामलों को पुन: देखने और समीक्षा करने के निर्देश दिये गये। बैठक में डीएम ने कहा कि शासन स्तर से इन सभी की समीक्षा होती है और आप सब की परफार्मेन्स भी इसी पर निर्भर करती है कि आप रिहा मामलों के सापेक्ष कितने प्रकरणों में अपील दायर करते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकरी नगर ने कहा कि तामिल के बाद भी साक्षी उपस्थित न हो पाता है तो वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से भी ब्यान कराये जाये। बैठक में निर्देश दिए गए कि अपने केस को मजबूत करने के लिए पूरी स्टैटजी तैयार करें, मात्र अपील भेज कर इति श्री न समझें उसका फालोअप भी लेते रहें। उन्होंने कहा कि अधिकांश वादों में लोग होस्टाइल हो रहे हैं इसके कारणों पर भी ध्यान दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधिक्षक अपराध मुकेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ जेल अधिक्षक केन्द्रीय करागार जेलर जिला जेल, डीजीसी/एडीजी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीबीएसई रिजल्ट: 12वीं में स्तुति और यशस्वी कुमार ने मंडल में किया टॉप

■ 10वीं में यशिका गंगवार बनीं बरेली टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से 12वीं की परीक्षा का परिणाम मंगलवार दोपहर को घोषित कर दिया गया। बरेली में 12वीं में दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्तुति वर्मा व यशस्वी कुमार ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर वीके मिश्रा ने बताया कि स्तुति और यशस्वी ने बरेली मंडल में टॉप किया है। वहीं, जीआरएम डोहरा रोड ब्रांच के केशव भाटिया ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं माधव राव सिंधिया स्कूल की पावनी के 97.6 प्रतिशत अंक आए हैं। मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों को दिया है।







यशस्वी कुमार के पिता डॉ. राकेश कुमार राजश्री मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली में प्रोफेसर हैं। उनकी मां एक गृहिणी हैं। यशस्वी ने कहा कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहते हैं। फिलहाल होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र, मुंबई में रहकर अंतरराष्ट्रीय बायोलॉजी ओलंपियाड की तैयारी कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता के टॉप 20 में उनका स्थान सुनिश्चित हो चुका है। पिछले साल कजाखस्तान में आयोजित इसी ओलंपियाड में यशस्वी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था और रजत पदक भी जीता था।

यशस्वी कुमार ने बताया कि मुझे पढ़ाई के साथ-साथ तैराकी का भी शौक है। राष्ट्रीय स्तर पर तैराकी प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और कई पदक भी जीते हैं। हाल ही में नीट की परीक्षा भी दी थी, जो उम्मीद के मुताबिक नहीं गई। लेकिन हार नहीं मानी। उनका मानना है कि असफलता हमें कमजोर नहीं बनाती, बल्कि आगे बढ़ने की दिशा दिखाती है। जरूरी यह है कि हम अपनी गलतियों को पहचानें और उनका सुधार करें।

12वीं की टॉपर स्तुति वर्मा का कहना है कि वह आरबीआई ग्रेड बी परीक्षा उत्तीर्ण कर बैंक में अधिकारी बनना चाहती हैं। इसके लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। इनके पिता दिनेश कुमार, डीपीएस में पीजीटी कंप्यूटर साइंस के शिक्षक हैं और माता प्रतिभा श्रीवास्तव, नारायण ई-टेक्नो स्कूल में पीजीटी हिंदी हैं। स्तुति ने किसी भी कोचिंग संस्थान की सहायता नहीं ली। पूरी तैयारी सेल्फ स्टडी के माध्यम से की। उनके अनुसार सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है- निरंतर अभ्यास, मन लगाकर पढ़ाई करना और समय-समय पर उसे दोहराना। वहीं नैनीताल रोड स्थित जीआरएम की छात्रा अद्विका सक्सेना ने 10वीं की परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अद्विका ने कहा कि उन्होंने कोचिंग नहीं की। स्कूल में पढ़ाई के साथ सेल्फ स्टडी की। वह 12वीं करने के बाद इंजीनियर बनना चाहती हैं।

## 22 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा

जिले में सीबीएसई के 85 स्कूल हैं। 10वीं के लिए 8612 और 12वीं के लिए 6606 विद्यार्थी पंजीकृत थे। 22 केंद्रों पर परीक्षा हुई थी। मंगलवार को अचानक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। छात्र-छात्राओं को जानकारी हुई तो उन्होंने अपना रिजल्ट देखा। परीक्षा परिणाम आशा के अनुरूप आने पर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। माता-पिता के साथ मित्रों ने भी सफलता पर बधाई दी। स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

## 10वीं में यशिका ने प्राप्त किए 99 प्रतिशज अंक

बहेड़ी के मंडनपुर स्थित मिशन एकेडमी स्कूल की छात्रा यशिका गंगवार ने 10वीं की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनका जिले में पहला स्थान बताया जा रहा है। यशिका ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता को दिया। वह एस्ट्रोनॉट बनना चाहती हैं।

# सपा जिला उपाध्यक्ष के घर पकड़ी गई बिजली चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सपा नेता के यहां 7.6 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई है। वहीं विद्युत निगम ने भी इसको सोमवार को अभियान के दौरान पकड़ी गई सबसे बड़ी चोरी बताया है। यह मामला फरीदपुर के ऊंचा गांव में रहने वाले सपा जिला उपाध्यक्ष लिटिल के घर का है। जहां पर वह अपने भाई सबीउद्दीन के साथ रहते हैं। टीम ने घर के कनेक्शन से दुकानों में सप्लाई और एसी के लिए कटिया पकड़ी है।

अधिशासी अभियंता विपुल कुमार जैन के मुताबिक सपा जिला उपाध्यक्ष के यहां कटिया डालकर एसी चलाये जा रहे थे। इतना ही नहीं, दुकानों के कनेक्शन के लिए घरों के मीटर से बिजली दी जा रही थी। आकलन करने पर 7.626 किलोवॉट की बिजली चोरी सामने आई है। चेकिंग को पहुंची बिजली निगम की टीम के साथ भी भाई सबीउद्दीन ने नोकझोंक की और कार्रवाई का विरोध किया। इसपर बिजली निगम को पुलिस बुलानी पड़ी। सबीउद्दीन के मुताबिक उनके नाम से कोई बिजली का कनेक्शन नहीं है। वह अपने परिवार के साथ घर में ताला डालकर शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उन्हें बिजली चोरी के मामले में कोई जानकारी नहीं है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# बड़े बाबू मामले में आज होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद में नगर पालिका परिषद के बड़े बाबू के मामले में आज सुनवाई होगी, कोर्ट ने परिषद के आदिशासी अधिकारी को रिकॉर्ड के साथ ही तलब किया है।

नगर पालिका परिषद के कुछ सभासदों की शिकायत पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने परिषद के वरिष्ठ लिपिक के पद पर पिछले कई सालों से कार्य कर रहे सुरेश पाल को हटाते हुए परिषद के बैक लॉग सफाई कर्मी धीरेंद्र कुमार (डी के) को नगर पालिका परिषद का वरिष्ठ लिपिक बना दिया था। साथ ही सुरेश पाल को उनके मूल पद नायब मुहर्रिर पर भेज दिया था। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के इस आदेश को सुरेश पाल की ओर से हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद वाजिद अली के माध्यम से चुनौती दी, जिसपर कोर्ट ने 30 अप्रैल को सुनवाई करते हुए परिषद के ईओ को रिकॉर्ड के साथ 14 मई को तलब किया था। आज इस मामले में कोर्ट सुनवाई करेगा।

# यूपी की कनेक्टिविटी को नया आधार देगा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के विकास की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अधिकांश राजमार्ग और एक्सप्रेसवे पूर्व-पश्चिम दिशा में केंद्रित हैं, ऐसे में अब आवश्यकता है कि नेपाल सीमा से लेकर प्रदेश के दक्षिणी छोर तक फैले जिलों को जोड़ने वाला सुदृढ़ उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर तैयार किया जाए।



इस उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के अंतर्गत आने वाले हिस्सों में एनएचएआई का सहयोग लिया जाए और शेष मार्गों का निर्माण, सुदृढ़ीकरण तथा चौड़ीकरण राज्य स्तर पर कराया जाए। जहां आवश्यक हो, वहां ग्रीनफील्ड रोड परियोजनाएं प्रस्तावित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल उत्तर प्रदेश को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से जोड़ेगा, बल्कि सीमावर्ती जिलों में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा और समावेशी विकास सुनिश्चित करेगा। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री, जैसे सीमेंट, सरिया आदि, यथासंभव उत्तर प्रदेश की इकाइयों से ही ली जाए, बशर्ते कि वे गुणवत्ता मानकों पर खरी उतरती हों। मुख्यमंत्री ने विभाग को यह सुनिश्चित करने को कहा कि वार्षिक कार्ययोजना बनाते समय प्रदेश के सभी जनपदों और विधानसभाओं को समवेत रूप से लाभ पहुंचे और विकास में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न न हो। किसी भी परियोजना को प्रारंभ करने से पहले उसकी उपयोगिता, संभावित प्रभाव और स्थानीय जनता पर उसके असर का समुचित अध्ययन किया जाना चाहिए।

उन्होंने शहरी क्षेत्रों में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए बाईपास, रिंग रोड और फ्लाईओवर के निर्माण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निकायों में यातायात की सुगमता सुनिश्चित करने वाले निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके। साथ ही, उन्होंने सड़क सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि इस विषय में परिवहन, लोक निर्माण और पुलिस विभाग को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप डिज़ाइन में बने, सभी प्रमुख मार्गों पर साइनेज और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, और राज्य मार्गों को न्यूनतम 10 मीटर चौड़ा किया जाए। ग्रामीण कनेक्टिविटी के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत की निधियों का बेहतर उपयोग करते हुए गांवों को भी अच्छी सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि प्रदेश में पुलों और रेल ओवरब्रिजों (आरओबी) के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की गई हैं। प्रयागराज में गंगा नदी पर सलोरी से झूंसी को जोड़ने वाला नया पुल और नैनी पुल के समानांतर प्रस्तावित नया पुल, तथा वाराणसी में मालवीय सेतु के डाउन स्ट्रीम में प्रस्तावित रेल कम रोड ब्रिज, यातायात और कनेक्टिविटी की अहम आवश्यकता को पूरा करेंगे। इन योजनाओं में आवश्यकता अनुसार भारत सरकार से सहयोग प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए। निर्माणाधीन परियोजनाओं की सतत निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए योगी ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता पर उत्तरदायित्व तय किया जाए और तकनीकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। सभी कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न किए जाएं। धार्मिक स्थलों तक सुविधाजनक और सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष योजनाएं बनाई गई हैं। उन स्थलों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां प्रतिवर्ष पांच लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं। इन स्थानों को जोड़ने वाले 272 मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और विकास के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिनका चयन इस प्रकार किया गया है कि भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता न्यूनतम हो और कार्य शीघ्रता से पूर्ण हों। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्कों की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए 33 महत्वपूर्ण परियोजनाओं को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से औद्योगिक इकाइयों को राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों से जोड़ा जाएगा, जिससे प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य और भी अधिक सशक्त होगा।

## सोनभद्र में पेड़ से लटकता मिला प्रेमी युगल का शव

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के चोपड़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युगल के शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकते मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार आज शाम लगभग चार बजे चोपन थाना क्षेत्र के ओबरा डैम के पास स्थित पनारी ग्राम पंचायत के टोला गडवानी नीमडाड के किनारे तेंदु के पेड़ में दुपट्टा एवं गमछा के सहारे प्रेमी युगल की जोड़ी लटकता हुआ देखा गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद दोनों शव को नीचे उतरवाया। शव की पहचान अशोक खरवार (19) व सीता कुमारी (18) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों का शव घर से लगभग दो सौ मीटर दूरी पर लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी जैसे गांव में फैली पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि शव के पास पेड़ के नीचे मछली और चावल रखा हुआ था। चोपन थानाध्यक्ष विजय कुमार चौरसिया अपने टीम व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच मे जुट गए हैं। वहीं चित्रकूट में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष के मार्गदर्शन में बीती रात उनके द्वारा लगायी गई पुलिस टीम मे शामिल एस आई सि)नाथ राम व आरक्षी चंदन मिश्रा की छापा कार्यवाही में बुद्धू सोनकर उर्फ गब्बर पुत्र विश्राम सोनकर को मस्तीहू ब्रांड की पच्चीस अदद बोतल देशी शराब के सहित दबोच लिया गया।

## निजी प्रैक्टिस करने वाले दो चिकित्सा शिक्षक बर्खास्त

### सात अन्य चिकित्सक और दो सीएमओ पर भी कार्रवाई की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के कानपुर स्थित गणेश शंकर विधार्थी मेडिकल कालेज (जीएसवीएम) के दो चिकित्सा शिक्षकों को प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है।

इसके अलावा सात डाक्टर व दो सीएमओ के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है। जीएसवीएम के न्यूरो सर्जरी विभाग में सह आचार्य डा. राघवेंद्र गुप्ता और पैथोलाजी विभाग में सहायक आचार्य डा. स्वप्निल गुप्ता पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप लगे थे। मामले की कानपुर मंडलायुक्त ने जांच कराई थी। इसमें प्राइवेट प्रैक्टिस की पुष्टि हुई। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आदेश पर दोनों को बर्खास्त कर दिया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिक्षकों की विभाग में कोई जरूरत नहीं है। ऐसे ही कानपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान के निदेशक पर आउटसोर्स मैनपावर की निविदा में लापरवाही के आरोप लगे हैं। उप मुख्यमंत्री ने बिड को निरस्त कर प्रमुख सचिव को संस्थान के निदेशक से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए हैं। इनके अलावा विभिन्न अस्पतालों में तैनात सात चिकित्सकों को आरोप पत्र देकर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सीतापुर की महमूदाबाद सीएचसी में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. ऋतु रानी और बागपत जिला संयुक्त चिकित्सालय में एनस्थीसिया विशेषज्ञ डा. मोनू चौधरी लंबे समय से बिना बताए गैरहाजिर हैं।

> **बागपत जिला संयुक्त चिकित्सालय में एनस्थीसिया विशेषज्ञ डा. मोनू चौधरी लंबे समय से बिना बताए गैरहाजिर**

इन डाक्टरों को एक माह का नोटिस देकर बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएम के आदेश पर कानपुर नगर के सीएमओ डा. हरिदत्त नेमि के खिलाफ अनियमितता व अन्य कई आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ऐसे ही फर्रुखाबाद के सीएमओ डा. अवनींद्र कुमार से भी स्पष्टीकरण तलब किया

## बत्तीस साल पुराने चोरी के मुकदमे में चार दोषी दंडित

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी के माध्यम से अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में चित्रकूट पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना बरगढ़ में वर्ष 1993 में दर्ज चोरी के एक प्रकरण में न्यायालय ने चार अभियुक्तों को दोषसि) पाते हुए दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। एसपी चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशों पर थाना बरगढ़ प्रभारी निरीक्षक शिवआसरे एवं पैरोकार आरक्षी हरेंद्र कुमार ने मामले की गहन पैरवी की। साथ ही सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी प्रस्तुति और सशक्त बहस के चलते यह निर्णय आया। न्यायिक अधिक.ारी सिविल जज मऊ एस. आनंद ने थाना बरगढ़ में पंजीख्रत मुकदमा अपराध संख्या 14/1993, धारा 379, 411 भादवि में आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें यह दंड सुनाया। दंडित अभियुक्तों में संतोष कुमार पुत्र भुग्गल शुक्ला, राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री निवास शुक्ला, भूक्ली पुत्र चिरकू, एवं रामचन्द्र पुत्र रामेश्वर मिश्रा शामिल हैं, जो सभी जनपद प्रतापगढ़ के थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पोरेमोहन के निवासी हैं। एसपी चित्रकूट ने दावा किया कि यह निर्णय चित्रकूट पुलिस के समर्पण, निरंतर प्रयास और प्रभावी न्यायिक समन्वय का परिचायक है। उन्होंने इसे ऑपरेशन कन्विक्शन में त्वरित न्याय की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम बताया है।

## सोनभद्र में सौतेली मां ने की बालक की हत्या, गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के जूगैल थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुए एक दस वर्षीय बालक की गला रेतकर हत्या के मामले में पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का कारण अबोध बच्चे द्वारा वैवाहिक जीवन में खलल डालना है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि 10 मई को रात्रि में जूगैल निवासी हीरामणि के पुत्र कप्तान (10) का गला रेतकर हत्या कर दिया गया था। सुबह खेत में शव मिलने के बाद मृतक के पिता ने तहरीर देकर घटना के बारे में बताया था। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई थी। इस मामले में जांच के बाद मृतक दस वर्षीय पुत्र के सौतेली मां सोनमती को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सौतेली मां सोनमती ने बताया कि वह सौतेले पुत्र से बहुत परेशान थी। पिछले वर्ष जुलाई में ही उसकी शादी हुई थी, जब पति-पत्नी एक साथ सोते थे, तो मृतक बालक अक्सर कमरे में आ जाता था और वहीं लेट जाता था, जिससे वे लोग साथ में सो नहीं पाते थे। प्रतिदिन यही नाराजगी रहती थी, यही क्रोध संचित होते होते नासूर हो गया और उसे रास्ते से हटाने का निर्णय किया। वह गांव में एक वैवाहिक समारोह से रात्रि में लौट रहे थे। रास्ते में चाकू से उसने कप्तान के गले पर ताबड़तोड़ वारकर उसकी हत्या कर दी। और अपने शरीर को साफ कर सो गए थे। पुलिस ने गिरफ्तार सोतेली मां सोनमती को कार्यवाही के बाद न्यायालय भेज दिया है।

## सीतापुर की जनसमस्याओं को लेकर 'एमएलसी' की कलैक्टर को चिट्ठी

**सीतापुर।** क्षेत्र के एम एल सी पवनसिंह ने जिला कलैक्टर को चिठी लिखकर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करने को कहा है। इलाके की तीनों सड़कों की बदहाली सहित अन्य तमाम समस्याओं के बारे में यह चिट्ठी लिखी गई है ! सत्य प्रकाश सिंह अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन एवं स्वयंसेवक आर एस एस का कथन है कि उन्होंनने एमएलसी पवन सिंह को इस बाबत अवगत कराया था। जिसका संज्ञान लेते हुए एमएलसी ने जिलाधकारी को लिखे पत्र में कमलापुर में नहर पटरी के किनारे से होते हुए हमीरपुर तक क ई जगह क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्ग की मरम्मत, इसके साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग कुर्सिनपुरवा के पास से चीनी मिल सरौराकला ,भिठौली होते हुए नहर पुलिया भिठौली तक बहुत जर्जर हो चुके मार्ग की मरम्मत कराकर ग्रामीणों को आवागमन में हो रही दिक्कतों को दूर करने को कहा है । उन्होंने लिखा है कि कमलापुर से मास्टरबाग संपर्क मार्ग पर कसमंडा के पास बनी पुलिया के पास मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसे भी मरम्मत करने की बात कही। सत्यप्रकाश सिंह तथा क्षेत्र के अन्य ग्रामीण त्रिभुवन सिंह प्रबंधक , देवेश सिंह,राघवेंद्र सिंह, जनक कुमारी सिंह प्रधान ग्राम पंचायत नयागांव अनुज सिंह राठौर भगनू राजवंशी पूर्व प्रधान, राजेश रावत कैलाश पांडे, पंकज सिंह दिनकर सिंह चौहान, सोनू मिश्रा ,शिवशरण सिंह नंदराम मंडल कार्यवाह आर .एस .एस. रामसेवक आदि शामिल थे।

## फर्जीवाड़ा कर जमीन बेचने वाले गिरोह के तीन गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद की थाना जसराना पुलिस ने एक पीडिता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर बैनामा करने वाले गिरोह मे शामिल एक महिला सहित तीन लोगों गिरफ्तार कर लिया। थाना जंक्शन प्रभारी शेर सिंह ने जानकारी दी कि रविवार को उनके पास थाना क्षेत्र की एक पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि उनकी जमीन का फर्जी बैनामा कुछ लोगों द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार करके किया गया है। बबीता देवी एवं जोधा पुत्र कारे लाल निवासी अदनाथपुर आगरा तथा फिरोजाबाद के थाना फरियाद क्षेत्र निवासी साहिल पुत्र चांद खान को संबंधित मामले मे कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की फर्जी तौर पर बैनामा बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत / डब्ल्यू० / आलमबाग / 180C / 2025–26 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ में सामान्य विद्युत वायरिंग, बस ट्रंकिंग एवं उक्त से सम्बंधित अन्य विद्युत कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू 1,27,98,469.77 |
| ग | धरोहर राशि | रू 2,14,000/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ङ | कार्य समापन अवधि | 24 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवंम समय | 09.06.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 09.06.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **सं.: विद्युत/डब्ल्यू0/आलमबाग/180C/2025–26 दिनांक: 13.05.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1411/25



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि– | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | साप्ताहिक | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि– | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि– | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में | शुक्रवार | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | 06 दिन | को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में | मंगलवार | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | 06 दिन | को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 06:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:26 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि– | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | 6 दिन | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि– | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | साप्ताहिक | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि– | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | साप्ताहिक | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पिता को बचाने के लिए गुलदार से भिड़ गया बेटा

## घायल किसान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल किया रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव फुलसंदा खाकम के जंगल में गुलदार के हमले के दौरान एक युवक ने गुलदार से मुकाबला करते हुए अपने पिता को गुलदार के चंगुल से छुड़ाते हुए बचाया। गुलदार के हमले में घायल हुए किसान को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार गुलदार के हमले से किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



जानकारी के अनुसार गांव फुलसंदा खाकम निवासी जय सिंह पुत्र मोहन उम्र लगभग 52 वर्ष अपने बेटे नवनीत के साथ गन्ने के खेत में उर्वरक खाद डालने जा रहा था। इसी दौरान घात लगाए बैठे गुलदार ने जंगल से निकलकर उस पर पीछे से हमला कर दिया। हमला होता देख उसका पुत्र नवनीत गुलदार से भिड़ गया। उसके पुत्र ने गुलदार पर उर्वरक खाद डालने के लिए हाथ में ले रखी बाल्टी से वार करना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि गुलदार किसान जय सिंह को खींचकर ले जा रहा था। बेटे द्वारा वार करने तथा आस पास काम कर रहे किसानों को आता देख गुलदार भाग गया। घायल किसान जय सिंह को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। सूचना पर डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह, राणा प्रताप सिंह, शुभम मलिक आदि के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों को साथ लेकर गुलदार की तलाश हेतु कांबिंग की। लेकिन गुलदार को कुछ पता नहीं चल सका। गुलदार के हमले से किसानों में दहशत व्याप्त है। इससे पूर्व 5 मई को 40 वर्षीय खुर्शीद अहमद पुत्र अब्दुल शकूर पर चारा काटने के दौरान हमला करते हुए घायल कर दिया था। जबकि वन विभाग की टीम उक्त घटना के बाद पिंजरा लगा दिया था। परन्तु गुलदार को पकड़ने में वन विभाग की टीम नाकाम रही। लगातार गुलदार के आतंक से किसानों को खेतों पर काम करने के लिए दहशत व्याप्त है।

दूसरी ओर डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि गुलदार की सूचना मिलने पर मौके का निरीक्षण किया गया तथा परिजनों से जानकारी ली गई। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर शासन को मुआवाजा दिलाया जाएगा। साथ ही एक पिंजरा ओर शाम तक लगा दिया जाएगा। ग्रामीणों से जंगल जाने के लिए समूह के रूप में जाने और लाठी डंडे लेकर जाने ओर बच्चों को जंगल न ले जाने अन्य गुलदार से सुरक्षा हेतु सतर्कता बरतने की जानकारी दी गई।

# प्रियंका स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम

### कक्षा 10 व 12 में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम जिले भर में रोशन किया।

कक्षा 12वीं में विज्ञान वर्ग (पीसीएम) के छात्र वैभव यादव ने 97.4% अंक प्राप्त कर जिले में विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं कक्षा 10वीं की छात्रा स्नेहा चौहान ने 98.4% अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया और जिले में स्कूल को विशेष पहचान दिलाई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डी. एस. नेगी ने बताया कि कक्षा 12वीं के 31 से अधिक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि कक्षा 10वीं के लगभग 50



छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठता को सिद्ध किया।

इस अवसर पर स्कूल में मिठाई वितरण कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्य श्री नेगी ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

विद्यालय की प्लानिंग कोऑर्डिनेटर अदिति राणा एवं डायरेक्टर राणा प्रियंकर ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

साथ ही उन्होंने अभिभावकों को भी धन्यवाद देते हुए उनकी भूमिका की सराहना की।

इस अवसर पर राजीव चौहान, मयंक कौशिक, तबरेज खान, एस. के. देवड़ा, रूपरान सिसोदिया, डी. पी. सिंध, कामेंद्र कुमार, विवेक चौहान, शुभव अग्रवाल, किरण शर्मा, सतनाम सिंह, अरुण कुमार, अनुज कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्टता बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# वीरा कॉलेज में तीन पुस्तकों का विमोचन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर के प्रोफेसर्स द्वारा लिखित तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया, जिसमे एक पुस्तक Fluid Mechanics & Machinery डॉ. अमित कुमार बंसल और प्रो. उज्जवल कुमार द्वारा व द्वितीय पुस्तक Mechanical design and analysis डॉ. अमित कुमार बंसल, प्रो. गौरव गुप्ता व प्रो. विनीत कुमार द्वारा व तृतीया पुस्तक An Incredible Girl जो प्रो. नाइला नईम द्वारा लिखी गई, इन पुस्तकों का विमोचन कॉलेज प्रांगण में प्रो.(डॉ.) नीलेन्द्र बादल (निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर), डॉ एन.के. सिंह (रजिस्ट्रार, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर) संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.)अमित कुमार बंसल जी के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्था सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं कॉलेज कोषाध्यक्ष श्रीमती स्वाति वीरा ने डॉ. अमित कुमार बंसल, प्रो. गौरव गुप्ता, प्रो. उज्जवल कुमार, प्रो. विनीत कुमार व प्रो. नायला नईम को अपने-अपने विषय पर पुस्तक लिखने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

कॉलेज फैकल्टी/स्टाफ की ओर से डीन एकेडेमिक मनोज कुमार कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश अग्रवाल और अंकित राजन अग्रवाल, डा. शुएब अली खान, अजय उपाध्याय, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा डॉ. शुभम राजपूत, श्वेता गौड़, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि ने पुस्तक प्रकाशित होने पर हार्दिक शुभ कामनाए एवं बधाई दी।

# कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

### एक महिला गंभीर

**धामपुर।** शेरकोट मार्ग पर तेज रफ्तार कार द्वारा ई-रिक्शा को टक्कर मारे जाने से बड़ा हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

घायलों में ई-रिक्शा चालक नदीम पुत्र नसीम निवासी तैय्यब सराय थाना शेरकोट के साथ-साथ सवार शाहनवाज, उनकी पत्नी नाजमी तथा तीन वर्षीय पुत्री शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी धामपुर पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार महिला नाजमी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल शाहनवाज ने बताया कि वे अपनी ससुराल से लौटकर बरवानान, जनपद मुरादाबाद स्थित अपने घर जा रहे थे। शेरकोट से ई-रिक्शा द्वारा धामपुर की ओर रवाना हुए थे कि अचानक एक तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा कार चालक की तलाश जारी है।

# जिम और स्विमिंग पूल के मानकों को लेकर डीएम सख्त

## निर्धारित मानकों का पालन न करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जिम और स्विमिंग पूल के मानकों को लेकर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी जिम व स्विमिंग पूल की जांच करने के आदेश दिए। और तो और जिम संचालक जो सप्लीमेंट देते है उसका भी लाइसेंस अधिकतर के पास नहीं है। जबकि गलत डोज की वजह से सप्लीमेंट जानलेवा भी हो सकता है।





इस संबंध में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किया जा रहा है। यदि तय मानकों के अनुसार सुधार नहीं किया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस रद्द करने से लेकर सील करना तक शामिल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिम और स्विमिंग पूलों की समय-समय पर जांच की जाए और जो जिम या स्विमिंग पूल निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष देखा गया है, वहीं कुछ संस्थानों में हड़कंप मचा हुआ है।

स्थानीय लोगों कहा कहना है कि हमारे बच्चों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। अगर स्विमिंग पूल में लाइफगार्ड नहीं है, तो यह बहुत बड़ी लापरवाही है। प्रशासन की कार्रवाई सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि जिम में उपकरणों की स्थिति खराब थी और प्रशिक्षक भी अनुभवहीन लगते थे। जिलाधिकारी की जांच से उम्मीद है कि अब सुधार होगा।

### स्विमिंग पूल में क्या होते हैं मानक

सुरक्षा गार्ड/लाइफ गार्ड अनिवार्य है। पूल की गहराई स्पष्ट रूप से चिन्हित हो, प्राथमिक चिकित्सा किट और जीवन रक्षक उपकरण जैसे लाइफ रिंग्स, पोल्स उपलब्ध हों। पानी का pH (7.2 - 7.8) और क्लोरीन स्तर नियमित जांचा जाना चाहिए। सप्ताह में कम से कम एक बार पानी की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। पानी पारदर्शी और गंध रहित होना चाहिए। एंटी-स्किड टाइल्स और ठीक से काम करने वाला ड्रेनेज सिस्टम हो, बच्चों और वयस्कों के लिए अलग-अलग पूल जोन होना चाहिए। पूल के आसपास का क्षेत्र साफ और सूखा होना चाहिए। पूल के अंदर और बाहर शॉवर और फुट वॉश की सुविधा होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए है कि जो जिम या स्विमिंग पूल यह मानक पूरे कर रहे है तो वो ठीक ऐसे ही चलते रहेंगे, अगर मानक पूरा नहीं कर पा रहे है तो उनके खिलाफ जांच कर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### जिम संचालन के मानक

जिम में फर्श पर एंटी-स्किड मैट्स होने चाहिए। मशीनों के बीच पर्याप्त स्पेस होना चाहिए। इमरजेंसी एग्जिट और अग्निशमन यंत्र उपलब्ध होने चाहिए। वेंटिलेशन और प्रकाश पर्याप्त होना चाहिए। सभी उपकरण कार्यशील और सुरक्षित होने चाहिए। मशीनों की नियमित सर्विसिंग और निरीक्षण की रिपोर्ट होनी चाहिए। वजन और डम्बल्स आदि उचित क्रम में रखे जाने चाहिए। ट्रेनर योग्य और प्रमाणित होने चाहिए। फर्स्ट एड की जानकारी होनी चाहिए। नियमित सफाई और सैनिटाइजेशन होना चाहिए। चेंजिंग रूम और शौचालय स्वच्छ होने चाहिए। साइन बोर्ड्स जैसे साफ सफाई रखें। उपकरण प्रयोग के बाद साफ करने चाहिए।

# ईरम परवीन ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मोहल्ला नेजो सराय स्थित एमएनके मेमोरियल एकेडमी स्कूल की छात्रा ईरम परवीन पुत्री मोहम्मद राशिद ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता कड़ी मेहनत का परिणाम है।

विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईरम परवीन को बधाई दी। मास्टर डॉ. कासिम अंसारी और मास्टर फैजूल हक ने सभी छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता सभी बच्चों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। कक्षा 8 में रुही नाज पुत्री मोहम्मद अनीस, मोहम्मद फैज (पुत्र शमशाद) कक्षा 7 में सिमरा परवीन (पुत्री तसलीम), महरीन सैफी (पुत्री मोहम्मद इस्लामुद्दीन), मोहम्मद आदिल (पुत्र मोहम्मद कदीर) कक्षा 6 में सामरा परवीन (पुत्री मोहम्मद आसिफ), इकरा परवीन (पुत्री नौशाद), मोहम्मद अर्श (पुत्र मोहम्मद इस्माइल), सना परवीन (पुत्री अकबर), मोहम्मद रिहान (पुत्र कदीर अहमद), सुबहाना कय्यूम, हुजैफा मुशर्रफ, (पुत्री मोहम्मद राशिद) कार्यक्रम में डॉ. कासिम अंसारी, प्रधानाचार्य फैजूल हक नेशनल परिवार




एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौहम्मद कफील आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की निंदा

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसियेशन की बैठक में एक अधिवक्ता के विरूद्ध पुलिस द्वारा एकतरफा कार्यवाही किये जाने को लेकर रोष जताया गया तथा पुलिस द्वारा की गई एकपक्षीय कार्यवाही की कड़ी निंदा की। सीनियर बार एसोसियेशन अध्यक्ष सतीशचंद एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अधिवक्ता नवाब अहमद के विरूद्ध पुलिस द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही करने व अधिवक्ता नवाब अहमद के चोटिल होने के बाद भी उनकी ओर से कोई एफआईआर दर्ज नहीं करने पर आज तहसील में एसोसियेशन ने न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लेते हुए प्रस्ताव पारित किया।

# ज्येष्ठ एकादशी पर एसडीएम ने बांटा प्रसाद

### आस्था और सेवा का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ज्येष्ठ एकादशी के पावन अवसर पर उप जिलाधिकारी रितु रानी द्वारा उप जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था और जनसेवा का सुंदर समागम देखने को मिला।

एसडीएम रितु रानी ने स्वयं श्रद्धालुओं और उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया, जिससे कार्यक्रम में एक विशेष आत्मीयता का वातावरण बना। इस अवसर पर राजपाल सिंह, योगेंद्र सिंह सहित



भारी संख्या में अधिवक्ता, राजस्व विभाग के अधिकारी, विनियमित क्षेत्र विभाग के प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

उपस्थित लोगों ने एसडीएम के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न सिर्फ धार्मिक चेतना को बढ़ावा देती है, बल्कि प्रशासन और आमजन के बीच सकारात्मक संवाद को भी मजबूत करती है। कार्यक्रम शांतिपूर्वक एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

# दो दिवसीय दीनी तालीमी सम्मेलन

### देशभर के प्रमुख उलेमा, खुतबा और शायर हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** देशभर में इस्लामी और नैतिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अग्रणी संस्था तनजीमुल मुकातिब के तत्वावधान में स्थानीय मौहल्ला बुखारा क्षेत्र में दो दिवसीय दीनी तालीमी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और शैक्षिक सम्मेलन में देश के नामचीन उलेमा, खुतबा और शायरों ने भाग लेकर अपने विचार और अनुभव साझा किए।





सम्मेलन के दौरान तंजीमुल मकातिब की देखरेख में देशभर में संचालित मकातिब ए इमामिया के छात्रों एवं छात्राओं ने अपने प्रभावशाली वैज्ञानिक, सामाजिक एवं बौद्धिक प्रदर्शनों से दर्शकों को प्रभावित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधनों में तनजीमुल मकातिब की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था न केवल दीन की तालीम को आम कर रही है, बल्कि युवाओं को बौद्धिक रूप से जागरूक करने का कार्य भी कर रही है।

इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष मौलाना सबीहुल हुसैन, संस्था की प्रबंध समिति के सदस्य मौलाना सैयद सफदर हुसैन, मौलाना सैयद कमर सुल्तान दिल्ली, मौलाना सैयद हैदर अब्बास लखनऊ, संस्था की प्रबंध समिति के सदस्य मौलाना सैयद हुसैन जाफर वहब, मौलाना सैयद फैजान मेहन्दी इमाम जुमा बुखारा, बिजनौर मौलाना गुलाम हुसैन सदफ लखनऊ, मौलाना सकलैन आबिदी लखनऊ, मौलाना वकार सुल्तानपुरी, जनाब माएल चंदौलवी, जनाब आसिफ जलाल और जनाब मेहंदी जलालपुरी सहित अनेक विद्वान और गणमान्य उपस्थित रहे। तनजीमुल मकातिब इस प्रकार के सम्मेलन देश के विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर आयोजित करता है, ताकि आम जनता को दीन और इल्म से जोड़े रख सके।

यह कार्यक्रम संस्था के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित भी किया गया।

उलेमा, खुतबा, शायरों मकतब के मुदससरीन और दूरदराज से आये मकतब के बच्चों की मेजबानी जनाब फिरदौस रजा, रईस हैदर मुन्तजिम मकतब, जनाब तनवीर रजा उर्फ गुड्डू मुतवल्ली मस्जिद व इमामबाड़ा तथा शमीम अब्बास नकवी ने खूब दिलो जान से की और रजाकारान में अजहर हसनैन सिराज, मौहम्मद ईवाद, कुमैल अब्बास अली ताहा असद मेहंदी- अली मेहंदी काकू जफर अब्बास नवाव रजा-फराज हैदर व जब्बाद नकवी, सलमान ने दोनों दिन सुबह से शाम तक खिदमत अन्जाम देते हैं। आखिर में मुलक में अमन अमान की दुआओं के साथ कांफ्रेंस का समापन किया गया।

# कृष्णा इंस्टिट्यूट में फेयरवेल पार्टी में रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम

## डी. फार्मेसी में मिस फेयरवेल आरध्या व मिस कॉस्ट्यूम सफिया नाज चुनी गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टिट्यूट गोलबाग के फार्मेसी विभाग में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, साइंस कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विवेक वर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विवेक वर्मा ने छात्रों से कहा कि सभी छात्रों को मन लगाकर पढाई करने के साथ सर्वांगीण विकास के लिये सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लेना चाहिए।



इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में बी. फार्मेसी तृतीय वर्ष के छात्र इरम, मयंक सिंह, रिशांत, सादिया, सानिया, अस्मित, मयंक चौधरी, मोहम्मद अमान आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बी. फार्मेसी में मिस्टर फेयरवेल पियूष कुमार, मिस फेयरवेल प्रियांशी राजपूत, मिस्टर कॉस्ट्यूम शिवम कुमार, मिस कॉस्ट्यूम श्रिष्टी चुनी गयी। डी. फार्मेसी में मिस फेयरवेल आरध्या चौधरी, मिस कॉस्ट्यूम सफिया नाज चुनी गयी।

इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष अंशुल त्यागी, डॉ. संगीता रानी, डॉ. गुंजन रानी, रजनीकांत, कनिष्का चौहान, लोकेन्द्र कुमार, हर्ष सिसोदिया, अनुप्रिया चौधरी, नजर खान, नीरू रानी, अजीत सिंह, लवी कुमार, रजिस्ट्रार नीरज राठी आदि उपस्थित रहे।

# नागपाल इंटरनेशनल की आरना ने हाईस्कूल में जिला किया टॉप

## इंटरमीडिएट की सूची में भी पांचवें स्थान पर रहे धनंजय पांडेय

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा दस की छात्रा आरना त्रिपाठी ने 99 % अंक प्राप्त जिला टॉप किया, जबकि इसी विद्यालय के इण्टरमीडिएट के छात्र धनंजय पांडेय ने 97.4% अंक प्राप्त करके जिला टॉप टेन सूची में पांचवा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में जश्न का माहौल रहा। विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने टॉपर आरना त्रिपाठी को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने कहा कि बच्चों ने कड़ी मेहनत करके इस बड़ी उपलब्धि को प्राप्त किया है, स्टॉफ ने भी कड़ी मेहनत करके बच्चों का उचित मार्गदर्शन किया। कहा कि काफी समय से स्थापित स्कूलों को भी आज उनके बच्चों ने पीछा छोड़ दिया है। उन्हें विश्वास है कि आगे भी विद्यालय के बच्चे इसी तरह नाम रोशन करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या निशि सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं विद्यालय के मेंटर पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने भी विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में छात्र-छात्राओं के कठिन परिश्रम के साथ ही विद्यालय स्टॉफ का प्रयास और अभिभावकों का सहयोग भी शामिल है।

**विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने बढ़ाया उत्साह**







गजरौला। आरना को मिठाई खिलातीं विद्यालय चेयरपर्सन अंशु नागपाल, माता-पिता व प्रधानाचार्य।

# ब्लूबर्ड्स की तनिष्क ने देश में गाड़े झंडे

## आल इंडिया रैंक में मिला तीसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षा परिणाम में ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने कमाल कर दिया। स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल, निर्देशिका राखी अग्रवाल ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रिंसिपल अंजिली दुबे ने बताया इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में तनिष्क राजपूत ने 99.4 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल का नाम जिले से लेकर प्रदेश और देश स्तर पर रोशन किया। तनिष्क राजपूत ने आल इंडिया में तीसरी रेंक पर कब्जा जमाया, अर्पिता चौधरी ने 98.6 पर स्कूल में दूसरा, शगुन चौधरी ने 98 प्रतिशत पर तीसरा, खुशी ने 97.4 पर चौथा, हर्ष आर्य ने 97 प्रतिशत पर पांचवा, अदिति चौधरी ने 96.6 पर छठा, गुंजन त्यागी व अनवी सिंह ने 96.4 पर सातवा, अनामिका चौधरी ने 96.2 पर आठवा, ध्रुव देवल व प्रज्ञा सिंह में 96 प्रतिशत पर नौंवा, ध्रुव सक्सेना ने 95.8 प्रतिशत पर दसवां व हाईस्कूल में गोल्डी गहलोत ने 97.8 पर स्कूल में प्रथम, अंश चौधरी ने 96.6 पर दूसरा, दर्शिल दीक्षित ने 96 प्रतिशत पर तीसरा, विदुषी चौधरी ने 95.4 पर चौथा, आरव भार्गव ने 95.2 पर पांचवा, कुशाग्र माहेश्व.री ने 95 प्रतिशत पर छठा, एकलव्य ने 94.4 पर सातवां, वंश अग्रवाल ने 93.4 पर आठवा, सृष्टि चौधरी ने 93.2 पर नौंवा व शैफाली अग्रवाल ने 93 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में दसवां स्थान प्राप्त किया

## जुबिलेंट में एसोसिएट डायरेक्टर हैं आरना के पिता

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल की हाईस्कूल की छात्रा आरना त्रिपाठी के पिता रत्नेश त्रिपाठी व माता रक्षा त्रिपाठी भी मौजूद रहे। रत्नेश त्रिपाठी मूल रूप से प्रयागराज के मीरापुर के निवासी हैं और पिछले 18 वर्ष से नगर की जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड में मेंटेनेंस विभाग में एसोसिएट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। रत्नेश त्रिपाठी व रक्षा त्रिपाठी अपनी पुत्री आरना त्रिपाठी के प्रयास से बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि आरना त्रिपाठी शुरू से ही नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ी है। वह स्कूल के साथ साथ घर पर भी कई घंटे पढ़ती थी। वहीं आरना ने इस सफलता में गुरूजनों व अभिभावकों का भी श्रेय बताया है।

# स्कॉलर्स होम के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष भी अपनी प्रतिभा और परिश्रम से न केवल अपने स्कूल, बल्कि जिले का नाम रोशन किया। परीक्षाफल घोषित होने के तुरंत बाद स्कूल में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत का फल प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक अंकुर अग्रवाल ने भी बोर्ड परीक्षा की सफलता को लेकर छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। निर्देशिका सोना अग्रवाल ने कहा कि छात्रों की कठोर मेहनत और लगन से ही उन्हें यह सफलता मिली है। जिससे स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। प्रिंसिपल प्रेरणा चौधरी ने बताया इंटरमीडिएट में माही अग्रवाल ने स्कूल में 98.4 प्रतिशत पर प्रथम, अनुपमा जैन ने 97.2 पर दूसरा, दोनों छात्राओं का जिले की टॉप टेन सूची में भी दबदबा रहा। वंशिका नागरे ने 96.6 पर तीसरा, हर्षदीप सिंह ने 94.4 पर चौथा, प्रथ्वी त्यागी ने 93.2 पर पांचवा, मीथी यादव ने 93 प्रतिशत पर छठा, वकास वसी ने 92.8 पर सातवां, कार्तिक यादव ने 92.4 प्रतिशत अंक पाकर आठवा स्थान प्राप्त किया। जबकि हाई स्कूल में तुषार सरस्वत ने 94.8 प्रतिशत पर प्रथम, दक्ष अग्रवाल ने 94.4 पर दूसरा, उनेजा नूर व जश्नदीप कौर ने 94.2 पर तीसरा, आदित्य यादव ने 93.8 प्रतिशत पर चौथा स्थान प्राप्त किया



# हीरा इंटरनेशनल के छात्रों का दबदबा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम में हीरा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं का दबदबा कायम रहा। परीक्षा परिणाम में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। परीक्षा में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित भी किया गया।

इंटरमीडिएट में सुरभि त्यागी और हर्ष तोमर ने 94 % अंक प्रकार स्कूल में प्रथम, हर्दयजीत ढिल्लो ने 92.6% पर दूसरा, मानिनी सिंह ने 92.4 % पर तीसरा, खुशी ने 87.8 पर चौथा, यासर ने 85.8 पर पाँचवा स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में शुभ गोयल में 96.6 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, ध्रुव अग्रवाल ने 95.2 पर दूसरा, हार्दिक शर्मा ने 94.8 पर तीसरा, केशव कुमार व सोहम अग्रवाल ने 93.6 पर चौथा, ईशा अग्रवाल ने 93 प्रतिशत अंक पाकर पांचवा, शान्तनु ने 92.6 पर छठा, आधरिक अग्रवाल ने 91.8 पर सातवां, प्रेरणा ने 91.6 पर आठवा, सृष्टि त्यागी ने 91 प्रतिशत पर नौवां व आराध्य ने 88.9 प्रतिशत अंक पाकर दसवां स्थान प्राप्त किया। रिजल्ट देख कर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल गए। स्कूल के चौयरमेन कृष्ण कुमार अग्रवाल, प्रबंधक सुबोध गुप्ता, निद.ेशक कपिल कुमार, प्रधानाचार्य भगवान सिंह ने छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक कपिल कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य भगवान सिंह, श्रीकान्त गुप्ता, शिवम अग्रवाल, अर्पित कौशिक सोनित कुमार लोकेन्द्र सिंह कपिल देव शर्मा शाने आलम अंशुल अग्रवाल अचल सिंघल सुरेन्द्र सिंह व छात्रों ने विद्यालय में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सफलता की खुशी मनाई।

# एमएस स्कूल के बच्चों ने भी दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा बोर्ड परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। इसमें एम एस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। परीक्षा परिणाम में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। परीक्षा में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित भी किया गया। एमएस स्कूल के छात्रों ने इंटरमीडिएट में अनन्या यादव ने 97.8 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल टॉप कर जिले की टॉप टेन लिस्ट में भी अपना स्थान सुरक्षित किया, आराध्या ने 95.2 पर दूसरा, श्रद्धा सिंह ने 94.4 पर तीसरा, दिशा ने 93.6 पर चौथा, अरविंद ने 93.4 पर पांचवा, अशप्रीत कौर ने 92.6 पर छठा, अब्दुल हदी ने 92.2 पर सातवां, पलक सिरोही ने 91.3 पर आठवा, आरुषि व आयुष गौड़ ने 91.2 पर नौंवा, अर्पणा भारद्वाज ने 90.8 पर दसवां व अवनी ने 90. 2 प्रतिशत अंक पाकर 11 वा स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में वैवभवि सिंह ने 94 प्रतिशत पर प्रथम, लविश कुमार ने 91 पर दूसरा, इंदु शर्मा 90.6 पर तीसरा, शिवंशी ने 90.4 पर चौथा, लुबना असीम ने 89.8 प्रतिशत अंक पाकर पांचवा स्थान प्राप्त किया। रिजल्ट देख कर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल गए। स्कूल के प्रबंधक वीरेश पाल सिंह, निर्देशिका बबीता चौधरी, प्रिंसिपल अंजलि चौधरी ने छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की



## पुनीत ने किया एलएसए टॉप



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल व इंटर में एलएसए के बच्चों ने भी अपनी काबिलियत सिद्ध की। जिले में विद्यालय अग्रणीय रहा तथा कई बच्चों ने टॉप टेन सूची में नाम दर्ज करा विद्यालय का नाम रौशन किया है। यहां इंटर में पुनित कुमार ने 97.4 जबकि हाईस्कूल में नित्या चौधरी ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। प्रंबधक गिरीश बंसल ने सभी बच्चों को बधाई दी। साथ ही कहा कि यदि वह मंजिल सामने रखकर मेहनत करेंगे तो आसानी से सफलता पायी जा सकती है। उन्होने मेधावियों से आह्वान करते कहा कि वह आगे चलकर देश में भी जिले का नाम निखारेंगे। यहां बच्चों की पढ़ाई के लिए विशेष माहौल तैयार किया जाता है। विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ अन्य सुविधाएं भी बच्चों को मुहैया करायी जाती हैं। प्रधानाचार्य अनुराधा बंसल ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एएसएम के अनमोल बने टॉपर



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** एएसएम मार्डन एकेडमी खाता के बच्चों ने भी सीबीएसई बोर्ड में दमदार प्रदर्शन किया। अनमोल ने इंटरमीडिएट में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है। जबकि हाईस्कूल में सेवन कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर कालेज टॉप किया। प्रबंधक विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां बच्चों की पढ़ाई के लिए लगातार प्रोत्साहन दिया जाता है। उन्होंने सभी टॉपर्स को शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि वह आशा करते हैं कि उक्त टॉपर आगे चलकर प्रदेश की नहीं बल्कि देश में भी जिले का नाम रौशन करेंगे। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी पढ़ाई में सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।


## सीबीएसई बोर्ड इण्टरमीडिएट कालेज टॉपर

### एमएस सीनियर सेंकेड्री स्कूल धनौरा



अनन्या यादव 97.8 प्रतिशत | आराध्या 95.2 प्रतिशत | श्रद्धा सिंह 94.4 प्रतिशत


### स्कालर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल धनौरा


माही अग्रवाल 98.4 प्रतिशत | अनुपमा जैन 97.2 प्रतिशत | वंशिका नागरे 96.6 प्रतिशत

### ब्लूबर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल धनौरा


तनिष्का राजपूत 99.4 प्रतिशत | अर्पिता चौधरी 98.6 प्रतिशत | शगुन चौधरी 98 प्रतिशत

### हीरा इंटरनेशनल स्कूल धनौरा


सुरभि त्यागी 94 प्रतिशत | हर्ष तोमर 94 प्रतिशत | हृदयजीत ढिल्लो 92. प्रतिशत

### राजेन्द्र एकेडमी हसनपुर


मनतशा मलिक 96 प्रतिशत | मौहम्मद जकी 93 प्रतिशत | आलिया 93 प्रतिशत

### एएसएम मार्डन एकेडमी खाता, जोया


अनमोल यादव 98 प्रतिशत | इतिका 91.4 प्रतिशत | कृतिका गुप्ता 89.2 प्रतिशत

### एल.एस.ए. अमरोहा


पुनित कुमार 97.4 प्रतिशत | आयूष सिंह 97 प्रतिशत | रूद्राक्ष भारद्वाज 96.4 प्रतिशत

## सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल कालेज टॉपर

### एमएस सीनियर सेंकेड्री स्कूल धनौरा



वैवभवी सिंह 94 प्रतिशत | लविश कुमार 91 प्रतिशत | इन्दू शर्मा 90.6 प्रतिशत

### स्कालर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल धनौरा


तुषार सारस्वत 94.8 प्रतिशत | दक्ष अग्रवाल 94.8 प्रतिशत | उनैजा नूर 94.2 प्रतिशत

### ब्लूबर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल धनौरा


गोल्डी गहलौत 97.8 प्रतिशत | अंश चौधरी 96.6 प्रतिशत | दर्शील दीक्षित 96 प्रतिशत

### हीरा इंटरनेशनल स्कूल धनौरा


शुभ गोयल 96.6 प्रतिशत | ध्रुव अग्रवाल 95.2 प्रतिशत | हार्दिक शर्मा 94.8 प्रतिशत

### एएसएम मार्डन एकेडमी खाता, जोया


सेवन कुमार 97.2 प्रतिशत | सृष्टि 95.4 प्रतिशत | एजाज उल हक 91.8 प्रतिशत

### एल.एस.ए. अमरोहा


नित्या चौधरी 98.8 प्रतिशत | जोहा जाफरी 98.2 प्रतिशत | माही चौधरी 97.6 प्रतिशत

## पत्रकारों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा।** मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने सांसद कंवर सिंह तंवर को ज्ञापन सौंप कोविड काल में स्थगित की गयी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को रेल किराये में छूट दिलाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में महीपाल सिंह, तुलाराम ठाकुर, तारिक अजीम, परवेज आलम आदि मौजूद रहे।

# अहमदाबाद में हो सकता है IPL फाइनल




## 17 मई से टूर्नामेंट, पाक से तनाव के कारण 8 दिन के लिए रोके थे मैच

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल और क्वालीफायर 2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा जा सकता है। टूर्नामेंट का फाइनल 3 जून को खेला जाना है।

एक दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के बचे 13 मैच का शेडयूल रिलीज किया था। लेकिन प्लेआफ के वेन्यू डिसाइड नहीं किए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद को 1 जून को होने वाला क्वालीफायर-2 और 3 जून को खेला जाने वाला फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्लेआफ के वेन्यू नहीं बताने का एकमात्र कारण मौसम है। बोर्ड शेडयूल को अंतिम रूप देने से पहले देश भर में मानसून की गति. विधियों पर नजर रख रहा है। वेदर के मुताबिक अहमदाबाद में जून की शुरुआत में बारिश होने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय यु( की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं। 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में पहला मैच होगा। जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में बाकी मुकाबले खेले जाएंगे। 27 मई को लीग स्टेज खत्म होगा। 18 और 25 मई को रविवार के दिन 2 डबल हेडर खेले जाएंगे। यानी 11 दिन में लीग स्टेज के 13 मैच होंगे। पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में 8 मई को होने वाला मैच पाकिस्तान से हुए हमलों के बीच रोकना पड़ा था। यह मुक. ाबला अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। प्लेआफ मुकाबलों का वेन्यू फिलहाल तय नहीं है। पहले हैदराबाद और कोलकाता में 2-2 प्लेआफ मैच खेले जाने थे। धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच रोका गया मैच 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 7 मई तक 57 मैच हो चुके थे, 8 मई को 58वां मैच बीच में रोकना पड़ा था। यानी अब 17 मुकाबले बाकी हैं। इनमें 13 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्लेआफ स्टेज के हैं। मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुकाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पाइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्लेआफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें एलिमिनेट हो चुकी हैं। बाकी टीमें अभी प्लेआफ की रेस में बरकरार हैं। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के कुछ प्लेयर्स वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को ध्यान में रखते हुए भारत आने से मना कर सकते हैं। आईपीएल के लिए हर साल अप्रैल मई की विंडो उपलब्ध होती है।



## कोहली के जल्दबाजी में संन्यास पर उठ रहे सवाल

# 10 हजार रन बनाकर इस फॉर्मेट में तीसरे टॉपर बन जाते

**नई दिल्ली, वार्ता।** 36 साल के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वे अगर 1-2 साल और खेलते तो 10 हजार रन बनाकर इस फार्मेट में भारत के तीसरे टॉप स्कोरर बन जाते, लेकिन विराट ने रिकार्ड की परवाह नहीं की। विराट भारत के चौथे टॉप स्कोरर रहे। देश के टॉप-5 टेस्ट स्कोरर में को. हली ने ही सबसे जल्दी संन्यास लिया। सचिन तेंदुलकर ने तो 36 साल की उम्र के बाद 9 टेस्ट शतक और लगा दिए थे। वे 40 साल तक खेले, लेकिन विराट ने इस फार्मेट में अपना करियर लंबा नहीं होने दिया।

विराट कोहली ने 2019 में अपना 27वां टेस्ट शतक लगाया। अगले ही साल कोरोना वायरस आया, मुकाबले कम होने लगे और कोहली ने अपना पीक फार्म खो दिया। 2019 तक उन्होंने करीब 55 की औसत से 7202 रन बना लिए थे। वे अगले 5 साल के 39 टेस्ट में महज 31 की औसत से 2028 रन ही बना सके। इस दौरान उनके बैट से 3 ही सेंचुरी निकलीं। कोहली के खराब फार्म में कोरोना के बाद की बालिंग फ्रेंडली पिचों का योगदान भी बड़ा रहा। महामारी के बाद कोहली ने 37 टेस्ट में 32.09 की औसत से रन बनाए, जो उनके स्टैंडर्ड से बेहद सामान्य रहा। हालांकि, इस दौरान दुनिया भर के टॉप-7 बैटर्स का औसत महज 29.87 का रहा। वहीं को. हली को छोड़कर टीम इंडिया के बाकी टॉप-7 बैटर्स का औसत भी 31.15 का ही रहा। यानी कोहली पिछले 5 साल में दुनिया के टॉप बैटर्स में कम्पीट तो करते रहे, लेकिन उन्हें अपने ही स्टैंडर्ड में गिर जाना नहीं पसंद आया। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली 3 सीरीज में भी कोहली आउट आफ फार्म नजर आए। वे एक फिफ्टी और एक सेंचुरी ही लगा सके। 3 से 5 जनवरी तक उन्होंने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला और मई में संन्यास ले लिया। गौतम गंभीर अगस्त 2024 में टीम इंडिया के नए हेड कोच बनाए गए। उन्होंने कोच बनते ही बयान दिया था कि वे टीम इंडिया के स्टार कल्चर को खत्म करना चाहते हैं। उनका मानना रहा कि फैंस और मैनेजमेंट का फोकस प्लेयर के रिकार्ड्स से ज्यादा टीम की जीत पर होना चाहिए। गंभीर की एंट्री के बाद बीसीसीआई ने लंबे दौरों पर परिवार के ज्यादा समय साथ रहने पर पाबंदी लगा दी। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और टीम के कुछ सीनियर प्लेयर इस फैसले से नाराज नजर आए। गंभीर के कोच बनने के बाद टीम ने न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान और ऑस्ट्रेलिया से उन्हीं के मैदान पर सीरीज हार झेली। जिसके बाद रविचंद्रन अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली को संन्यास लेना पड़ गया। गौतम गंभीर की कोचिंग में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट ने टेस्ट से संन्यास लिया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के साथ होने वाली श्रृंखला के लिए टीम की घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सफेद गेंद श्रृंखला के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए हैरी ब्रूक को टीम का कप्तान बनाया है। 29 मई से शुरू होने वाली इस श्रृंखला के तहत दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 खेले जायेंगे। लियाम डॉसन की सितंबर 2022 के बाद पहली बार टी-20 प्रारुप में लौटे हैं। इसकी के साथ फिल साल्ट और ल्यूक वुड की भी टी-20 टीम में वापसी हुई है जबकि विल जैक्स दोनों टीमों में खेलेंगे।

**एकदिवसीय टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, जो रूट और जेमी स्मिथ।

**टी-20 टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट और ल्यूक वुड।

# सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं



### विराट के टेस्ट संन्यास के बाद 100 शतकों का रिकॉर्ड अटूट, भविष्य में भी नहीं दिखता कोई दावेदार

**नई दिल्ली, वार्ता।** कहा जाता है कि रिकॉर्ड बनते ही हैं टूटने के लिए। हालांकि, क्रिकेट के कुछ रिकॉर्ड ऐसे हैं, जो कालजयी बन जाते हैं। इनका टूटना लगभग नामुमकिन माना जाता है। जैसे 50 से ज्यादा टेस्ट खेलने के बाद डान ब्रैडमैन का 99.94 का औसत। इंटरनेशनल क्रिकेट में मुथैया मुरलीधरन का 1347 विकेट का रिकॉर्ड। विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी इसी फेहरिश्त में शामिल हो सकता है। वैसे सचिन के कारनामे से विराट सिर्फ 18 शतक पीछे हैं, लेकिन टेस्ट को अलविदा कहने के बाद उनके लिए अब 100 शतकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है। स्टोरी में आगे जानेंगे कि ऐसा क्यों है। साथ ही यह भी जानेंगे कि वर्तमान और भविष्य का कोई अन्य बल्लेबाज भी इस नंबर तक क्यों नहीं पहुंच सकता है। विराट अब सिर्फ वनडे पर निर्भर पिछले साल भारत को चैंपियन बनाने के बाद विराट ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने टेस्ट को भी अलविदा कह दिया है। अब अगर उन्हें सचिन के रिकॉर्ड तक पहुंचना है, तो वनडे में ही 18 शतक जमाने होंगे। विराट ने हिंट दी है कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक इस फार्मेट में खेलना जारी रख सकते हैं। विराट वनडे में औसतन हर 6 पारी में एक शतक जमा देते हैं। इस रफ्तार से उन्हें 18 शतक के लिए 108 पारियां खेलनी पड़ेंगी। 2020 से भारत हर साल औसतन 16 वनडे खेलता है। इस लिहाज से अगले वर्ल्ड कप भारतीय टीम मुश्किल से 40-50 मैच खेल पाएगी। विराट अगर सभी मुकाबले खेल लेते हैं तब भी वे ज्यादा से ज्यादा 7 से 8 शतक ही लगा पाएंगे। यानी उनके लिए अब 100 शतक तक पहुंच पाना लगभग असंभव है। एक्टिव प्लेयर्स में कोई आस-पास नहीं फैब-4 में शामिल बल्लेबाजों की बात करें तो सचिन के महा रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं है। जो रूट 53, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन 48-48 शतक ही बना सके हैं। इनमें से किसी का 100 शतकों तक पहुंच पाना मुश्किल है। फैब-4 के अलावा, रो. हित शर्मा 49 शतक बना चुके हैं। रोहित भी टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में उनका भी तेंदुलकर के रिकॉर्ड तब पहुंच पाना मुश्किल है। फ्यूचर में और कम होंगे वनडे और टेस्ट तेंदुलकर के महाशतकों का रिकॉर्ड टूटने की संभावना कम है। वनडे और टेस्ट मैचों की संख्या लगातार कम हो रही है।




## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए

# द. अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया ने टीम घोषित की

### द. अफ्रीका ने टीम की कमान तेम्बा बावुमा को सौंपी, एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी होगी मजबूत

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को लॉड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीकी चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए टीम की कमान आज टेम्बा बवुमा को सौंपी।

द. अफ्रीका ने पाकिस्तान के साथ हुई टेस्ट सीरीज वाली टीम में दो बदलाव करते हुए शेष सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है, लेकिन क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम से बाहर रखा है। चोट से उबरने के बाद लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी से गेंदबाजी की धार और तेज हो जायेगी। टोनी डी जोंजी, रयान रिकेल्टन और एडन मारक्रम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प हैं, जबकि उभरते सितारे ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की कमान संभालेंगे। काइल वेरिन स्टंप के पीछे अपना जौहर बिखेरेंगे। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो मुल्डर और जेनसन के साथ कैगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश के तेज गेंदबाजी की कामन होगी। केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में जगह दी गई। डब्ल्यूटीसी के फाइनल मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है:- तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोंजी, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन। टीम को लेकर मुख्य कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि इस टीम ने इंग्लिश परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी तरह की तैयारियाँ की हैं और यह एक संतुलित टीम है। कॉनराड ने कहा कि सबसे पहले, मैं इस टीम के लिए चुने गए प्रत्येक खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। इस समूह के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में भाग लेना एक विशेष क्षण है। पिछले 18 महीनों में, हमने एक प्रतिस्पर्धी रेड-बॉल टीम बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

**ऑस्ट्रेलिया** ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जून से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए पैट कमिंस की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

चयनकर्ताओं ने चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया है। टीम में मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड तथा अनुभवी बल्लेबाज के रूप में उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और

### जोश हेजलवुड और कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया गया

विकेटकीपर एलेक्स कैरी को जगह दी गई हैं। जोश इंगलिस को भी बैकअप विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है साथ ही युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को टीम में जगह मिली है। बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन स्पिन विकल्प के रूप में नाथन लियोन के साथ शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है और हम भाग्यशाली हैं कि पैट, जोश और कैम फिट होकर वापसी कर रहे हैं। टीम डब्ल्यूटीसी खिताब के बचाव और लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीकी टीम का सामना करने के लिए उत्साहित है।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।

## मरीन ड्राइव पर राजस्थान के राइडर्स का दबदबा, दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते

### लड़कों की 30 किमी. की रोमांचक रेस में राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप किया

**पटना, वार्ता।** बिहार की राजधानी पटना के मरीन ड्राइव पर मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में राजस्थान के साइकिलिस्टों ने तूफानी प्रदर्शन किया। यहां ठंडी हवाओं और दर्शकों की भारी भीड़ के बीच राजस्थान के राइडर्स ने व्यक्तिगत टाइम ट्रॉयल में अपना दमखम दिखाया और छह में से पांच पदक अपने नाम किए,

जिनमें से दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल हैं। लड़कों की 30 किलोमीटर की रोमांचक रेस में तो राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप कर दिया। दोनों ही वर्गों में महाराष्ट्र की जुल गंजम नारकर एकमात्र ऐसी राइडर रहीं, जिन्होंने राजस्थान के दबदबे को चुनौती दी। नारकर ने 20 किलोमीटर की रेस 32 मिनट और 49-291 सेकेंड (औसत रफ्तार 36-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया। लेकिन, स्वर्ण पदक पर कब्जा राजस्थान की मंजू चौधरी ने किया। बीकानेर में अभ्यास करने वाली बाड़मेर की इस बेटी ने 32 मिनट 15-142 सेकेंड (औसत रफ्तार 37-2 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ पहला स्थान हासिल किया। दिलचस्प बात यह है कि मंजू का यह पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और वह सिर्फ रोड रेसिंग में ही हिस्सा लेती हैं। मंजू की टीम की साथी रुक्मिणी भी पीछे नहीं रहीं और उन्होंने 33 मिनट 40-233 सेकेंड (औसत रफ्तार 35-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कूल गेम्स की चैंपियन और दो साल पहले ही साइक्लिंग शुरू करने वाली मंजू ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आई थी और मैं अपने परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे रोड रेसिंग बहुत पसंद है और मैं सिर्फ टाइम ट्रायल में ही हिस्सा लेती हूं। यहां रेस करने में मुझे बहुत अच्छा लगा। महिलाओं की इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की शिवानी कृष्ण पारित चौथे और मेजबान बिहार की अमृता कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के 30 किलोमीटर टाइम ट्रायल रेस में राजस्थान के रामवतार चिम्पा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्वीप किया। रामवतार ने 40 मिनट 21:245 सेकेंड (औसत रफ्तार 44.6 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, उनके साथी महादेव सारन ने 40 मिनट 49:486 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.9 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक भी राजस्थान के ही महावीर सारन के नाम रहा, जिन्होंने 41 मिनट 43.480 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.1 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी की।

## अटापट्टू पर लगा मैच फीस का 10% जुर्माना



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्टू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

# बीसीबी ने शॉन टेट को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया



**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज शॉन टैट को अपनी टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

शॉन टैट का अनुबंध नवम्बर 2027 तक होगा। वह आंद्रे एडम्स का स्थान लेंगे। टैट इस महीने के आखिरी में टीम के साथ शामिल होंगे। टैट ने एक दशक तक चले अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूपों में 59 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 95 विकेट लिए है। वह वर्ष 2007 में क्रिकेट विश्वकप जीतने वाले ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। एडम गिलक्रिस्ट के शानदार शतक ने ऑस्ट्रेलिया को 2007 विश्व कप फाइनल में श्रीलंका पर जीत दिलाने में मदद की। अपनी नियुक्ति पर टैट ने मुख्य कोच फिल सिमंस के नेतृत्व में राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अभी बंगलादेश क्रिकेट टीम के साथ जुड़ना अच्छा समय है। यह एक नए युग की तरह है। बांग्लादेश की हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला बराबर रही थी और उसे अभी संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भी खेलना है।

## माइक हेसन पाक के वनडे और टी-20 कोच बने

### आईपीएल में बेंगलुरु के कोच रह चुके, आकिब जावेद हाई- परफारमेंस डायरेक्टर बने




**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को पाकिस्तान का नया व्हाइट-बाल कोच बनाया है। हेसन वनडे और टी-20 के हेड कोच बने हैं। न्यूजीलैंड के माइक 26 मई से अपना पदभार संभालेंगे। हालांकि पीसीबी ने उनके कान्ट्रैक्ट के बारे में जानकारी नहीं दी। 50 साल के हेसन आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2019-23 में हेड कोच रह चुके हैं। 2012-18 तक वे न्यूजीलैंड मेंस टीम के भी कोच रहे। अभी हेसन पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड को कोचिंग दे रहे थे। इस्लामाबाद यूनाइटेड पीएसएल 2024 की विजेता थी। पाकिस्तान के अंतरिम कोच आकिब जावेद को बोर्ड ने हाई-परफारमेंस डायरेक्टर बनाया है। जावेद पाकिस्तान सिलेक्टर्स टीम का अहम हिस्सा होंगे। पाकिस्तान के कोच के रूप में हेसन का पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज होगी। 25 मई से शुरू होने वाली सीरीज का रिशेडयूल होने की वजह से मैच की तारीख में बदलाव होगा। हेसन अकीब जावेद की जगह लेंगे, जिन्होंने अक्टूबर 2024 में गैरी कर्स्टन के अचानक इस्तीफे के बाद अंतरिम व्हाइट-बाल कोच के रूप में काम किया था। पीसीबी ने कर्स्टन को अप्रैल 2024 में 2 साल के लिए कोच बनाया था। लेकिन 6 महीने के अंदर ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पीसीबी प्रेस रिलीज के जरिए नकवी ने कहा, मुझे न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कोच माइक हेसन को व्हाइट-बाल हेड कोच बनाते हुए खुशी हो रही है। माइक अपने साथ अंतर्राष्ट्रीय अनुभव से शानदार ट्रैक रिकार्ड लेकर आ रहे हैं। टीम में आपका स्वागत है, माइक। टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद खराब रहा।

# तीसरे पक्ष की जगह नहीं

भारत–पाकिस्तान के बीच यूं तो सीजफायर हो गया और यह भी जायज है, लेकिन सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जिस तरह का श्रेय ले रहे है वह बेहद अटपटा सा ही है। कभी वह कहते है कि भारत–पाकिस्तान को मनाने के लिए उन्होंने काफी गंभीर प्रयास किए और दोनों देशों के नेताओं की इस बात के लिए भी तारीफ करते है कि उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और विवेकपूर्ण सोच के चलते ही सीजफायर संभव हो पाया, लेकिन एक चीज जो उन्होंने कही वह बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं भारत–पाकिस्तान के साथ मिलकर यह देखने कि कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। सवाल यह है कि कश्मीर का मुद्दा अचानक कहा से आ गया। उनके इस बयान को लेकर भारत में तरह–तरह के सवाल उठना सवभाविक है जो उठ भी रहे है। क्योंकि भारत का स्टैंड कश्मीर को लेकर बिलकुल साफ रहा है और उसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। भारत ने बार–बार कहा है कि भारत–पाक के बीच किसी भी विवाद को सुलझाने में वह किसी भी तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के स्टैंड को जानते हुए भी अपनी टांग क्यूं फंसा रहे है। बात तो इस समय आतंकवाद पर होनी चाहिए थी, लेकिन ट्रम्प साहब कश्मीर को बीच में ले आए। जाहिर है यह अमेरिका की दौहरी नीति ही कही जाएगी। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति को सीजफायर का श्रेय देना ही चाहिए इसमें कोई समस्या भी नहीं है दो देशों के बीच में सुलह कराना अच्छे कार्य ही माना जाएगा, लेकिन किसी अच्छे कार्य करने की आड़ में एक नए विवाद को जन्म देना यह कुटिल चालाकी ही कहा जाएगा। यहीं कारण है कि भारत ने तुरंत इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और अमेरिका को भी साफ समझा दिया है कि वह कश्मीर विवाद में ना पड़े। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जम्मू–कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं है और इस मुद्दे को भारत–पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। साथ ही जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। क्योंकि उनकी नजर में यही मामला एक लम्बित मामला है और इसी पर विवाद बना हुआ है और कभी जब भी बात होगी तो वह पीओके पर ही होगी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने माना कि 7 मई से 10 मई के बीच गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति को लेकर भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच बातचीत होती रही, लेकिन इस बातचीत में कभी व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। जाहिर है कि जायसवाल ऐसा कह रहे थे तो वह डोनाल्ड ट्रम्प के 12 मई को दिए उस बयान का हवाला दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के नेताओं से उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि वह सीजफायर के लिए तैयार नहीं होते है तो अमेरिका उनके साथ व्यापार में मदद नहीं करेगा। मलतब साफ है कि व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों पर काम कर गई। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया।

## सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे



पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे, कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेयी सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था, कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी, इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए, क्या सरकार अब पहलगाम हमले को लेकर एनआईए की जांच के बावजूद इसी तरह का एक स्वतंत्र और व्यापक विश्लेषण के जरिये विस्तृत आकलन कराएगी।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# घरेलू कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनें





विनीत नारायण

**घरेलू कर्मचारियों की आर्थक स्थिति अक्सर कमजोर होती है और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, इसलिए उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है, कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है**

भारत में घरेलू कर्मचारी, जिन्हें आमतौर पर नौकर, बाई, या हेल्पर के रूप में जाना जाता है, कई परिवारों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में, ये कर्मचारी घरों की सफाई, खाना पकाने, बच्चों की देखभाल, और अन्य आवश्यक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हालांकि, उनके साथ व्यवहार करने का तरीका अक्सर सामाजिक, आर्थिक, और नैतिक सवाल उठाता है। आज के माहौल में ज़रूरत इस बात की है कि घरेलू कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक, निष्पक्ष, और संवे. दनशील व्यवहार कैसे किया जाए ताकि एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण बनाया जा सके।

घरेलू कर्मचारी भी, भले ही उनकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति अलग हो, सम्मान के हकदार होते हैं। भारत में, जहां सामाजिक वर्ग–भेद अभी भी प्रचलित है, यह महत्वपूर्ण है कि हम कर्मचारियों को केवल 'नौकर' के रूप में न देखें, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में समझें, जिनके पास अपनी भावनाएं, जरूरतें, और आकांक्षाएं हैं। कर्मचारी को 'बाई' या 'कामवाली' जैसे सामान्य शब्दों के बजाय उनके नाम से पुकारें तो यह एक छोटा–सा कदम उनके प्रति सम्मान दर्शाता है। कठोर शब्दों या आदेशात्मक लहजे से बचें। उनकी मेहनत को सराहें और धन्यवाद देना न भूलें। उनके व्यक्तिगत जीवन, परिवार या आर्थिक स्थिति के बारे में अनावश्यक सवाल न पूछें। अगर वे स्वयं कुछ साझा करना चाहें, तो सहानुभूति के साथ सुनें।

घरेलू कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति अक्सर कमजोर होती है, और वे अपने परिवार का भरण–पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसलिए, उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। अपने क्षेत्र के नियमों का पालन करें और बाजार दर के अनुसार वेतन दें। यदि संभव हो, तो समय–समय पर उनकी वेतन भी बढ़ाएं। कर्मचारियों को अनिश्चित समय तक काम करने के लिए मजबूर न करें। उनके साथ स्पष्ट रूप से कार्य का समय और जिम्मेदारियां तय करें। उन्हें साप्ताहिक अवकाश, त्योहारों पर छुट्टी, और आपातकालीन स्थिति में अवकाश देने का प्रावधान करें। बीमारी या पारिवारिक जरूरतों के लिए भी लचीलापन दिखाएं। घरेलू कर्मचारी आपके लिए काम करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और आराम का ध्यान रखना आवश्यक है। सुनिश्चित करें कि आपके घर में कोई खतरनाक उपकरण या रसायन कर्मचारी की पहुंच में न हों। उन्हें उपकरणों का उपयोग करने की ट्रेनिंग दें। उन्हें पीने का साफ पानी, बैठने की उचित जगह और यदि वे लंबे समय तक काम करते हैं, तो भोजन भी उपलब्ध कराएं। गर्मियों में पंखे या कूलर और सर्दियों में गर्म कपड़े जैसी मौसमी सहायता देने पर भी विचार करें। यदि संभव हो, उनके लिए स्वास्थ्य बीमा या चिकित्सा खर्चों में सहायता प्रदान करें। यह न केवल धर्मार्थ कार्य है, बल्कि ऐसा करने से आपके और उनके बीच सौहार्द भी बढ़ता है। घरेलू कर्मचारियों के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाए रखने के लिए खुला और स्पष्ट संवाद जरूरी है। यदि कर्मचारी अपनी समस्याएं या सुझाव साझा करना चाहें, तो उनकी बात धैर्यपूर्वक सुनें। उनकी राय को महत्व दें। कर्मचारियों पर अनावश्यक शक न करें। यदि कोई गलती हो, तो उसे शांतिपूर्वक और सम्मानपूर्वक संबोधित करें। कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार अच्छा है, लेकिन अत्यधिक व्यक्तिगत होने से बचें। स्पष्ट सीमाएं दोनों पक्षों के लिए सहजताबनाए रखती हैं।

भारत में घरेलू कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर कानून धीरे–धीरे बेहतर हो रहे हैं। नियोक्ता के रूप में, आपको इन कानूनों का पालन करना चाहिए। घरेलू कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा और कार्यस्थल पर भेदभाव से मुक्ति जैसे अधिकार प्राप्त हैं। इनका उल्लंघन न करें। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को घरेलू कार्य के लिए नियुक्त करना अवैध है। यह सुनिश्चित करें कि आपके कर्मचारी वयस्क हों। यदि संभव हो तो कर्मचारी के साथ एक साधारण लिखित अनुबंध बनाएं, जिसमें वेतन, कार्य घंटे, अवकाश और उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। जिससे बाद में किसी भी तरह का विवाद न हो। घरेलू कर्मचारी भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। फिर भी वे अक्सर उपेक्षित रहते हैं। नियोक्ता के रूप में आप उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सकते हैं। यदि आपके कर्मचारी या उनके बच्चे पढ़ना चाहते हैं, तो उन्हें स्कूल या प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ने में मदद करें। उनके कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें अपने घर के छोटे–मोटे उत्सवों में शामिल करें, जैसे कि जन्मदिन या अन्य त्योहार। इससे उन्हें अपनापन महसूस होता है। यदि आप देखते हैं कि अन्य लोग घरेलू कर्मचारियों के साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं, तो इसका विरोध करें और जागरूकता फैलाएं।

कभी–कभी कर्मचारियों के साथ आपके बीच मतभेद या अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनका समाधान शांतिपूर्वक और समझदारी से करना चाहिए। यदि कर्मचारी कोई गलती करता है, तो उसे डांटने के बजाय समझाएं और सुधरने का अवसर दें। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कर्मचारी शहरी जीवनशैली से अपरिचित हो सकते हैं। उन्हें धैर्यपूर्वक समझाएं और प्रशिक्षित करें। यदि कोई बड़ा विवाद हो, तो परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य या तटस्थ व्यक्ति की मदद लें। घरेलू कर्मचारियों के साथ व्यवहार केवल एक मालिक–कर्मचारी संबंध तक सीमित नहीं है। यह मानवता, करुणा, और सामा. जिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। भारत जैसे देश में, जहां सामाजिक और आर्थिक असमानताएं गहरी हैं, घरेलू कर्मचारियों के प्रति हमारा व्यवहार समाज में बदलाव लाने का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। सम्मान, उचित पारिश्रमिक, सुरक्षा, और संवाद के माध्यम से, हम न केवल उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि अपने घरों में भी सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण वातावरण बना सकते हैं। आइए, हम सभी मिलकर एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करें, जहां हर मेहनतकश व्यक्ति को वह सम्मान और अधिकार मिले, जिसका वह हकदार है। आज से 50 वर्ष पूर्व हिंदी की एक प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रिका में लेख छपा था, 'चाकरी धर्म सबसे मुश्किल'। उसकी कुछ पंक्तियां मुझे याद आ रही हैं। 'आपका सेवक अगर ज़ोर से बोले तो आप कहते हैं कि सिर पर क्यो चढ़ा आ रहा है? धीरे से बोले तो आप कहेंगे कि ज़ोर से क्यों नहीं बोलता? क्या मुंह में दहीं जमा है? अगर वो काम में फुर्ती दिखाए और समझदारी की बात करे तो आप कहते हैं कि ये बड़ा चलता पुर्जा है। अगर काम में सुस्ती दिखाए और कम समझदारी की बात करे तो आप उसे अपमानजनक उपमा देकर सबके सामने उसका मज़ाक़ उड़ाते हैं।' इसलिए कहते हैं कि सेवा का कार्य सबसे कठिन होता है।

# महामारी संधि के लिए एकजुटता, अमेरिका बाहर

स्रोत फीसर्च

**Covid-19 के दौरान वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई, संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है**

तीन साल की बातचीत के बाद, दुनिया के देशों ने आखिरकार एक ऐतिहासिक संधि पर सहमति जताई है, जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए बेहतर तैयारी करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा समर्थित नई वैश्विक संधि, कोविड–19 महामारी के दौरान हुई गलतियों से सीखकर, खासकर टीकों, दवाओं और सूचनाओं के आदान–प्रदान को बेहतर बनाने की कोशिश है। संधि का मुख्य उद्देश्य महामारी से निपटने के तरीकों को त्वरित और निष्पक्ष बनाना है एवं देशों को एकजुट करना है। गौरतलब है कि इस समझौते से एक महत्वपूर्ण पक्ष, यानी अमेरिका, गायब है। शुरुआती बातचीत में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, अमेरिका ने इन वार्ताओं से दूरी बना ली है। फिर भी, अधिकांश देशों ने लोगों की भलाई के लिए समझौता वार्ता को जारी रखा। संधि की कुछ मुख्य बातें यहां दी प्रस्तुत हैं।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सुरक्षा

संधि की पहली सहमति स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बेहतर सुरक्षा देने से सम्बंधित है। कोविड–19 संकट के दौरान, अग्रिम पंक्ति के कई कार्यकर्ताओं (डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन वगैरह) को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) की गंभीर कमी का सामना करना पड़ा था। संधि में इन अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर नीतियां बनाने की बात की गई है ताकि उन्हें सही उपकरण, प्रशिक्षण और समर्थन मिल सके। उनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर स्वास्थ्य कार्यकर्ता बीमार पड़ते हैं तो पूरी स्वास्थ्य प्रणाली ठप हो जाती है।

### नए टीकों व दवाओं को मंजूरी

संधि देशों से आव्हान करती है कि नए टीकों और दवाओं के परीक्षण और मंज़ूरी प्रक्रिया को, सुरक्षा से समझौता किए बगैर, गति दें। इसका उद्देश्य वैश्विक प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है ताकि जीवन रक्षक उपचार लोगों तक जल्दी पहुंच सकें। इसके लिए संधि में देशों को अपनी दवा नियामक प्रणालियां मज़बूत करने का सुझाव दिया गया है।

### छलकने को थामना

कई महामारियां, जैसे कोविड–19, तब शुरू हुई जब वायरस जीवों से मनुष्यों में पहुंचे। इसे (छलकना) 'स्पिलओवर कहा जाता है। संधि में ऐसे स्पिलओवर का खतरे कम करने के लिए अधिक निवेश का सुझाव है। इसमें जंतुओं में रोगों की निगरानी, वन्यजीव व्यापार पर सख्त नियंत्रण और जीवित जंतुओं के बाज़ारों में स्वच्छता और निगरानी में सुधार शामिल है।

### त्वरित डैट साझेदारी

कोविड–19 के दौरान, वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई। संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है, ताकि दुनिया भर के वैज्ञानिक मिलकर उपचार विकसित कर सकें।

### पहुंच में समता

पिछली महामारी में, समृद्ध देशों ने ज़रूरत से ज्यादा टीके जमा कर लिए थे, जबकि गरीब देशों को बहुत लंबा इंतज़ार करना पड़ा था। अमीर हो या गरीब, संधि सभी देशों को टीका, उपचार और निदान का उचित हिस्सा, उचित समय पर देने की बात करती है। संधि में उत्पादकों को टीकों वगैरह का एक हिस्सा आपातकालीन स्थितियों में आपूर्ति हेतु दान करने या सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

इस संधि की मुख्य बात यह है कि यह कोविड–19 महामारी के अनुभव से जन्मी है। जिन देशों के पास टीका कारखाने थे, उनके पास टीकों की भरपूर खुराकें थीं, जबकि गरीब देशों को टीके मुश्किल से मिल रहे थे। यदि टीकों का समान वितरण होता तो लाखों संक्रमण और जानें बचाई जा सकती थीं। इसी समस्या के मद्देनज़र, डब्ल्यूएचओ के 194 सदस्य देशों ने दिसम्बर 2021 में एक वैश्विक संधि का मसौदा तैयार करना शुरू किया, ताकि भविष्य में ऐसी दिक्कतों से बचा जा सके।

संधि पर सहमति तक पहुंचना आसान नहीं था। वार्ता में सबसे मुश्किल मुद्दा समानता का था: यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि जो गरीब देश खतरनाक वायरस की जानकारी साझा करें, उन्हें उस जानकारी के आधार पर विकसित टीकों और उपचारों तक भी समान पहुंच मिले। इससे एक नया सिस्टम बना–रोगजनकों तक पहुंच व लाभों की साझेदारी (च्जीवहमद ।बबमे 'दक ठमदमपिजे ैंतपदह – चठै)। इसे इस तरह समझेंरू अगर कोई देश नया वायरस खोजता है और उसे पूरी दुनिया वैज्ञानिकों के साथ साझा करता है तो उसे इसके खिलाफ विकसित टीकों व दवाइयों का एक उचित हिस्सा मिलना चाहिए। न सिर्फ टीके मिलना चाहिए बल्कि टीका तैयार करने की विधि भी मिलना चाहिए ताकि ऐसे देश खुद अपना टीका बना सकें। एक और प्रमुख बहस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बारे में थी। इसका उद्देश्य विकासशील देशों को अपनी खुद की दवाइयां और टीके बनाने के लिए सहायता प्रदान करना है। कई निम्न–आय वाले देशों का मानना था कि उन्हें भविष्य में महामारी के दौरान समृद्ध देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, और उन्हें खुद को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए।

लेकिन यह कैसे हो? प्रारंभिक मसौदों में कहा गया था कि प्रौद्योगिकी 'आपसी सहमति से तय शर्तों' पर साझा की जाएगी। हालांकि, कुछ समृद्ध देशों ने इसमें 'स्वैच्छिक' शब्द जोड़ने की इच्छा जताई, जिसका मतलब था कि किसी भी देश को प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। गरीब देशों के लिए यह अस्वीकार्य था क्योंकि उन्हें डर था कि इससे संधि कमज़ोर हो जाएगी और भविष्य के लिए गलत मिसाल बनेगी। लंबी चर्चाओं के बाद, दोनों पक्षों ने 'आपसी सहमति से तय शर्तों' शब्द को बरकरार रखा और एक फुटनोट जोड़ा, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि इसका मतलब 'इच्छा से लिया गया' है।

# झूठ फैलाकर उन्माद को हवा देना ठीक नहीं







तनवीर जाफरी

**हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स रिपोर्टस को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है**

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों में 'तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम' अर्थात फ़ायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 'भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम पर सहमति बनने' की जानकारी दी गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई एक लंबी बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ़ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं। यह युद्ध विराम ऐसे समय हुआ है जबकि भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ता ही जा रहा थे और दोनों और से एक दुसरे पर हमले व जवाबी हमलों के दावे किए जाने लगे थे। बहरहाल बुद्ध के देश से युद्ध विराम पर सहमति तो जता दी गई परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने जिसतरह पाक व पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंक के गढ़ पर आक्रमण किया उससे न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को सन्देश चला गया है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध किसी पंचायत में फ़रियाद लेकर जाने वाला नहीं बल्कि स्वयं आतंक का मुंह तोड़ जवाब देने वाला देश है।

परन्तु पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑप्रेशन संदूर तक व उसके बाद युद्ध विराम की घोषणा होने तक भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्तस्ना की जाए वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिए इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ीं हैं। कई बार ऐसे कई अनियंत्रित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है,अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है। हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स के रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है। ख़ुद उन्हें अपने ही चैनल में अपने ही द्वारा बुलाए गए मेहमानों से ही लाईव कार्यक्रमों में भरपूर बेइज़्ज़ती उठानी पड़ चुकी है। कई कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार ऐसे चैनल्स को छोड़ अपने यूट्यूब चैनल चलाकर अपनी लोकप्रियता व वास्तविक पत्रकारिता का प्रमाण दे रहे हैं। और इन सब का नतीजा यह है कि ऐसे सभी श्गोदी चैनल्स की टी आर पी काफ़ी गिर चुकी है। परन्तु इतना अपमान व ज़लालत सहने के बावजूद ऐसे चैनल्स व उनके पत्रकारों में कोई परिवर्तन आना तो दूर की बात उल्टे उनका स्तर और भी गिरता ही जा रहा है। यहां तक कि भारत पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भी सरकार को ऐसे चैनल्स को नियंत्रित रहने की सलाह देनी पड़ी। पाक प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले व जवाब में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत सरकार के सूचना मंत्रालय ने मीडिया को ज़िम्मेदाराना व संवेदनशील रिपोर्टिंग करने की हिदायत भी जारी की थी। मीडिया को सलाह दी गई थी कि वह संयमित रहकर ज़िम्मेदाराना रिपोर्टिंग करे ताकि अफ़वाहें और ग़लत सूचनाएं न फैलें। रक्षा मंत्रालय ने भी 1 मई 2025 को मीडिया से फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरों से दूर रहने की सलाह दी थी। क्योंकि ऐसी कवरेज दुश्मन को फ़ायदा पहुंचा सकती है और सुरक्षाकर्मियों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में यह बताया गया था कि ऑपरेशन सिन्दूर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। ऑप्रेशन के लक्ष्य के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान–अधिकृत कश्मी में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें 4 पाकिस्तान और 5 पीओके में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्दोष नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता। भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को प्रवक्ता के रूप में पेशकरने के साथ साथ यह भी कहा गया कि पूरा देश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा उठाये जा रहे हर फ़ैसले के साथ एकजुट है।

मगर इस अति संवेदनशील घड़ी में भी भारतीय मीडिया सरकारी निर्देशों की गोया धज्जियां उड़ाने पर आमादा नज़र आया। गोदी मीडिया अपने चैनल्स पर भरपूर अफ़वाहें, ग़लत सूचनाएं और फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरें प्रसारित करता रहा। युद्धोन्माद भड़काने के लिए इनके ऐंकर्स टी वी पर बन्दर की तरह उछलते व अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करते भी देखे गए। तनाव के दौरान एक ओर भारतीय सेना अपने रक्षात्मक पक्षों को सामने रख रही थी तो भारत का एक चैनल दावा कर रहा था कि पाकिस्तान के पांच शहर तबाह हो गए जबकि एक दूसरा चैनल पाकिस्तान के 25 शहर तबाह बता रहा था।

# डार्क सर्कल्स कम करने के लिए ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे

डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं। डार्क सर्कल्स की समस्या कम करने के लिए कई तरह के उपाय किए जाते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करते ही डार्क सर्कल्स की समस्या दोबारा शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप इस समस्या को कम करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकती हैं। दरअसल, हम आपको 2 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से यह समस्या कम हो सकती है।

### खीरे का इस्तेमाल...

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए खीरे का इस्तेमाल भी किया जाता है। खीरे में कई गुण पाए जाते हैं। इसमें एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि चेहरे की सूजन, कालेपन और डार्क सर्कल को कम करने में सहायता करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले खीरे के पतले–पतले स्लाइस काट लें।
- अब इन स्लाइस को फ्रिज में रख दें।



- फिर इन स्लाइस को आंखों के ऊपर रखें।
- सप्ताह में 2–3 बार इसका उपयोग करना चाहिए।

### बादाम तेल से मालिश करें

बादाम का तेल स्किन से जुड़ी समस्या को खत्म करने के अलावा डार्क सर्कल को कम करने में भी उपयोगी माना जाता है। बादाम के तेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई पाया जाता है, जोकि स्किन संबंधी समस्या को कम करने में सहायक होता है। यह तेल स्किन में नमी बनाए रखने में भी मदद करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले एक कटोरी में बादाम का तेल लें।
- फिर इस तेल को डार्क सर्कल्स वाली जगह पर लगाएं।
- अब हल्के हाथों से मसाज करें।
- सप्ताह में 2–3 दिन बार इस उपाय को करने से आपको जल्द ही रिजल्ट मिलेगा।

## पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया खुलासा

# पाकिस्तान ने तोड़ी चुप्पी, 11 सैनिकों की मौत स्वीकारी

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान के सभी प्रोपेगैंडा को ध्वस्त करने के बाद भी पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने मंगलवार को एक बार झूठा दावा करते हुए कहा कि भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य टकराव के दौरान 11 सैन्यकर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए, जबकि भारत ने सबूतों के साथ बताया था कि उसकी कार्रवाई में पाकिस्ताप के 35 से 40 सैनिक मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मिट्टी में मिलाया। एक बयान में पाकिस्तानी सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। भारत और पाकिस्तान ने चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को एक समझौता किया था। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा करते हुए पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के 11 कर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। हताहतों में स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, मुख्य तकनीशियन औरंगजेब, वरिष्ठ तकनीशियन नजीब, कॉर्पोरल तकनीशियन फारूक और वरिष्ठ तकनीशियन मुबाशिर शामिल हैं। बयान में कहा गया कि हमले में मारे गए सैन्य कर्मियों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक दिलावर खान, लांस नायक इकरामुल्लाह, नायक वकार खालिद, सिपाही मुहम्मद अदील अकबर और सिपाही निसार शामिल हैं। सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को सात महिलाओं और 15 बच्चों सहित 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि जवाब में पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने बुनयान उल मरसूस के माध्यम से प्रतिशोधी हमले किए। पाकिस्तान के सशस्त्र बल, पाकिस्तान के लोगों के साथ मिलकर मृतक नागरिकों और सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हैं।

## मोदी के भाषण को पाक ने भड़काऊ कहा

**इस्लामाबाद।** पीएम मोदी के आदमपुर एयरबेस पर दिए भाषण को लेकर पाकिस्तान ने टिप्पणी की है। पाकिस्तान के फारेन ऑफिस (एफओ) ने बयान जारी कर कहा कि मोदी की बातों में गलत जानकारी, राजनीतिक फायदा उठाने की को. शिश और अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी साफ दिखती है। एफओ ने कहा कि मोदी की टिप्पणियां बताती हैं कि उन्होंने अपने हमलों को सही ठहराने के लिए झूठी कहानियां गढ़ी हैं। बयान में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान संघर्ष विराम के समझौते का पालन कर रहा है और तनाव कम करने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि भारत के हमले ने पाकिस्तानी लोगों को एकजुट किया है। इस बीच पाकिस्तानी सेना ने पहली बार माना कि भारत के हमलों में उनके 11 सैनिकों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक 78 सैनिक भी घायल हुए हैं।

हालांकि, पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे पाकिस्तान ने आतंक के खिलाफ लड़ाई के जवाब में भारत के मासूम नागरिकों को निशाना बनाया। भारत की ओर से पेश किए गए सबूतों के आधार पर पड़ोसी का नापाक चेहरा दुनिया के सामने उजागर हो गया है।

## देश से किया वादा पूरा किया: पाक आर्मी चीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा कि भारतीय सेना को जवाब देने का देश से किया गया वादा उन्होंने पूरा किया है। मिनट मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर ने कहा- छोटी सेना अक्सर बड़ी सेना पर भारी पड़ती है। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं। हमारी सेना और पाकिस्तान के लोग किसी भी आक्रमण के खिलाफ स्टील की दीवार की तरह एकजुट होकर खड़े हैं। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा, ष्भारत हमें डरा नहीं सकता, चाहे उसके पास कितने भी हथियार हों या वह कितनी भी बड़ी सेना होने का दावा करे।

### उफ गर्मी



आगरा में ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर एक मंदिर के पुजारी श्रद्धालुओं को चिलचिलाती गर्मी से राहत देने के लिए पानी पिलाते हुए।

## पाकिस्तान जेलों से 330 अफगान कैदी रिहा किए

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 330 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान ने पिछले एक सप्ताह के दौरान 330 कैदियों को रिहा किया। मंत्रालय ने बताया कि ए बंदी पिछले सप्ताह दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के जरिए अफगानिस्तान लौट आए। पिछले एक साल में पाकिस्तान ने जेलों में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। लगभग 70 लाख अफगानिस्तानी शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश बिना दस्तावेज के गए प्रवासी हैं, वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार लगातार अफगानिस्तानी शरणार्थियों से विदेश में शरणार्थी



के रूप में रहना बंद करने और अपने युद्ध-ग्रस्त देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए स्वदेश लौटने का आह्वान कर रही है।

## अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिकी टैरिफ के जवाब में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के मुताबिक रीटेलिएटरी यानी जवाबी शुल्क लगाने की बात कही है। अमेरिका अपने बिजनेस सेफ्टी का हवाला देते हुए इन प्रोडक्ट्स पर 2018 से टैरिफ वसूल रहा है। डब्ल्यूटीओ के अनुसार, इससे भारतीय उत्पाद के 7.6 बिलियन डालर (करीब रु. 64,512 करोड़) के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें करीब 1.91 बिलियन डालर (करीब रु. 16,213 करोड़) का ड्यूटी है। 23 मार्च 2018 को अमेरिका ने भारत के स्टील प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स पर 10प्रतिशत टैरिफ लगाया था। जनवरी 2020 में इसे आगे के लिए बढ़ा दिया था। इस साल 10 मई को अमेरिका ने इंपोर्ट ड्यूटी को रिवाइज कर दोनों उत्पादों (एल्युमिनियम और स्टील) पर 25 प्रतिशत कर दिया, जो कल यानी 12 मई से लागू है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को बताया है कि स्टील, एल्युमीनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में कुछ रियायतों को समाप्त कर देगा। इससे पहले अप्रैल में भारत ने नए टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद डब्ल्यूटीओ के सेफ गार्ड एग्रीमेंट के तहत अमेरिका से बातचीत करने की बात कही थी। इसके जवाब में अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को बताया कि टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए थे, उन्हें सेफ गार्ड उपायों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि, डब्ल्यूटीओ ने अमेरिकी टैरिफ को सेफ गार्ड उपाय माना है।

## ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज ने मंत्रिमंडल के साथ ली शपथ

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में हुए संघीय चुनाव में लेबर पार्टी दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुई है और दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और उनके मंत्रियों ने शपथ ली है। कैनबरा में गवर्नमेंट हाउस में मंगलवार सुबह आयोजित समारोह में ऑस्ट्रेलिया में ब्रिटिश राजशाही के प्रतिनिधि गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन ने अल्बनीज, उनके मंत्रिमंडल, विद. ेश मंत्रालय और सहायक मंत्रियों को आधिकारिक तौर पर उनकी भूमिकाओं की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान मंत्रालय के 42 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि वे अपने-अपने कार्यालयों में ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल की अच्छी तरह और सही मायने में सेवा करेंगे। बयालीस सदस्यों में कैबिनेट के 23



सदस्य, सरकार के सबसे आंतरिक गर्भगृह, बाहरी मंत्रालय के सात सदस्य और 12 सहायक मंत्री शामिल हैं। अल्बानी के पहले कार्यकाल के अंत से कैबिनेट और बाहरी मंत्रालय में काफी हद तक कोई बदलाव नही हुआ है, जिसमें उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस, कोषाध्यक्ष जिम चाल्मर्स और विदेश मंत्री पेनी वोंग सहित अधिकांश वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता अपनी भूमिकाओं में बने हुए हैं। अल्बनीज़ ने मंत्रियों की सूची की घोषणा करते हुए कहा कि मंत्रियों और पार्टी के पास ऑस्ट्रेलिया को बेहतर बनाने के लिए असाधारण अवसर है। उन्होंने कहा, चुनाव के साथ मेरी सरकार पर जो भरोसा जताया गया, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं और हम निश्चित रूप से इसे हल्के में नहीं लेंगे। अल्बनीज़ के पिछले मंत्रालय में किए गए बदलावों में से एक मिशेल रोलैंड को अटॉर्नी-जनरल के रूप में नियुक्त करना है, जो मार्क ड्रेफस की जगह लेंगे, जिन्हें गुटीय वार्ता के कारण पूर्व विज्ञान और उद्योग मंत्री एड ह्यूसिक के साथ मंत्रालय से हटा दिया गया है। नए मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के लिए एक नए सहायक मंत्री की भूमिका भी शामिल है, जिसे जूलियन हिल द्वारा भरा गया है।

## बांग्लादेश में गर्मी की आपातकालीन एडवाइजरी जारी

**ढाका।** बंगलादेश के एक बड़े हिस्से में भीषण गर्मी के कारण आपातकालीन परामर्श जारी कर लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षात्मक उपाय करने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के कल यहां जारी एक परामर्श में विशेष रूप से बुजुर्गों, विकलांग लोगों, बाहर काम करने वालों, मोटापे से ग्रस्त लोगों और पुरानी बीमारियों विशेष रूप से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से पीड़ति लोगों को गर्मी और धूप के संपर्क में आने से बचने की चेतावनी दी गई। इस परामर्श में घर के अंदर और बाहर दोनों जगह अनावश्यक शारीरिक परिश्रम करने से बचने का आह्वान भी किया गया है। डीजीएचएस ने लोगों से अपने मूत्र के रंग पर नज़र रखने का भी आग्रह कर यह देखने को कहा कि कही उसका रंग गहरा पीला तो नही है।

## सुरक्षा प्रमुख की मौत की खबर के बीच लीबिया में झड़प

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के बीच हिसक झड़पें हुईं। रिपोर्टों के अनुसार, ये झड़पें राष्ट्रपति परिषद से संबद्ध स्थिरता सहायता विभाग के प्रमुख अब्दुल-गनी अल-किकली उर्फ घ्घ्गनीवा की मौत की सूचना के बाद शुरू हुईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अल-किकली (घनीवा) की मौत त्रिपोली मिलिट्री ज़ोन से संबद्ध 444 ब्रिगेड के मुख्यालय में हुई। उनकी वहां मौजूदगी का कारण स्पष्ट नही है। इस घटना के साथ ही त्रिपोली के दक्षिणी इलाकों में भारी हथियारों से गोलीबा. री की आवाज़ें सुनी गईं और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पिछले कुछ घंटों में त्रिपोली और उसके आसपास सैन्य गतिविधियों के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें ज़ाविया, ज़्तिान और मिसराता शहरों से सशस्त्र गुटों को राजधानी की ओर बढ़ते देखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के चिकित्सा आपातकालीन विभाग ने झड़पों के बाद पूर्ण अलर्ट की घोषणा की, जबकि गृह मंत्रालय ने त्रिपोली के निवासियों को उनकी सुरक्षा के लिए घर पर रहने की सलाह दी। मितीगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं और उन्हें 250 किमी दूर मिसराता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया है। इसके साथ ही त्रिपोली के कुछ हिस्सों में स्कूल भी बंद कर दिए। संयुक्त राष्ट्र लीबिया सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने त्रिपोली में तनाव कम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वह त्रिपोली और पश्चिमी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों और बढ़ते तनाव पर करीबी से नजर रखे हुए है। मिशन ने सभी पक्षों से उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और संवाद के जरिए विवाद सुलझाने की अपील की है।



## ट्रम्प सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मिडिल ईस्ट दौरे के पहले दिन सऊदी अरब पहुंच गए हैं। इस दौरान सऊदी की वायुसेना ने उन्हें एयर स्पेस में एस्कार्ट किया। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को सऊदी की पारंपरिक काफी पिलाई गई। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प की यह पहली औपचारिक विदेश यात्रा है। इससे पहले वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 26 अप्रैल को वेटिकन पहुंचे थे। ट्रम्प कल यानी 14 मई को खाड़ी नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फिर कतर जाएंगे। 15 मई को ट्रम्प अपने दौरे के आखिरी दिन यूएई पहुंचेंगे।

## यूक्रेन हमला, छह रूसियों की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित तीन दिवसीय विजय दिवस युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में कुल 23 नागरिक घायल हुए जिनमें छह की मौत हो गई है। रूस के विदेश मंत्रालय के कीव की ओर से किए गए हमलों पर राजदूत रोडियोन मिरोश्निक ने स्पुतनिक को बताया कि तीन दिवसीय युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में रिहायशी इमारतें, मेडिकल वाहन, आम नागरिकों की कारें और व्यापारिक ठिकाने क्षतिग्रस्त हुए। हमलों में 23 नागरिक घायल हुए, जिनमें से छह की मौत हो गई। कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने एचआईएमआरएस रॉकेट लांचर और विमान बमों जैसे भारी हथियारों का इस्तेमाल किया, जबकि बेलगोरोड क्षेत्र में नौ मई को एक ड्रोन से स्थानीय प्रशासन की इमारत पर हमला किया गया। इस हमले में बेलगोरोड क्षेत्र के उप-गवर्नर अलेक्जेंडर लोरेन्ट्स और एक रूसी नेशनल गार्ड अधिकारी घायल हुए। पांच-11 मई के बीच यूक्रेनी हमलों में 21 लोग मारे गए, जबकि 70 लोग घायल हुए। यूक्रेनी बलों ने 2,636 से अधिक गोले दागे, जिनमें रॉकेट सिस्टम, आर्टिलरी शेल्स, ग्रेनेड, माइन और ड्रोन शामिल थे। मिरोश्निक ने कहा कि अधिकतर हथियार जो यूक्रेनी सेना ने नागरिकों पर हमलों के लिए इस्तेमाल किए, वे पश्चिमी देशों ने बनाए हैं। विजय दिवस से पहले, राष्ट्रपति पुतिन ने स्थानीय समयानुसार आठ मई मध्यरात्रि से 11 मई मध्यरात्रि तक युद्धविराम की घोषणा की थी।

# गाजा में नाकाबंदी, 57 बच्चों की भूख से मौत

### विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे



**गाजा सिटी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया है कि गाज़ा पट्टी में लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे हैं और दो मार्च से शुरू हुई इजरायली नाकाबंदी के बाद से अब तक 57 बच्चों की कुपोषण से मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि दो मार्च 2025 से शुरू हुई नाकाबंदी के बाद अब तक कुपोषण से 57 बच्चों की मौत हो चुकी है और यह संख्या वास्तविक आंकड़े से कम हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अगर हालात नही बदले तो अगले 11 महीनों में पांच साल से कम उम्र के करीब 71 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। गाज़ा की पूरी 21 लाख आबादी लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही है, जिसमें करीब पांच लाख लोग कुपोषण, भुखमरी, बीमारी और मौत की स्थिति में हैं। यह दुनिया के सबसे गंभीर भूख संकटों में से एक है, जो इस समय सामने आ रहा है। उल्लेखनीय है कि फलस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा युद्ध विराम को बढ़ाने की अमे. रिकी योजना को अस्वीकार किए जाने के बाद 18 मार्च को, इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू कर दिए।

## संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ: अल थानी

**दोहा।** कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने कहा है कि इजरायल और फलस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते को कई उल्लंघनों के कारण पूरी तरह से लागू नहीं किया गया। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच तीन-चरणीय संघर्ष विराम समझौता जनवरी 2025 में अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता के साथ पार्टियों द्वारा किया गया था। हालांकि, मार्च में संघर्ष विराम का पालन नहीं किया गया। अल थानी ने द वाशिंगटन पोस्ट अखबार को बताया, एक मध्यस्थ के रूप में मैं यथासंभव किसी पक्ष की आलोचना न करने की कोशिश करता हूं, लेकिन पहले समझौते में कई समस्याएं और उल्लंघन हुए थे, जिससे हम पक्षों के बीच विश्वास जीतने की अनुम. ति नहीं दे सके और सौदे के दूसरे चरण को जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने पश्चिम एशिया के दौरे, जिसमें दोहा की यात्रा भी शामिल है के दौरान फलस्तीनी के पक्ष में बोलेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कुछ नहीं सुना, लेकिन यह अंतिम समाधान है। कतर शुरू से ही दो-राज्य समाधान में दृढ़ विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के साथ वार्ता के दौरान कई पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा और रक्षा हैं।

गौरतलब है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के साथ बैठक के बाद कहा था कि गाजा पट्टी में समझौते और बंधकों की रिहाई पर बातचीत जारी रखने के लिए 13 मई को कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा।

## अल जजीरा के संचालन पर हटा प्रतिबंध

**रामल्लाह।** फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अल जज़ीरा टीवी पर लगाए गए महीनों पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अब यह कतर आधारित मीडिया चैनल मंगलवार से फलस्तीनी क्षेत्रों में फिर से अपना संचालन शुरू कर सकेगा। यह घटना जनवरी में शुरू हुई जब फलस्तीनी प्राधिकरण ने अल जज़ीरा पर उकसावे और नागरिक शांति के लिए खतरे का आरोप लगाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब वेस्ट बैंक में अल जज़ीरा के ब्यूरो प्रमुख वालिद अल-ओमारी ने पुष्टि की है कि स्थानीय नियमों और मीडिया प्रोटोकॉल के तहत उनकी टीम फिर से काम शुरू करेगी। फलस्तीनी प्रशासन ने अल जज़ीरा पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। अलजजीरा पर प्रतिबंध के फैसले की आलोचना अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संगठनों और मानवा. धिकार संस्थाओं ने की थी, इसे प्रेस की आज़ादी पर हमला बताया गया था। बहरहाल, प्रतिबंध हटाने की कोई आधिकारिक वजह नही दी गई, लेकिन माना जा रहा है कि यह क्षेत्रीय मीडिया के साथ तनाव कम करने की कोशिश है।